TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्ष: 26 अंक 206
शुक्रवार 23 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 35°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# वक्फ संशोधन कानून पर फैसला सुरक्षित

## सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 22 मई।** चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने वक्फ संशोधन कानून पर तीन दिनों की मैराथन सुनवाई के बाद गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वक्फ संशोधन कानून में वक्फ करने के लिए 5 साल प्रैक्टिसिंग मुस्लिम के प्रावधान पर दलील रखी।

कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर वकील कपिल सिब्बल ने आपत्ति जताई कि किसी भी हिंदू धर्मस्थान की बंदोबस्ती में एक भी व्यक्ति गैर हिंदू नहीं है। अगर आप अन्य धार्मिक समुदाय को विशेषाधिकार दे रहे हैं, तो यहां क्यों नहीं।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वक्फ संशोधन कानून में वक्फ करने के लिए 5 साल प्रैक्टिसिंग मुस्लिम के प्रावधान पर दलील रखते हुए कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ में शादी, तलाक, वसीयत आदि के लिए खुद को मुस्लिम साबित करना होता है। इस

**न्यायादेश**
- कोर्ट ने याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा
- सिब्बल बोले- 200 साल पुराने कब्रिस्तान भी छिन जाएंगे
- सरकार अपनी गलती का फायदा नहीं उठा सकती

कानून में अंतर बस इतना है कि इसमें कम से कम पांच साल की समय सीमा तय की गई है। वक्फ करने के लिए 5 साल से इस्लाम प्रैक्टिस करने की शर्त रखी गई है।

मेहता ने आदिवासी इलाकों में बढ़ते वक्फ सम्पत्तियों को लेकर कहा कि अगर कोई आम आदमी आदिवासी इलाके में जमीन खरीदना चाहता है तो ऐसा नहीं कर सकता है, क्योंकि राज्य का कानून इसकी इजाजत नहीं देता। लेकिन अगर वही व्यक्ति वक्फ करना चाहे तो वक्फ करने के बाद



उसका संरक्षण करने वाला जो चाहे कर सकता है। यह व्यवस्था बहुत खतरनाक है जिसपर रोक लगाए जाने की जरूरत है।

मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपने एक फैसले में कह चुका है कि संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत वक्फ अपने आप में राज्य है। ऐसे में यह दलील नहीं दी जा सकती कि इसमें किसी एक सम्प्रदाय के लोग शामिल होंगे। वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में राजस्थान सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि वक्फ बाय यूजर इस्लाम का मुख्य अंग नहीं है। इससे पहले 21 मई को सुनवाई के दौरान तुषार मेहता ने कहा था कि वक्फ एक इस्लामिक अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। मेहता ने कहा था कि हमने वक्फ को लेकर 2023 में कुछ कमियों को नोटिस किया था। उसे दूर करने के लिए कानून लेकर आए। यहां कुछ याचिकाकर्ता आए हैं।

ये कुछ लोग मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। मेहता ने कहा था कि ये कानून संयुक्त संसदीय कमेटी की ओर से व्यापक विचार-विमर्श कर पारित किया गया। इससे पहले 20 मई को सुनवाई के दौरान वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि वक्फ काउंसिल्स में गैर-मुस्लिमों को सदस्य बनाना धर्मनिरपेक्षता नहीं है। हमारी आपत्ति भी यही है कि किसी भी हिंदू धर्म स्थान की बंदोबस्ती में एक भी व्यक्ति गैर हिंदू नहीं है।

अगर आप अन्य धार्मिक समुदाय को विशेषाधिकार दे रहे हैं तो यहां क्यों नहीं। सिब्बल ने कहा था कि अगर आप 14 राज्यों के वक्फ बोर्ड को देखें तो सभी सदस्य मनोनीत हैं, कोई चुनाव नहीं होता। जिस तरह शैक्षणिक संस्थानों को प्रबंधन का अधिकार है, ■ शेष पेज 11 पर

## प्रदेश में आंधी-बारिश से जनजीवन प्रभावित

- 19 मौतों के बाद सीएम योगी ने जारी किए दिशा-निर्देश
- चित्रकूट व अम्बेडकर नगर में बज्रपात से हुई जनहानि पर जताया शोक

**लखनऊ, 22 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें।

आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशु हानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारी सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में आगे की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। पूरे प्रदेश में बुधवार को बिगड़े मौसम ने कई लोगों की जान ले ली। कई लोग आंधी में पेड़ गिरने या टिन शेड की वजह से घायल हो गए। पश्चिम यूपी में सबसे ज्यादा प्रभाव दिल्ली से सटे जिलों में रहा। आंधी-बारिश से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई तो वहीं आम की फसल को नुकसान होने का अनुमान है। प्रदेश में अलग-अलग जिलों में कुल 19 लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट और अम्बेडकरनगर जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस आपदा में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### किश्तवाड़ मुठभेड़ में सेना का जवान बलिदान

**किश्तवाड़, 22 मई।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। इस दौरान आतंकी गोलीबारी में घायल हुए सेना के जवान ने अस्पताल में दम तोड़ दिया है। मारे गए आतंकियों के शव फिलहाल बरामद नहीं किए जा सके हैं।सेना की 2 पैरा एसएफ, सेना की 11आरआर, 7वीं असम राइफल्स और एसओजी किश्तवाड़ के जवानों ने आज सुबह सिंहपोरा चटरू गांव के शारी और मंड्राल ढोक इलाके के बीच तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही सुरक्षाबल संदिग्ध स्थल के पास पहुंचे तो मौके पर छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं।

### दिल्ली से ओडिशा गया व्यक्ति मिला कोरोना संक्रमित

**भुवनेश्वर, 22 मई।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में ढाई साल के बाद कोविड-19 का पहला मामला सामने आया है । दिल्ली से लोटने वाले एक व्यक्ति में कोरोना संक्रमण पाया गया है। कोरोना का नया मामला सामने आने के बाद राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आम नागरिकों से नहीं घबराने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया कि संक्रमित मरीज की स्थिति स्थिर है और फिलहाल किसी भी तरह की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की आयुक्त एवं सचिव अश्वत्थी एस. ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि फिलहाल हमारे पास कोई औपचारिक एडवाइजरी नहीं है । लेकिन हम स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में फैल रही वायरस की प्रभावशीलता कम है और लक्षण हल्के हैं, जिससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है।

### मॉडल एकता को पाकिस्तानी नंबर से आया संदिग्ध संदेश, आईबी और एनआईए जांच में जुटीं

**जौनपुर, 22 मई।** मॉडल एकता तिवारी को पाकिस्तानी नंबर से वाट्सएप पर संदिग्ध संदेश मिला है। एकता ने पहलगाम में पर्यटकों पर हमला करने वाले दो आतंकियों की पहचान की थी। गुरवार को एकता ने बताया कि बुधवार सुबह 8:27 बजे मोबाइल पर 92-3419798165 नंबर से 'हाय' लिखा संदेश आया। एकता ने आधे घंटे बाद 'हैलो' लिखकर जवाब दिया। नंबर का कंट्री कोड देखते ही उन्होंने एनआईए को सूचित किया। 13 अप्रैल को एकता 20 लोगों के समूह के साथ श्रीनगर गई थीं। वहां उनकी मुलाकात दो आतंकियों से हुई थी, जो घोड़े वाले के रूप में मिले थे। आतंकी हमले के बाद जारी स्कैच से एकता ने इन दोनों की पहचान की थी। एनआईए ने एकता को एक अधिकारी का नंबर दिया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने को कहा था। एकता की ओर से भेजे गए स्क्रीनशॉट के आधार पर एनआईए जांच कर रही है।

स्थानीय पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली है। आईबी और एनआईए पहले से ही एकता के संपर्क में हैं। दोनों एजेंसियों ने घटनाक्रम की जानकारी के साथ लोकेशन और संदिग्धों की फोटो मांगी थी।

## नदी में तीन बहनों सहित चार बच्चियों की डूब कर मौत

- जब तक ग्रामीणों ने निकाला बाहर तब तक थम चुकी थी सांसें
- सीएम ने जिला प्रशासन को हर संभव सहायता देने का दिया निर्देश

**प्रतापगढ़, 22 मई।** जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को सुबह बौखलाही नदी से मिट्टी निकालने गई पांच बच्चियों में से चार बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बच्चियों के शव नदी से निकाले और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया और जिला प्रशासन को हरसंभव सहायता देने का निर्देश दिया।

महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर की रहने वाली तीन सगी बहनें अपने पड़ोस की चचेरी बहन और एक अन्य बच्ची के साथ गुरुवार की सुबह करीब दस बजे बकुलाही नदी से चूल्हा व घर में लेपने के लिए मिट्टी निकालते के लिए गई थीं। नदी सेमिट्टी निकालते समय चार बच्चियां गहरे पानी में डूब गईं।

यह देखकर साथ एक बच्ची ने शोर मचाकर गांव वालों को सूचना दी। तब ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और नदी में डूबी स्वाति (13), संध्या (11) ■ शेष पेज 11 पर

## सपा नेता विनय शंकर तिवारी को मिली जमानत

**लखनऊ, 22 मई।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ की डबल बेंच ने गुरूवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा समाजवादी पार्टी के नेता विनय शंकर तिवारी की गिरफ्तारी मामले में सुनवाई की। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की ओर से 754 करोड़ रुपए हड़पने के मामले में जांच पड़ताल करने और इसके बाद गिरफ्तारी करने के संबंध में अपना पक्ष रखा गया। वहीं लखनऊ खण्डपीठ की डबल बेंच ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद विनय शंकर तिवारी को जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा विनय शंकर तिवारी के साथ में गिरफ्तार ? किये गये अजीत पाण्डेय को भी जमानत मिली है।

बताया जा रहा है कि सात अप्रैल 2025 को प्रवर्तन निदेशालय ने समाजवादी पार्टी के नेता विनय शंकर से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। पूरा मामला विनय शंकर तिवारी के फर्म गंगोत्री इंटरप्राइजेज के बैंक की 754 करोड़ रुपए की रकम हड़पने से जुड़ा हुआ है। विनय शंकर तिवारी के भाई कुशल तिवारी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने सिर्फ परेशान करने के लिए विनय शंकर की गिरफ्तारी की थी। जिस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने विनय को गिरफ्तार किया था, उससे संबंधित मामले में पहले ही एनसीएलटी एवं एनसीएएलटी ने विनय को क्लीन चिट दिया हुआ है। अभी हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से विनय शंकर को जमानत मिलने पर पूरे परिवार सहित सभी शुभचिंतकों को बेहद प्रसन्नता है।

## कुख्यात शूटर शिव शर्मा को एटीएस कोर्ट ने नहीं दी जमानत

**रांची, 22 मई।** एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को कुख्यात शूटर शिव शर्मा उर्फ शिवेंद्र को जमानत देने से इंकार कर दिया है। उसने रांची में रातू रोड फ्लाइओवर बना रही कंपनी केसीसी बिल्डकॉन से रंगदारी मांगने के केस में जमानत मांगी थी। एटीएस ने सुखदेवनगर थाना में आरोपित के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को टेकओवर करते हुए कांड संख्या 3/2024 दर्ज की थी। शिव शर्मा की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की।

प्राथमिकी के मुताबिक, शिव शर्मा ने रातू रोड फ्लाईओवर बना रही कंपनी केसीसी बिल्डकॉन के अधिकारी को जान मारने की नीयत से धमकी दी थी। सेटेलमेंट के रूप में उसने पांच प्रतिशत राशि की मांग की थी और राशि नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। शिव शर्मा उर्फ शिवेंद्र पर हत्या और रंगदारी सहित अन्य कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## विकास का ऐसा मॉडल अपनाएं जो आत्मघाती न हो

**लखनऊ, 22 मई (तरुणमित्र)।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जैव विविधता के महत्व को भारत से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता। किसी सनातन परिवार में मांगलिक कार्य की शुरूआत शांति पाठ से होती है। ये अपने लिए नहीं होता बल्कि पूरे संसार के कल्याण की कामना के साथ मांगलिक कार्य शुरू होता है। ये वेद की सूक्ति के साथ शुरू होता है। अगर मनुष्य को जीवित रहना है तो संसार के बारे में सोचना होगा।

वेदों में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके बेटे हैं। मुख्यमंत्री लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि जैव विविधता दिवस के आयोजन का उद्देश्य यही है कि प्रकृति को बचाते हुए सतत विकास को बचाया जाए। हमें विकास का ऐसा मॉडल अपनाना चाहिए जो कि आत्मघाती न हो। प्रकृति और पुरुष का

**बोले योगी**



- अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सीएम ने किया संबोधित

समन्वित रूप ही पर्यावरण है। प्राचीन काल में हर गांव में खलिहान की भूमि होती थी। लोग खेत में आग नहीं लगाते थे। पराली में आग नहीं लगाते थे। गांव में खाद का खड्ड होता था। कंपोस्ट के रूप में उसका इस्तेमाल होता था। हर गांव में तालाब था। उसे गंदा नहीं करते थे।

सुविधा के साथ खड्ड, खलिहान और गोचर जमीन पर कब्जा हो गया। तालाब के पानी को गंदा कर दिया गया। आज इंसेफेलाइटिस जैसे बीमारी हो गई। अपने लिए हमने बीमारी बुला ली। उन्होंने कहा कि क्या हर काम के लिए सरकार पर ही निर्भर रहना चाहिए। पहले कोई व्यक्ति गांव की जमीन पर कब्जा नहीं करते थे। लोग प्रकृति की आराधना करते थे।

ऋषि परम्परा में पीपल, बरगद, नीम और आम आदि में ईश्वर का वास बता दिया ताकि हम संरक्षण कर सकें। पहला ग्रास गाय और अंतिम ग्रास कुत्ते का निकाला जाता था। पहले घर में चींटी निकलती थी आता और चीनी डाल देते थे। चींटी चली जाती। आज स्प्रे छिड़क देते हैं। आज हमने विकास के नाम पर अपने लिए समस्या खड़ी कर दी है। ■ शेष पेज 11 पर

## राहुल ने दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों से किया संवाद

**नई दिल्ली, 22 मई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद किया। इस दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष रोनक खत्री भी मौजूद रहे। दिल्ली कांग्रेस ने एक्स पोस्ट में लिख, राहुल गांधी ने डॉ. भीम राव आंबेडकर के विचार "शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो को याद दिलाते हुए छात्रों को न्यायसंगत और समावेशी शैक्षणिक व्यवस्था के निर्माण की दिशा में प्रयास करने का आह्वान किया। छात्रों ने संवाद के दौरान जातीय भेदभाव, प्रशासनिक पदों पर वंचित वर्गों की कमी, बहुराष्ट्रीय कंपनियों में प्रतिनिधित्व की कमी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दे उनके संज्ञान में लाए।

डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री ने एक्स पोस्ट में बताया कि आज दिल्ली विश्वविद्यालय में राहुल गांधी ने छात्रों के साथ संवाद किया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों और विभागों के छात्रों ने भाग लिया।

# आतंक की कीमत चुकानी होगी: मोदी

## प्रधानमंत्री ने 103 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

- राजस्थान को बिजली परियोजना समेत कई दीं सौगातें
- गति एवं गौरव के प्रतीक हैं अमृत स्टेशन : योगी
- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से लिया हिस्सा

**नई दिल्ली, 22 मई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर से गुरुवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कड़े शब्दों में कहा कि अब उसका स्टेट और नॉन-स्टेट एक्टर का नाटक नहीं चलेगा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीधे युद्ध में भारत से नहीं जीत सकता, इसलिए उसने आतंकवाद को लड़ाई का हथियार बनाया है, लेकिन अब आतंकियों और उन्हें समर्थन देने वाली सरकार में कोई फर्क नहीं किया जाएगा।

हर आतंकी हमले की कीमत पाकिस्तान की सेना और अर्थव्यवस्था को चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश से बातचीत और व्यापार बंद रहेगा और सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) ही एकमात्र मुद्दा होगा




जिसपर कोई संवाद होगा। प्रधानमंत्री ने भारत के इस नए रूप को रौद्र रूप बताया और ■ शेष पेज 11 पर

### सीमा पर वीर सैनिकों को तत्काल मुहैया होगी आपातकालीन चिकित्सा

## पोर्टेबल अस्पताल 'भीष्म' करेगा घायल सैनिकों की देखरेख

■ साशा सौवीर

**नई दिल्ली, 22 मई।** भारत - पाकिस्तान के बीच बीते दिनों आतंकवादियों के खिलाफ पाक की सैन्य सीमा में घुसकर किया गया 'आपरेशन सिन्दूर' पड़ोसी देश की हठधर्मिता के चलते युद्ध की परिस्थिति में बदल गया। इस दौरान पूरी दुनिया ने भारत की जल-थल-नभ सेना की अपूर्व शक्ति देखी। इसी के बीच भारत ने सीमा पर घायल जवानों और आम नागरिकों के लिए युद्ध जैसी परिस्थिति में इलाज की सबसे बड़ी चुनौती का हल भी निकाल लिया है जो युद्ध में घायल सैनिकों के समय पर इलाज में बेहद कारगर होगा।

दरअसल यह है पहियों पर चलता फिरता पोर्टेबल अस्पताल भीष्म। इसका पूरा नाम भारत हेल्थ इनीशियेटिव फॉर सहयोग

**सुविधा**
- जरूरत पड़ने पर भारत के मित्र देशों को भी मिलेंगी भीष्म की सुविधा
- एआई सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा भीष्म
- दुर्गम इलाकों और सर्दी, गर्मी, बारिश में काम करने में सक्षम

है। भीष्म अस्पताल आपातकाल में मित्र राष्ट्रों और देशवासियों को भी तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करेगा। यह पूर्णतः भारत में विकसित किया गया पोर्टेबल अस्पताल है, जो युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं या किसी भी आपात स्थिति में तत्काल इलाज के लिए तैयार किया गया है।

भीष्म क्यूब को भारत सरकार की 'आरोग्य मैत्री' परियोजना के अंतर्गत विकसित किया गया है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2023 में वैश्विक दक्षिण सम्मेलन के दौरान किया था परन्तु अब इसे एआई सहित विभिन्न नये वैज्ञानिक संसाधनों से लैस किया गया है।

भीष्म की सेवा जरुरत पड़ने पर मित्र देशों को भी उपलब्ध होगी। यह चलता-फिरता अस्पताल कुल 36 बक्सों में पैक होता है, जिन्हें एक मास्टर क्यूब में संगठित किया गया है। इस मास्टर क्यूब का वजन लगभग 720 किलोग्राम होता है। इसे ड्रोन, पैराशूट या हेलिकॉप्टर की मदद से दूरस्थ और कठिन इलाकों तक आसानी से पहुँचाया जा सकता है। ■ शेष पेज 11 पर

## दुनिया आतंकवाद से लड़ने को भारत के साथ आए

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी पर बोला विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, 22 मई।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी समेत तमाम मुद्दों पर जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम आतंकवाद से लड़ने के अपने संकल्प को दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आए।

उन्होंने कहा कि हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं। पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से भारत के खिलाफ आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। उसके कार्यों को उजागर करने की आवश्यकता है। उसे भारत के खिलाफ किए गए आतंकी हमलों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इसलिए सात प्रतिनिधिमंडल बनाए गए हैं। तीन प्रतिनिधिमंडल रवाना हो चुके हैं। यह एक राजनीतिक मिशन है। चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता पर उन्होंने कहा कि हमने कुछ रिपोर्ट देखी हैं। मुझे इसके अलावा और कुछ नहीं कहना है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री के साथ बातचीत पर हमने जानकारी दी थी। विदेश मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री को धन्यवाद दिया।

# पहली बारिश का इम्तिहान नहीं पास कर सकी निर्माणाधीन पुलिया

## तीन माह पहले बनी थी गंगागंज से अचलेश्वर जाने वाला मार्ग





**रायबरेली, 22 मई (तरुणमित्र)।** हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र में गंगागंज से अचलेश्वर जाने वाले मार्ग पर अजमतउल्लागंज ग्राम सभा में लोक निर्माण विभाग द्वारा तीन माह पूर्व बनाई गई डामरीकृत सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बुधवार रात को हुई तेज बारिश ने इस सड़क पर निर्माणाधीन पुलिया की पोल खोल दी, जब यह पहली ही बारिश में बह गई।

इस घटना ने स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है, और उन्होंने पीडब्ल्यूडी की लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। बता दें कि गंगागंज से अजमतउल्लागंज तक का यह मार्ग स्थानीय ग्रामीणों के लिए आवागमन का प्रमुख रास्ता है। इस सड़क का उपयोग न केवल दैनिक आवागमन के लिए होता है, बल्कि स्कूली बच्चे, किसान, और व्यापारी भी इस पर निर्भर हैं। तीन माह पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया गया था, जिसे लेकर ग्रामीणों में उम्मीद जगी थी कि अब उनकी आवागमन की समस्या हल हो जाएगी। लेकिन बुधवार रात की पहली ही बारिश ने निर्माणाधीन पुलिया ने लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बारिश के कारण सड़क पर बनी पुलिया के बह जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**ग्रामीणों में आक्रोश, भ्रष्टाचार के आरोप**

स्थानीय निवासियों ने इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर गुणवत्ताहीन निर्माण का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण यह पहली बारिश में ही क्षतिग्रस्त हो गई। अजमतउल्लागंज के निवासी विश्वनाथ ने कहा हमने सोचा था कि नई सड़क बनने से हमारी जिंदगी आसान हो जाएगी, लेकिन पीडब्ल्यूडी ने हम ग्रामीणों के साथ धोखा किया। यह सड़क तो कागजों में ही बनी थी, हकीकत में यह बारिश का इम्तिहान भी नहीं पास कर सकी।

एक अन्य ग्रामीण, संजय यादव ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा निर्माण में भारी धांधली हुई है। ठेकेदार और अधिकारियों ने मिलकर जनता के पैसे को लूटा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और ढहऊ से इस मामले की जांच कराने और दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# एएसपी का स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन



**प्रतापगढ़, 22 मई (तरुणमित्र)।** गुरवार को रिजर्व पुलिस लाइन प्रतापगढ़ स्थित सई काम्पलेक्स में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के साथ अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी संजय राय, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, पुलिस विभाग के अधि./कर्म., पत्रकार बन्धु व जनपद के समस्त सम्मानित नागरिकगण उपस्थित रहे। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, जनसेवा की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुए, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी शुभकामनाएं दीं। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह ने भी अपने संबोधन में सहयोगियों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह क्षेत्र हमेशा उनके दिल में विशेष स्थान रखेगा।

कार्यक्रम का समापन स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं सभी उपस्थितजनों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी संजय राय, क्षेत्राधिकारी नगर शिवनारायण वैस, क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी, क्षेत्राधिकारी अमर नाथ गुप्ता, उत्प्र राजू उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक सोमदत्त शुक्ला एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसपीएस त्रिपुला के छात्रों ने किया आनंदी वाटर पार्क का भ्रमण

**रायबरेली, 22 मई (तरुणमित्र)।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला के विद्यार्थियों को लखनऊ स्थित आनंदी वाटर पार्क का भ्रमण कराया गया। वाटर पार्क में बच्चों ने जमकर मस्ती की और खूब आनंद उठाया साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रकार की वाटर स्लाइडों एवं झूलों का आनंद लिया, इस दौरान उन्होंने मौज-मस्ती के साथ-साथ केयरिंग और शेयरिंग का सबक भी सीखा। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को प्रेरणादायक, रोमांचकारी और अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि आज का दिन उनके लिए यादगार रहा। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को शैक्षिक और व्यावहारिक भ्रमण कराये जाते हैं। जिसके माध्यम से उन्हें स्कूल से इतर जानकारियां प्राप्त होती हैं साथ ही खेल व अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग करने से उनका सर्वांगीण विकास होता है । बच्चों में मनोरंजन के अलावा जोश व उमंग भर देने वाला यह स्वच्छंद भ्रमण उनके मन को सुखद अनुभव और ज्ञान प्रदान करने वाला रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के साथ उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, कामरान, पिंकी जायसवाल, महेंद्र, सविता मिश्रा, अशोक कुमार, नीतू, अली इमाम, आदि शिक्षक मौजूद रहे।



### जमीन के लालच में दो सगे भाई बने अपने भाई के दुश्मन, खिलाया विषाक्त पदार्थ

**अमेठी, 22 मई (तरुणमित्र)।** जमीन के लालच में दो सगे भाई अपने ही भाई के जान का दुश्मन बन गए। दोनों भाइयों ने अपने भाई को मारने की नीयत से विषाक्त पदार्थ खिला दिया। गंभीर हालत में परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां से स्थिति नाजुक देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के चतुर्भुजपुर गांव का है जहाँ के रहने वाले सुरेश नारायण समेत उनके भाइयो में पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। सुरेश नारायण और राम नारायण एक साथ रहते है जबकि शेष नारायण और दिनेश नारायण एक साथ रहते है। भाई राम नारायण का आरोप है कि जमीन के विवाद में शेष नारायण और दिनेश नारायण ने अपने ही सगे भाई सुरेश नारायण को जमीनी विवाद में सल्फास खिला दिया। गंभीर रूप से घायल सुरेश नारायण को उनके भाई और बहू जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहाँ हालत नाजुक देख प्राथमिक इलाज के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया है। सुरेश नारायण के भाई राम नारायण ने कहा कि भाइयो में जमीन के बंटवारे का मुकदमा चल रहा है। आज सुबह मैं सुल्तानपुर जाने के लिए निकला तो भाई से मिलने के लिए उनके घर गया तो मेरे दो भाइयों ने सुरेश नारायण को सल्फास खिलाकर भागने लगे। हम लोग इन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुँचे जहां से लखनऊ के लिए रिफर किया गया है।वही पूरे मामले पर अमेठी एसएचओ रवि सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में है। दोनो के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मामले में पहले ही शांति भंग के आरोप में पाबन्द किया जा चुका है। जांच में जहर खिलाने के आरोप गलत मिला है। अभी कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 298 जोड़े शादी के बन्धन में बधें

**कौशाम्बी, 22 मई (तरुणमित्र)।** जिले में जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित उप्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विधानसभा सिराथू एवं विधानसभा चायल क्षेत्र के अन्तर्गत निवास करने वाले व्यक्तियों के पुत्रियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज भवन्स मेहता विद्याश्रम, भरवारी में सम्पन्न हुआ। उन्हांने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल-298 जोड़ां का विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी कविता पासी तथा मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित होकर सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए नव विवाहित जोड़ों को शुभकॉमनायें दिया।




# ओवरब्रिज के पास माइनर में मिला अज्ञात युवक का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमेठी, 22 मई (तरुणमित्र)।** जनपद के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में सुबह चौराहे के नजदीक ओवरब्रिज के पास माइनर में अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव देखते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही स्थनीय पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज मृतक की पहचान कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रायबरेली रोड स्थित श्री रामगंज चौराहे के नजदीक ओवरब्रिज के पास पास स्थित छोटी माइनर का है जहाँ आज सुबह माइनर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थनीय लोगों ने शव देखते ही तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी।सूचना मिलते ही जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेंद्र यादव दलबल के साथ मौके पर पहुँचे और शव को माइनर से निकलवाकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद लोगों से मृतक की शिनाख्त करवाने की कोशिश की गई लेकिन सफलता नही मिली।

पुलिस अब सोशल। मीडिया समेत अन्य माध्यमों से मृतक की पहचान करवाने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। पूरे मामले पर जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेंद्र यादव ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की शिनाख्त करवाने की कोशिश की जा रही है।

# श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ समर कैंप



**रायबरेली, 22 मई (तरुणमित्र)।** श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों ने समर कैंप में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सभी बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन विद्यालय प्रबंधन की तरफ से किया गया जिसमें बच्चों को स्विमिंग कॉस्ट्यूम में विद्यालय आना था जहां बच्चों के लिए स्विमिंग पूल के साथ-साथ फ्रूट चाट प्राकृतिक पेय पदार्थ, आईसक्रीम, स्वीमिंगपूल, रेन डांस, म्यूजिक आदि की व्यवस्था की गई थी।

विद्यालय के प्रबंधक श्री पुष्पेंद्र सिंह गांधी ने बताया कि विद्यालय समय-समय पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता रहता जिससे उनकी पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास में भी सहायता मिले विद्यालय की प्रधानाचार्य इं आस्था ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है आज के कार्यक्रम में बच्चों ने पूल पार्टी का खूब आनंद लिया व गानों की धुनों पर थिरकते रखते हुए स्विमिंग पूल में स्नान का आनंद लिया।

उन्होंने बताया कि बच्चों को पेय पदार्थ में कोल्ड ड्रिंक के स्थान पर प्राकृतिक पेय पदार्थ की व्यवस्था की गई है व इस बात पर जोर दिया कि कोल्ड ड्रिंक के स्थान पर प्राकृतिक पर पदार्थ पीने से बच्चों की सेहत अच्छी रहती है उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चे मोबाइल इत्यादि खेलने से दूर रहते हैं विद्यालय के उप प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम को करने के लिए अध्यापकों ने बहुत मेहनत करी है।

जिसमें उन्होंने विद्यालय के कर्मचारियों की सहायता से स्विमिंग पूल के साथ-साथ फ्रूट चाट प्राकृतिक पेय पदार्थ आईसक्रीम इत्यादि की व्यवस्था भी बच्चों के लिए बड़ी मेहनत से की है इस कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ प्रतिभाग किया व बच्चे बहुत ही ज्यादा खुश नजर आए इस अवसर पर विद्यालय की पीआरओ आराधना मिश्र कोऑर्डिनेटर आयुषी दुबे राघवेंद्र सिंह रेखा सिंह समेत समस्त अध्यापक मनजीत कौर उर्मिला सिंह वर्षा सिंह आकांक्षा सिंह नीतू सिंह आदि मौजूद रहे।

# जंगलों की सुरक्षा व जैव विविधता संरक्षण को हरित विकास जरूरी : अजय

**प्रतापगढ़, 22 मई (तरुणमित्र)।** गुरुवार को विश्व जैव विविधता दिवस पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के निर्देश पर पर्यावरण सेना के वरिष्ठ पर्यावरण सैनिक रवि प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में संसारपुर गांव में 'जैव विविधता एवं सतत विकास' विषयक संगोष्ठी का आयोजन कर जंगलों की सुरक्षा एवं जैव विविधता संरक्षण हेतु जागरूक किया गया।

लोगों ने माना कि धरती पर पेड़-पौधे लगाकर जंगलों को बचाने और हरियाली बढ़ाने से ही धरती पर जैव विविधता कायम रह सकती है। इस मौके पर लोगों को पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी द्वारा प्रेषित जैव विविधता जागरूकता संदेश को पढ़कर लोगों को सुनाया और पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया।

पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के संदेश में कहा गया कि हमें अपनी धरती के श्रृंगार को बनाए रखने के साथ ही अपने प्रयासों से वृक्षारोपण कर हरियाली को बढ़ाना होगा। इसके साथ ही वृक्षों की प्रजातियों को बचाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति से सामंजस्य बनाए रखते हुए सतत विकास के लिए हरित विकास की ओर आगे बढ़ना है। वरिष्ठ पर्यावरण सैनिक रवि प्रकाश मिश्र ने कहा कि हम त्वरित विकास के चक्कर में जंगलों को नष्ट करते हुए जीव जंतुओं के आवास का विनाश कर रहे हैं।

जिससे धरती की जैव विविधता खतरे में है और कई प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। उपस्थित सभी लोगों ने जैव विविधता संरक्षण हेतु अपनी नई पीढ़ियों को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस मौके पर आपदा मित्र नमन कुमार तिवारी, सुनील कुमार, जैम मिश्रा, अरविंद कुमार, रवि शंकर और संगीता देवी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जिला कृषि अधिकारी ने 7 बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़, 22 मई (तरुणमित्र)।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने द्वारा 20 मई को खरीफ-2025 में कृषकों को गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराने हेतु कुण्डा क्षेत्र के 7 बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा मौर्या बीज भण्डार कुण्डा के बीज प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में स्टॉक एवं वितरण पंजिका एवं कैश मेमो उपयोग नहीं किया जा रहा था जिसके लिए इनको कारण बताओं नोटिस जारी किया गया तथा उपलब्ध स्टॉक से अलग-अलग प्रजातियों के चार नमूने ग्रहीत किए गये है। राजेश सीड् एण्ड पेस्टीसाइड कुण्डा के बीज प्रतिष्ठान के निरीक्षण में स्टॉक एवं वितरण पंजिका एवं कैश मेमो उपयोग नहीं किया जा रहा था जिसके लिए इनको कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो की हुई समीक्षा बैठक

**सुलतानपुर, 22 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। उक्त समीक्षा के दौरान धारा-24, धारा-34, धारा-67, धारा-116, निर्विवाद उत्तराधिकार, खतौनी अंश निर्धारण, स्वामित्व योजना, दैवीय आपदा से सम्बन्धित, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना आदि के अन्तर्गत वादों के निस्तारण की स्थिति तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गयी।

समीक्षा बैठक में समस्त एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा धारा-24 के अन्तर्गत वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा के दौरान सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। 01.05.2025 से 20.05.2025 तक 367 के सापेक्ष 295 वादों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर लंबित वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा धारा-34 के अन्तर्गत वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा के दौरान समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लंबित वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सभी तहसीलों में दिनांक 01.05.2025 तक लंबित वादों की संख्या-7460 है। माह मई, 2025 में निस्तारण हेतु लक्ष्य-4200 है।

# कोविड को लेकर स्वास्थ्य विभाग एलर्ट

**अमेठी, 22 मई (तरुणमित्र)।** कोविड के बढ़ते मामले के बाद अमेठी का स्वास्थ्य महकमा भी एलर्ट मोड में आ गया है। कोविड मरीजो को तत्काल इलाज मुहैया करवाया जा सके इसके लिए जिला अस्पताल में 10 बेड को आरक्षित किया गया है जबकि सभी सीएचसी पर पांच बेड आरक्षित किये है। फिलहाल जिले में कोविड का कोई भी मरीज नहीं है।

दरअसल पिछले कुछ दिनों से देश के अलग अलग राज्यो में कोविड मरीज सामने आ रहे है जिस कारण कोविड मरीजो का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिले का स्वास्थ्य विभाग भी एलर्ट मोड में आ गया है।

पॉजिटिव मरीजो को तत्काल इलाज मुहैया करवाया जा सके इसके लिए जिला अस्पताल में 10 बेड आरक्षित किये है जबकि सभी सीएचसी पर पांच बेड को आरक्षित कियाया गया है। पूरे मामले पर सीएमओ अंशुमान सिंह ने कहा कि जिले में अभी कोविड का कोई भी मरीज नही है। एतिहात के तौर पर जिला अस्पताल में 10 बेड और सीएचसी में पांच बेड को आरक्षित किया गया है। हमारे यहां पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन सिलेंडर मौजूद है। पैनिक होने की कोई आवश्यकता नही है।

# दहेज हत्या में पति सहित सास ससुर को 10 वर्ष का कारावास

**रायबरेली, 22 मई (तरुणमित्र)।** शासन द्वारा चलाए गए आपरेशन कनविक्शन के तहत अपर सत्र न्यायाधीश एफ टी सी प्रथम अभिषेक सिन्हा ने दहेज हत्या के मामले मे पति सहित सास एवं ससुर को 10 वर्ष का कारावास की सजा से दंडित करते हुए प्रत्येक पर 5 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया। अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाले सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि मुकदमा अपराध सख्या 150/17 थाना डलमऊ मे वादी मुकदमा गुरु प्रसाद द्वारा अपनी पुत्री सुषमा की दहेज हत्या 20 जून 2017 को सूचना मिली विवाह उपरांत पति सतीश कुमार, ससुर सुखराम,सास रामदुलारी तथा ननद पुत्री सुखराम अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे और हत्या कर दी।

# डीएम ने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल सेम्भुई का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**अमेठी, 22 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने गुरुवार को विकासखंड गौरीगंज के अंतर्गत संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल, सेम्भुई का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, उनके आहार, चिकित्सा और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में संरक्षित 140 गोवंशों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कुछ गोवंशों की ईयर टैगिंग नहीं की गई है, जिस पर उन्होंने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीमार गोवंशों के उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वर्तमान में एक गोवंश बीमार है, और पशु चिकित्सक समय-समय पर आकर आवश्यक चिकित्सा सेवा प्रदान करते हैं। हरे चारे की उपलब्धता के संबंध में जानकारी देते हुए केयरटेकर ने बताया कि कुछ दिनों से हरा चारा उपलब्ध नहीं हो पाया है। हालांकि, गौशाला में 350 कुंतल भूसा तथा 45 बोरी पशु आहार वर्तमान में उपलब्ध है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गोवंशों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में भूसा एवं पशु आहार उपलब्ध कराया जाए और हरे चारे की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा/भूसा रजिस्टर एवं केयरटेकर के भुगतान की स्थिति का भी अवलोकन किया और सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि सभी गोवंशों की समुचित देखभाल की जाए, विशेष रूप से कमजोर और बीमार गोवंशों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने गौशाला परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को बेहतर बनाए रखने हेतु भी आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

# राजकीय आर्युवेद कॉलेज हंडिया में एक रुपये में हो रहा गठिया का इलाज




**प्रयागराज, 22 मई (तरुणमित्र)।** आर्थराइटिस यानी गठिया जैसी बीमारी से सिर्फ बुजुर्ग ही नही बल्कि अब युवा भी इसकी जद में आ रहे हैं। यही वजह है कि प्रदेश के 8 आयुर्वेद कॉलेज में विशेष स्थान रखने वाले राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज हंडिया में गठिया उपचार केन्द्र एवं एडवांस्ड रिसर्च सेंटर बनाया गया है जहाँ ओपीडी में आने वाले मरीजों को महज एक रुपये में परामर्श, दवा और इलाज उयलब्ध कराया जा रहा है।

प्रधानाचार्य प्रो.विजय प्रकाश भारती ने बताया कि आयुष मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बड़ा बढ़ावा दिया है। स्वस्थ, समृद्ध और विकसित भारत के संकल्प के साथ नेशनल आयुष मिशन हर गाँव हर घर को सुलभ एवं गुणवत्तपूर्ण आयुष स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। इसी कड़ी में आयुर्वेदिक कॉलेज में गठिया केन्द्र एवं पंचकर्म विभाग अपनी प्रभावी चिकित्सा सेवाओं से जटिल, जीर्ण, कष्टसाध्य रोगों में त्वरित राहत प्रदान कर रहा है। इसी के चलते स्थानीय रोगियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में दूर दूर से रोगी यहां उपचार करवाने पहुंच रहे हैं।

गठिया उपचार केंद्र में दिसंबर 2024 से अब तक 875 रोगियों का इलाज किया गया है जबकि पंचकर्म द्वारा जनवरी 2024 से अब तक 7000 से अधिक रोगियों का इलाज किया गया है। उप अधीक्षिका डॉ. प्रियंका सिंह ने बताया कि गठिया 50 से अधिक की उम्र में होने वाली बेहद आम बीमारी है। यह जोड़ों में दर्द, अकड़न और सूजन के कारण होती है। गठिया कई तरीके की होती है। इसके होने की वजह अलग-अलग होती है।यह शरीर की किसी भी जोड़ को प्रभावित करती है, जिसमें हाथ और कलाई घुटना, पैर टखना, कंधा पीठ का निचला हिस्सा शामिल होता है। गठिया में सबसे ज्यादा जोड़ों में दर्द, सूजन, लालिमा होती है।

# मंत्री व विधायक के मध्य प्रधानों के उत्पीड़न की होड़ : इं. वीरेन्द्र

**रायबरेली, 22 मई (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी की विधानसभा क्षेत्र ऊँचाहार के ब्लॉक जगतपुर के बूथ प्रभारियों,सेक्टर प्रभारियों की बैठक स्थानीय विद्यालय में आयोजित की गयी बैठक में उपस्थित बूथ प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं वीरेंद्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में पिछड़े, दलितों एवं अल्पसंख्यकों ने एकजुटता के साथ अपने हक व अधिकार के लिए अनवरत संघर्ष किया जा रहा है विगत लोकसभा के चुनाव में रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश में पीडीए की मदद से बीजेपी को हराने का कार्य हुआ है आगामी विधानसभा चुनाव में भी बूथ के कार्यकर्ताओं व पीडीए के बल पर उँचाहार में समाजवादी पार्टी ही जीतेगी।



ऊँचाहार विधानसभा क्षेत्र में विगत एक वर्ष से सरकार के दबाव में आमजनों का उत्पीड़न शोषण बढ़ा है सपा समर्थक ग्राम प्रधानों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के उत्पीड़न की होड़ बीजेपी सरकार के मंत्री एवं विधायक के मध्य चल रही है।

समाजवादी पार्टी की अखिलेश यादव के नेतृत्व की सरकार में ऊँचाहार विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ था परन्तु दुर्भाग्य से बीजेपी की आठ वर्ष की योगी सरकार ने इस क्षेत्र के विकास कार्यों को अवरुद्ध कर दिया है। उन्होंने कहा बूथ प्रभारी अपने संबंधित बूथों पर मतदाता सूचियों का अवलोकन कर मतदाता सूचियों में संशोधन के लिए कार्य करें साथ ही स्नातक विधानपरिषद के चुनाव हेतु बूथों पर स्नातक मतदाता बनायें। आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी के बूथ के कार्यकताओं का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक मतों से सपा को जिताना होगा।

जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्या ने बूथ सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि बूथों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को पूर्ण ज़िम्मेदारी एवं निष्ठापूर्वक सभी को एकजुट करना है। समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं बीजेपी सरकार द्वारा किसानों, मजदूरों, छात्रों, युवाओं को दिये जा रहे धोखा एवं दुःख को आमजनों में बताना है। सम्मेलन को जिला सचिव मो. मुशीर, विधानसभा अध्यक्ष जगदेव यादव, शुभम लोहिया, ब्लॉक अध्यक्ष हशनैन अहमद, रेहान काजियाना, रामशरण प्रधान, बरकत अली, महेश यादव, महेंद्र सोनकर,संजय यादव, हरीश यादव, राजकुमार आदि ने बूथ पर मजबूत संगठन पर सुझाव एवं विचार व्यक्त किया।

## सीडीओ से मिले शिक्षक, सौंपी किताब

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय सर( आई ए एस) से गुरुवार को शिक्षक ने मुलाकात की। शिक्षक विनीत श्रीवास्तव ने को आईसीटी की पाठशाला की पुस्तक भेंट किया और स्वयं द्वारा संकलित आईसीटी की पाठशाला की प्रोफाइल बुकलेट साझा किया। मुलाकात के दौरान सीडीओ ने क्लासरूम में आईसीटी के प्रयोग को अति आवश्यक बताया तथा कहा कि बच्चों को सुचारू रूप से शिक्षण तभी संभव है जब उसकी पूर्व योजना निश्चित हो। इस अवसर पर विनीत श्रीवास्तव को राज्य स्तरीय आईसीटी की प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र और प्रीति सक्सेना को राज्य स्तरीय आदर्श लेसन प्लान निर्माण प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र मिलने पर सीडीओ ने बहुत प्रसन्नता व्यक्त की। विनीत श्रीवास्तव ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों में डिजिटल लिटरेसी को बहुत महत्व दिया गया है। प्रीति सक्सेना ने कक्षा शिक्षण के पूर्व पाठ के हिसाब से एक मानक पर आधारित लेसन प्लान को बनाकर ही शिक्षण करने को सार्थक बताया।

# मोटर दुर्घटना पीड़ितों व श्रमिकों को समय से मुआवजा न देने पर प्रशासन सख्त

## तीन इंश्योरेंस कंपनियों की संपत्तियां कुर्क, करोड़ों की हुई वसूली

**शाहजहांपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के सख्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद प्रशासन ने एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। उप जिलाधिकारी सदर संजय पांडे के आदेशानुसार, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त/सहायक श्रम आयुक्त के न्यायादेशों के बावजूद लंबे समय से लंबित धनराशि जमा न करने पर तीन प्रमुख बीमा कंपनियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है।

इस कार्यवाही के अंतर्गत यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सदर बाजार, शाहजहांपुर का बैंक खाता सीज कर बकाया रु. 48,21,374 की वसूली की गई। कंपनी द्वारा लगातार आदेशों की अवहेलना किए जाने के बाद प्रशासन ने यह कठोर कदम उठाया। वहीं, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सदर बाजार, शाहजहांपुर पर रु. 1,11,54,002 की बकाया राशि न जमा करने पर चल संपत्ति कुर्क कर कार्यालय को सीज कर दिया गया। इस सख्त कार्रवाई के बाद कंपनी ने रु. 84,90,092 तत्काल जमा किए, और शेष बकाया जमा करने हेतु एक सप्ताह का समय मांगा है, जिस पर विचाराधीन निर्णय लिया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, सदर बाजार, शाहजहांपुर द्वारा रु. 74,04,120 की बकाया राशि जमा न करने पर उनकी चल संपत्ति को कुर्क करते हुए कार्यालय को सील कर दिया गया। शाखा प्रबंधक द्वारा समस्त बकाया भुगतान हेतु एक माह का समय मांगा गया है और साथ ही कार्यालय का ताला खोलने हेतु अनुरोध किया गया है। इस मामले में प्रशासन की तत्परता और सख्त रवैया साफ दर्शाता है कि जिला प्रशासन कानून की अवहेलना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। मोटर दुर्घटना पीड़ितों और श्रमिकों को समय से न्याय व मुआवजा दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें बाधा उत्पन्न करने वाले किसी भी संस्था या कंपनी के खिलाफ इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। यह कार्रवाई न केवल चेतावनी है, बल्कि एक उदाहरण भी है कि न्यायिक आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ अब सख्त और परिणामदायक कदम उठाए जाएंगे।

## व्यापारियों ने किया पुलिस कप्तान का घेराव

**शाहजहांपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** गोविंद गंज में हुई चोरियों से व्यापारियों में दहशत है। गोविंद गंज के व्यापारियों ने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष/जिला अध्यक्ष को साथ लेकर पुलिस कप्तान का किया घेराव किया।

ज्ञात हो दिनांक 17 तारीख को गोविन्द गंज के गुरुशरण सिंह की मोंगा कलेक्शन और सरदार प्रेम सिंह नरूला की क्नाम की दुकान पर चोरों ने हजारों रुपए के कीमती कपड़े चुरा लिए इसकी सूचना थाना सदर बाजार में दी गई और 18 तारीख को केश दर्ज हुआ अभी तक कोई ठोस कार्यवाही न होने पर व्यापारियों ने इसकी सूचना बीजेपी नेता/जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के किशोर कुमार गुप्ता को दी फिर आज गोविन्द गंज के हर दुकान से 1 व्यापारी पुलिस अधीक्षक से किशोर कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मिला और किशोर कुमार गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि चोर का फोटो है और चोरी करते हुए वीडियो भी है सारे सबूत मौजूद है फिर भी कार्यवाही नहीं हो रही है और चोर को पकड़ा नहीं गया। इस पर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी थाना सदर बाजार को आदेश दिया कि फौरन सबूत देख कर कार्यवाही करे और चोर और उसके गैंग को पकड़ कर माल जब्त करे और पिकेट पर कौन सा सिपाही था ये बताए इस पर कार्यवाही होगी। इस अवसर पर गोविन्द गंज के प्रेम सिंह नरूला, राज गारमेंट के सोनू गुरु शरण सिंह, जितेंद्र सिंह मोंगा अनिकेत गुप्ता, परमजीत सिंह, राजा मोंगा, गगन दीप सिंह मोंगा, राम चंद्र, हर्ष, सोनू अरोरा, नरेंद्र मिड्ढा, प्रेम नरेश, लैविश होरा, अमर दीप सिंह, राजीव सिंह, प्रभुईट सिंग अंकित गुप्ता सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित थे।

## जिला मंत्री की संयोजकत्व में गोपामऊ विधानसभा में निकली तिरंगा यात्रा



**हरदोई, 22 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे तिरंगा यात्रा को गोपामऊ विधानसभा में जिला मंत्री भाजपा अविनाश पांडे के नेतृत्व में निकाली गई।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कर रहे जिला मंत्री भाजपा अविनाश पांडे ने तिरंगा यात्रा पर जोश भरते हुए कहा, हमारे सैनिकों ने पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को तहस-नहस कर दिया है मां बहनों के सिंदूर का बदला ले लिया है ,इसमें वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों का हम सब लोग श्रद्धा भाव से नमन करते हैं। तिरंगा रैली के यात्रा में भारत माता की जय के नारों से रैली जोश दिखाई पड़ा यात्रा में प्रमुख रूप से टड़ियावां ब्लाक प्रमुख रवि प्रकाश, अध्यक्ष व ली मोहम्मद गोपामऊ, मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, टड़ियावां मंडल अध्यक्ष अम्बरीष द्विवेदी, भड़ायल मंडल अध्यक्ष अनिल पाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरताज गुड्डू, अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री रमेश चंद्र, विधायक प्रतिनिधि अनुपम मिश्रा, पंकज सिंह टेनी प्रधान नीरज पांडेय, आलोक गुप्ता, गौरव यादव, नरेंद्र शर्मा, संतोष सैनी सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समाज के लोगों की भागीदारी रही।

## मां-बेटे की क्रूरता: सगे बेटे को जंजीरों से बांधा, शिकायत करने पर ग्रामीण पर हमला

**हरदोई,बिलग्राम, 22 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के गदुआपुर गांव में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां मां और बेटे ने मिलकर अपने सगे बेटे को जंजीरों से बांधकर प्रताड़ित किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया।गांव के निवासी सत्यनारायण पुत्र सत्यपाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि ऋषिकांत और उसकी मां ने अपने सगे बेटे कृष्णकांत को घर में जंजीरों से बांधकर रखा है और उसे प्रताड़ित करते हैं। इसके अलावा, ऋषिकांत रोजाना शराब पीकर मोहल्ले वालों को गाली-गलौज करता है। बुधवार को ऋषिकांत ने शराब के नशे में सत्यनारायण को गाली दी और विरोध करने पर उनके घर पर ईंट-पत्थर फेंके। जब सत्यनारायण ने उसे समझाने की कोशिश की, तो ऋषिकांत ने उनके हाथ पर काट लिया, और उसकी मां ने डंडे से हमला कर दिया। सत्यनारायण ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ऋषिकांत को नशे की हालत में पाया और उसे साथ ले जाने से मना कर दिया। सत्यनारायण ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर के तहत निकली भव्य तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति के नारे

**पाली/हरदोई, 22 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के समर्थन में नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा माँ भारती के वीरों के शौर्य को नमन करते हुए देशप्रेम का सशक्त संदेश लेकर नगर की सड़कों से गुजरी।



तिरंगा यात्रा का शुभारंभ माता पंथवारी देवी मंदिर से हुआ और यह थाना चौराहा, मंजेश सिंह बुक डिपो, ग्रामीण बैंक तिराहा, रघुवंशी चौराहा होते हुए माता काली मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम', और 'जय हिंद' जैसे नारों से नगर की फिजा को देशभक्ति से भर दिया।

इस तिरंगा यात्रा ने न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर के प्रति समर्थन और सम्मान को दशार्या, बल्कि नगरवासियों में राष्ट्रभक्ति और एकजुटता की भावना को भी प्रबल किया। यात्रा को सफल बनाने में भाजपा कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कार्यक्रम के समापन पर सभी ने माँ भारती के चरणों में नमन कर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा हेतु संकल्प लिया।

कार्यक्रम में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष शिवम तिवारी, मंडल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज मिश्र, आशुतोष मिश्र, कुलदीप मिश्रा, श्रीपाल कश्यप, राजन शुक्ल, रामबाबू शुक्ल, राजवीर कुशवाहा, अनूप बाजपेई, बाबू बाजपेई, कुँवर बहादुर मिश्र, पवन अवस्थी, नंदकिशोर, अशोक समेत अनेक पार्टी कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जागरूकता अभियान चलायेगा स्वदेशी जागरण मंच : सिंह

**हरदोई, 22 मई (तरूणमित्र)।** स्वदेशी जागरण मंच की एक बैठक प्रान्त समन्वयक हर्ष वर्धन सिंह के आवास पर संपन्न हुई, जिसमें जिला समन्वयक अवनीश द्विवेदी तथा पूरी जिला टीम उपस्थित रही। बैठक में देश की वर्तमान परिस्थिति में संगठन की भूमिका पर चर्चा की गयी तथा निश्चित किया गया कि संगठन एक जागरूकता अभियान चलायेगा, जिसमें लोगों से उन देशो में निर्मित वस्तुओं के बहिष्कार हेतु प्रेरित किया जायेगा जो भारत के विरोध में हैं जैसे चीन, टर्की, अजरबैजान आदि।इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर अवैध मांस की बिक्री पर प्रतिबन्ध,सरकारी तालाबो पर आतताइयो के कब्जे हटाकर पशुओं को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु प्रशासन से वार्ता की जायेगी। इसके साथ ही दिनाँक 25-05-2025 दिन रविवार को स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बाल विद्या भवन प्रांगण में किया जाना तय किया गया है,जिसमे वर्ष 2025 में इंटरमीडिएट परीक्षा में जो बच्चे 70% से अधिक अंक लाये हैं अथवा सी.बी.एस.सी. तथा आई.सी.एस. ई. आदि बोर्ड के जिन छात्रों ने 80% या उससे अधिक अंक पाए हैं उन्हें जिले के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। ऐसे पात्र सभी छात्र/छात्राएं अपनी इण्टर की नेट से प्राप्त मार्कशीट मो न.- 7080505052,9198395999 पर व्हाट्सएप करके अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## इंडियन रेड क्रॉस समिति की नव गठित प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**हरदोई, 22 मई (तरूणमित्र)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रबंध समिति की बैठक रेड क्रॉस भवन पर सभापति डॉक्टर रमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें रेड क्रॉस के सामाजिक क्षेत्र में और अधिक विकास की प्रक्रिया प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।



सभापति डॉक्टर रमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई प्रबंध कमेटी की मीटिंग में रेड क्रॉस भवन के रंगाई पुताई, कंप्यूटर की खरीद ,ब्लॉक स्तर पर कमेटी गठित करने, रेड क्रॉस की आय बढ़ाने और तहसील स्तर पर कमेटी गठित करने और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति पर विचार विमर्श किया गया। इसी के मद्देनजर उपसभापति अखिलेश सिंह को तहसील संडीला और सवायजपुर का संयोजक बनाया गया वहां पर वे रेड क्रॉस समिति का गठन करेंगे। शाहाबाद तहसील का श्रीमती अलका गुप्ता को प्रभार सौंपा गया वहीं बिलग्राम और सदर तहसील के प्रभार के बारे में बाद में विचार विचार विमर्श किया जाएगा।कार्यों के वितरण में उपसभापति अखिलेश सिंह सिकरवार और अनिल श्रीवास्तव को रेड क्रॉस भवन की रंगा पुताई के कार्य को करने की जिम्मेदारी दी गई।

इस मौके पर सभापति डॉक्टर रमेश अग्रवाल ,उपसभापति अखिलेश सिंह सिकरवार, कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सचिव सुनील सिंह सोमवंशी,सदस्य गोपाल द्विवेदी, अभिषेक गुप्ता, महेश चंद्र,श्रीमती अलका गुप्ता, बॉबी ओमर और शिव प्रकाश त्रिवेदी उपस्थित रहे।

## खेत पर गए माता-पिता, घर से लापता हुई नाबालिग

**बिलग्राम /हरदोई, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिले के बिलग्राम में एक 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना 27 अप्रैल को हुई, जब किशोरी के माता-पिता गेहूं काटने खेत गए थे। दोपहर में जब वे घर लौटे तो बेटी वहां नहीं मिली।परिवार ने पहले रिश्तेदारों और पड़ोसियों से संपर्क कर लड़की की तलाश की। कहीं पता न चलने पर पिता ने बिलग्राम कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बेटी को बुरी नीयत से भगा ले गया है। परिवार ने सामाजिक लज्जा के कारण शुरूआत में पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई। अब उन्होंने पुलिस से बेटी की सुरक्षित बरामदगी के लिए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पीएम श्री विद्यालय के नवीन भवन का डीएम ने किया उद्घाटन

**शाहजहांपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बुधवार को विकास खंड बंडा की ग्राम पंचायत लालपुर आजादपुर स्थित पीएम श्री विद्यालय, लालपुर आजादपुर में नव निर्मित भव्य प्रवेश द्वार (गेट) का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं क्षेत्रीय विधायक चेतराम ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस गरिमामयी अवसर पर जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि यह विद्यालय ग्राम स्तर पर शिक्षा, संरचना और सुविधाओं की दिशा में एक आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों से आग्रह किया कि वे इस विद्यालय से प्रेरणा लेकर अपने-अपने गांवों में इसी प्रकार की सकारात्मक पहल करें। जिलाधिकारी ने खेलकूद को बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और इसे बढ़ावा देने पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा अंशिका को शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। यह विद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

## न्यायिक व्यवस्था से प्रभावित प्रजा अहिल्याबाई को साक्षात धर्म का रूप मानती थी : धर्मेंद्र

**प्रयागराज, 22 मई (तरूणमित्र)।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए मुगल आक्रांताओं से लड़ते-लड़ते पति, ससुर और इकलौते पुत्र की मौत पर भी विचलित नहीं हुई। बल्कि अपने राज्य में दूरदृष्टी, न्यायप्रियता, धर्मनिष्ठा सें उसे समृद्धि की ओर अग्रसर किया। उनकी न्यायिक व्यवस्था से प्रभावित प्रजा साक्षात उन्हें धर्म का रूप मानती थी।

यह बातें राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी वर्ष पर आयोजित यमुनापार जिला संगोष्ठी को बृहस्पतिवार को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी व विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राय ने जिला कार्यालय सिविल लाइंस में कार्यकताओं से कही।उन्होंने कहा अहिल्याबाई ने देश भर में मंदिरों कुओं, धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण कराया। जिनमें काशी, गया, सोमनाथ, द्वारका, रामेश्वरम् जैसे काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक आक्रांताओं द्वारा खण्डित धर्म के प्रति प्रेरित अनगिनत मंदिरों का न केवल जीर्णोद्धार कराया बल्कि सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित किया। ऐसी राजमाता का कभी विपक्षी सरकारों ने सम्मान नहीं किया। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले काशी कारीडोर में अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति लगवाकर सम्मान देने का कार्य किया। उन्होंने आगे कहा कि मोदी ने धार्मिक स्थलों का कायाकल्प कर दिया। यह आपके एक-एक बोट की ताकत थी। आक्रांताओं ने नागरिकों को जातियों में बांटकर रखा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने सौगंध लिया था मुझे इस मिट्टी की सौगंध हम देश नहीं झुकने देंगे। उसे धरातल पर उतारकर सैनिकों का सम्मान और देश की सुरक्षा को प्राथमिकता पर रख रहें हैं।अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा हम सबको ऊंच-नीच छोटे-बड़े का भेदभाव छोड़कर अहिल्याबाई के बताएं मार्गो पर चलना चाहिए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि संचालन जिला संयोजक अशोक पाण्डेय ने एवं आभार महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सविता शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मंचस्थ जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा आकांक्षा सोनकर, संतोष त्रिपाठी, जय सिंह, दिलीप कुमार चतुवेर्दी, सुरेश शुक्ला,सतीश विश्वकर्मा, मनोज गुप्ता के साथ जिला पदाधिकारी मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष अभियान की जिला व विधानसभा, ब्लाक की टोली के पदाधिकारी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहें।

## युवक ने एसपी कार्यालय के सामने किया आत्महत्या का प्रयास



**हरदोई, 22 मई (तरूणमित्र)।** एक युवक ने एसपी कार्यालय के सामने आत्महत्या का प्रयास किया। मुकेश नाम का यह युवक ग्राम उगडनपुर, थाना अरवल का रहने वाला है। उसने एसपी कार्यालय के सामने स्थित 15 फीट ऊंचे पेड़ से फांसी लगाने की कोशिश की।

हालांकि वह नीचे गिर गया और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे बचा लिया।मुकेश ने बताया कि गांव के रतिराम,रमेश चंद्र,अजीत और श्याम सुंदर ने उसकी पैतृक जमीन पर कब्जा कर लिया है। इस जमीन पर उन्होंने बिना मान्यता के एक निजी स्कूल 'श्री किंद्र प्रसाद मोधानन्दवाल शिक्षा निकेतन' बना दिया है। विवादित जमीन के गाटा नंबर 247 ख, 245, 71, 70, 76, 77, 67, 68 और 64 हैं।पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके घर में आग लगा दी और मारपीट की। मुकेश ने डीएम, एसडीएम, एसपी और सांसद जय प्रकाश से गुहार लगाई। मुख्यमंत्री को भी शिकायत भेजी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।1मई को अरवल थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने 5 दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया था। लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। अब मुकेश ने मुख्यमंत्री से भूमाफिया से जमीन मुक्त कराने की अपील की है।

## परिवार परामर्श केन्द्र से दो जोड़े हुए विदा

**शाहजहाँपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद में किया गया। आज 15 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 02 दम्पति को विदा किया गया।

थाना कटरा के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 04 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया। प्रथम पक्ष से वार्ता की गई तो उसने बताया कि हम लोगों का आपसी में समझौता हो गया है ,मैं अपनी सहमति से समझौतानामा दे रही हूं। द्वितीय पक्ष फौजी सिपाही है जिसको छुट्टियाँ नहीं मिल पाने के कारण आने में असमर्थ। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है प्रथम पक्ष के द्वारा समझौतानामा लेकर परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया।

## पिहानी-अलियापुर मार्ग की खस्ता हालत उखड़ी गिट्टी से राहगीर हो रहे चोटिल

### कई गांवों को जोड़ने वाली सड़क की मरम्मत की मांग

**हरदोई, 22 मई (तरूणमित्र)।** हरियावां विकास खंड में पिहानी से अलियापुर तक जाने वाली लिंक रोड की स्थिति अत्यंत खराब है। यह सड़क रमपुरा, बरम्हौला सहित कई गांवों को जोड़ती है। सड़क से उखड़ी गिट्टी के कारण लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।



यातायात में लग रहे अतिरिक्त समय से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण बाइक पंचर होने और साइकिल के टायर फटने की समस्या भी बढ़ गई है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शंभू दयाल ने बताया कि गांव की अन्य सड़कों पर इंटरलॉकिंग और खड़ंजा का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों से इस सड़क की मरम्मत के लिए बात की है। उनका कहना है कि जल्द ही इस सड़क पर भी काम शुरू हो जाएगा। लंबे समय से सड़क की मरम्मत न होने के कारण इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी तक किसी भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–08–सीनि0 डी0ई0ई0–लखनऊ–25 |
| 2 | कार्य का नाम | 105 वर्ग मिमी कॉपर जम्पर को 160 वर्ग मिमि कॉपर जम्पर में परिवर्तित करके ओएचई का वृद्धि, लखनऊ/एनआर डिवीजन में एंटी मंकी क्लाइम्बिंग डिवाइस का प्रावधान। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु0 2,47,96,253.88 |
| 4 | बयाना राशि | रु0 2,74,000.00/– |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनाँक 17.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9 | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता :<br>1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं।<br>2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE.<br>3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। सं0 : टीआरडी–08–सीनि0 डी0ई0ई0–लखनऊ–25 दिनाँक 21.05.2025 1498/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# धूमधाम से आयोजित हुआ अग्रवंश स्थापना दिवस

**हरदोई, 22 मई (तरूणमित्र)।** भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई में सत्य अहिंसा समता मूलक समाज के संस्थापक चक्रवर्ती महाराजा अग्रसेन के द्वारा प्रवर्तित अग्रवंश का स्थापना दिवस आज रेलवे गंज के अग्रवाल धर्मशालामें बड़ी धूमधाम से मनाया गया।



कार्यक्रम की शुरूआत महाराजा अग्रसेन जी की आरती से हुई,इसके उपरांत कार्यक्रम संयोजक सोमेंद्र अग्रवाल ने मौजूद जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस अहिंसा, सत्य, समता और भाई चारा के लिए एक रुपया और एक ईट के साथ परम प्रतापी चक्रवर्ती महाराजा अग्रसेन ने अग्रवंश की स्थापना की थी उसी पथ पर हम सबको निरंतर चलने की आवश्यकता है अग्र वंश उनके सिखाये आदर्शो पर चलकर दुनिया की हर विधा में अपने झंडे गाड़ रहे हैं,चाहे वह व्यापार हो या आईटी या स्पेस या मेडिकल सेक्टर सभी अग्रणी पेशेवरों में अग्र वंश प्रथम पंक्ति की भूमिका निभा रहे हैं।कार्यक्रम के सह संयोजक रवीन्द्र अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन जी की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित आदर्श हरदोई वासियो को सत्य और अहिंसा के पथ पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे, जिससे युवाओ का सवार्गीण विकास होगा। मंच संचालन श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के जिला सचिव गौरव अग्रवाल ने किया। इस अवसर पवन अग्रवाल, वंश सिंघल,नीरज अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल,अमित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, राजू अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, दीपक अग्रवाल सहित अग्र वंश के तमाम लोग मौजूद रहे।

## सीएसएन में जिलाधिकारी को दी भावभीनी विदाई

**हरदोई, 22 मई (तरूणमित्र)।** सीएसएन पीजी कॉलेज के स्टॉफ ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को भावभीनी विदाई दी। कॉलेज के प्रबंधक प्रभात वर्मा व प्राचार्य केपी सिंह ने जिलाधिकारी का स्वागत किया। विदाई देते समय कॉलेज का स्टॉफ काफी भावुक नजर आया। सभी वक्ताओं ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की।जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि कॉलेज की छवि में लगातार सुधार हुआ है। कॉलेज के शिक्षक बहुत परिश्रमी हैं। कॉलेज के प्राचार्य केपी सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी का कार्यकाल कॉलेज के लिए एक स्वर्ण काल रहा। उनके कार्यकाल के दौरान कॉलेज में 16 कार्य हुए। दो स्मार्ट बनाये गए। महाविद्यालय में ओपेन जिम की स्थापना की गयी। बीबीए व बीकॉम की शुरूआत हुई। अतिक्रमण हटाने का कार्य कराया गया। शिक्षण कक्षों की संख्या बढ़ी है। प्रो0 एसके सिंह ने जनपद में जिलाधिकारी की कार्यशैली की सराहना की। समारोह के उपरांत जिलाधिकारी ने परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके शिक्षकों को सेवा स्थायीकरण का प्रमाणपत्र सौंपा। इस अवसर पर कॉलेज की उप प्राचार्य पुष्पा गंगवार, पूर्व प्राचार्य नरेश शुक्ला व वीडी शुक्ला, कानपुर विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक एसके सिंह, रेडियो जागो के प्रबंधक अभय शंकर गौड़ व कॉलेज के शिक्षक उपस्थित रहे।



## 30 लीटर अवैध शराब बरादम

**शाहजहांपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के आदेश एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में, आबकारी निरीक्षक सदर सौरभ कुमार, आबकारी निरीक्षक पुवायां, राजेंद्र कुमार तथा आबकारी निरीक्षक तिलहर, गिरिजेश के नेतृत्व में, बिरसिंहपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाए जाने हेतु प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत आज थाना तिलहर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरेचा, धनौरा एवं सरेली में दबिश दी गई। दबिश के दौरान संयुक्त टीम द्वारा संदिग्ध स्थानों एवं घरों की गहन तलाशी ली गई, जिसमें 30 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 800 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई में बालक राम, सनक सिंह, संजीव कुमार आदि टीम सदस्य सम्मिलित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

शुक्रवार, 23 मई 2025

विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- एकादशी

# साइबर धोखाधड़ी रोकेगा एफआरआई

रुपए -पैसे के लेनदेन के डिजिटलीकरण की दिशा में देश ज्यों- ज्यों तेजी से आगे बढ़ रहा है, ऑनलाइन वित्तीय अपराधों की बाढ़ आ गई है, जिसे रोक पाना फिलहाल किसी व्यवस्था के अंदर सम्भव दिखाई नहीं दे रहा है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सायबर वित्तीय अपराधों को लेकर चिंता जता चुके हैं। प्रधानमंत्री और अन्य बड़े जिम्मेदारों के सायबर अपराधों के प्रति यह चिंता दिखाने के बाद भी देशभर में साइबर फ्रॉड और रुपए पैसे संबंधित स्कैम बढ़ते जा रहे हैं। अब ऐसे मामलों को रोकने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। यह फाइनेंसियल फ्रॉड रिस्क इण्डिकेटर नाम की व्यवस्था है जिसे पिछले दिनों केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुरू किये जाने का ऐलान किया है। इसे संक्षेप में 'एफआरआई' कहा जा रहा है और यह साइबर आधारित वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ भारत का प्रभावी 'कवच' भी बताया जा रहा है। दूरसंचार विभाग ने इसे डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के तहत डेवलप किया है। एफआरआई एक टेक इनेबल टूल है जो मोबाइल नंबरों को मीडियम, हाई या वेरी हाई रिस्क की कैटेगरी में डिवाइड करता है। यह डिविजन कई सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर किया जाता है, जैसे कि नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, डॉट का चक्षु प्लेटफॉर्म, और वित्तीय संस्थानों से मिले अन्य अलर्ट। बाद में ये क्लासिफिकेशन बैंकों, यूपीआई प्लेटफॉर्म्स और एनबीएफसी को रियल टाइम में शेयर किया जाते है, जिससे वे लेनदेन पर एडिशनल जांच कर सकें या जरूरत पड़ने पर पेमेंट ब्लॉक कर सकते हैं। जब कोई डिजिटल लेनदेन शुरू किया जाता है, तो यूजर के मोबाइल नंबर को एफआरआई डेटाबेस से क्रॉस-चेक किया जाता है। अगर उस नंबर का रिस्क स्कोर ज्यादा होता है जैसे कि वह पहले किसी धोखाधड़ी से जुड़ा रहा हो या उसके पहले भी उस नंबर से फ्रॉड की शिकायत मिली होगी तो एक अलर्ट ट्रिगर होता है। प्लेटफॉर्म के हिसाब से इस अलर्ट का असर अलग हो सकता है। जैसे कि लेनदेन में देरी, स्क्रीन पर चेतावनी, या पेमेंट को सीधे ब्लॉक कर देना। फिलहाल ऑनलाइन भुगतान कम्पनी फोनपे ने इसे अपनाया है और अब वह वैरी हाई रिस्क नंबरों के लिए अपनी ओर से ट्रांजैक्शन रिजेक्ट कर देता है, जबकि मीडियम रिस्क नंबरों के लिए पहले से ही अलर्ट जारी करता है, उसके बाद ट्रांजेक्शन करना न करना उपभोक्ता की मर्जी है। जैसे-जैसे यूपीआई भारत के डिजिटल भुगतान सिस्टम में हावी होता जा रहा है, वैसे-वैसे एफआरआई का चलन एक बड़ा कदम माना जा रहा है क्योंकि इससे लाखों लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने, भरोसा मजबूत करने और देश के डिजिटल इकोसिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में अहम मदद मिलेगी, संदिग्ध नंबरों की पहचान आसान हो जाएगी, जिससे साइबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी को रोका जा सकेगा। यह टूल यूपीआई बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं के साथ रिएल टाइम में जानकारी शेयर करेगा, जिससे जल्द ही साइबर फ्रॉड से जुड़े नंबर को पहचाना जा सकेगा। भविष्य में ऑनलाइन वित्तीय अपराधों को रोकने और धोखाधड़ी से बचाने में एफआरआई की भूमिका महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती और उपभोक्ता खुलकर ऐसे वित्तीय लेनदेन बगैर चिंता किये कर सकते हैं।

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढोये



ललित गर्ग

**विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं।**

ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पदार्फाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है।

इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे?

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है?

सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दशार्ता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया।

जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके।

भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरूआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरूआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था।

इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है। गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है। एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# सीवर में मौतों का अंतहीन सिलसिला



रोहित माहेश्वरी

सीवर की सफाई करते समय मजदूरों की जान जाना कोई नहीं बात नहीं है। ये बात सुनने में थोड़ी कड़वी जरूर है, लेकिन है बिल्कुल सच। बीती छह मई को बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग अपनी जान गंवा बैठे। इस घटना के हफ्ते बाद हरियाणा रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक-दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मर गए। पंद्रह मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सेप्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। कितना दुखद है कि आज इक्कीसवीं सदी में भी सीवर-सेप्टिक टैंकों का काम मैनुअली कराया जाता है। इन टैंकों में सफाई करने के लिए उतारने वालों को सुरक्षा उपकरण तक मुहैया नहीं कराए जाते। दो चार दिन के हो हल्ले के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है।

भले हम इस बात पर गर्व करें कि हमारा देश तकनीकी मामले में इतना आगे बढ़ गया है कि चांद पर सफलतापूर्वक चंद्रयान भेज रहा है। मंगल ग्रह पर पानी की खोज कर रहा है। पर इस बात पर शर्म महसूस होती है कि क्या हमारे पास इतनी भी क्षमता नहीं कि वह गटर या सीवर-सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिए मशीनी तकनीक विकसित कर सके। यदि ये क्षमता है तो फिर क्यों गटरों-टैंकों की सफाई करते हुए मारे जा रहे हैं? और यदि शासन-प्रशासन की लापरवाही से ये मौतें हो रही हैं तो फिर इन्हें मौतें नहीं बल्कि हत्याएं कहा जाएगा।

देश में साल 1993 में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था। इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है को उनको 27 दिशानिदेर्शों का पालन करना होग। इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं। इससे पहले भी सीवर में सफाई के दौरान जानें जाने के मामले अलग-अलग जगहों से सामने आते रहे हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने राज्यसभा में आंकड़े शेयर कर बताया कि पिछले 31 सालों में 1248 जानें जा चुकी हैं।

सीवर और सेप्टिक टैंक में सफाई के दौरान सबसे ज्यादा 253 जानें तमिलनाडु में गई। उसके बाद गुजरात में 183, उत्तर प्रदेश में 133 और दिल्ली में 116 लोगों की मौत हो चुकी है। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक है। लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों की कमी है। यही वजह है कि मजदूर इस जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सफाई करते हैं। कई बार तो उनकी जान तक चली जाती है। विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध, सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। कानून के मुताबिक सफाई एजेंसियों के लिए सफाई कर्मचारियों को मास्क, दस्ताने जैसे सुरक्षात्मक उपकरण देना अनिवार्य है, लेकिन एजेंसियां अकसर ऐसा नहीं करतीं. कर्मचारियों को बिना किसी सुरक्षा के सीवरों में उतरना पड़ता है।

एक सर्वे के अनुसार सीवर की सफाई में लगे लोगों में से 49 फीसदी को सांस संबंधी और 11 फीसदी से अधिक को त्वचा संबंधी कई परेशानियां हो जाती हैं। गटर/सीवर साफ करने वाले 90 फीसदी सफाई कर्मचारियों की 60 की उम्र से पहले ही मौत हो जाती है। उनके पास कोई उपकरण नहीं होता, जिससे पता लगाया जा सके कि सीवर में जहरीली गैस है या नहीं।

ऐसे में ये हादसों के शिकार हो जाते हैं और अगर हादसों से बच जाते हैं तो इनके शरीर में बीमारियां घर कर जाती हैं जिससे ये भरी जवानी में ही मौत के शिकार हो जाते हैं। सीवर सफाई के लिए मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता। कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## वतन की आवाज



सुरेश लाल शर्मा

भारतवासी कहते हैं, कि हिन्द आजाद है।
लेकिन यह सिर्फ सुनने भर की आवाज है।।
विदेशी अंग्रेज तो चला गया,
स्वेदशी अंग्रेज जिंदा हैं।

जिनके कुशासन से देशवासी
दुखी और शर्मिंदा है ।।
यह देश है गाँधी, गौतम और आजाद का।
देश को लूटते नेता,
मगर शर्म नहीं बर्वाद् का। ।

लगता है अब सच्चाई डूब जायेगी झूठो का
रहेगा राज। सच को दबाये जाते हैं,
जन-जन का है अंदाज।।
सर पे है गाँधी टोपी कहलाता है राज नेता।
उसी देश में बेसहारा बन कर मर गया
गाँधी का पोता।।
भारत देश है अमीर जहाँ के लोग हैं गरीब।
इसलिए कि यहाँ है चोर बेईमान खुशनशीब।।
राम कृष्ण की भूमि है यह, दुनियाँ आकर करती प्रणाम।
सब जानते है मेरा भारत है महान।।
देश भक्त के नाम पर पीट रहा है डंका।
घूम-घूम कर देखा हमने, घर-घर रावण घर-घर लंका।।
देश को मेरा सौ-सौ प्रणाम लाखो प्रणाम।
हे भारत माता तेरी कोख में पैदा ले, सुभाष, भगत सिंह जैसा महान
भारत माता तुझे सलाम, तुझे सलाम, तुझे सलाम।।

## सूडोकु नवताल- 7438

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7437 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# विविधता भरी संस्कृति में नृत्य साथ-साथ चलते



अरुण कुमार दीक्षित

नृत्य आनंदित करता है। नृत्य उल्लसित करता है। नृत्य शरीर को ऊर्जा से भर देता है। प्रत्येक का मन नृत्य में थिरकने को करता है। कृष्ण और गोपियों के बीच नृत्य को रास कहा गया है। यह प्रेम और भक्ति का चरम परम है।

भारत में संगीत की सगुण उपासना हुई है। उसे वीणा वादिनी के रूप में साकार पूजा गया है। प्लेटो ने लिखा है कि आत्मा के लिए संगीत का वही महत्व है जो शरीर के लिए व्यायाम का। संगीत मानव को सत्यम शिवम सुंदरम की दिव्य अनुभूत करा देता है। संगीत का आनंद तात्कालिक है। संगीत का स्वरूप बौद्धिक है। भावात्मक भी है। आनंद, शोक, भय, तृष्णा , विजय, प्रेम आदि भावों को संगीत के स्वर तत्काल उत्पन्न करने में सक्षम होते हैं। जर्मन दार्शनिक गेटे ने संगीत को विज्ञान और दर्शन से उच्चतर कहा है। भारतीय अवधारणा ने संगीत को परमात्मा तक पहुंचाने की सीढ़ी कहा है।

महाकवि कालिदास ने संगीत की उत्पत्ति परमात्मा से बताई है। पुराणों में शिव और पार्वती के संयोग से राग रागनियों की उत्पत्ति बतलाई गई है। सरकारी व्यवस्था में 29 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस होता है। इसका शुभारंभ 1982 को हुआ था। यूनेस्को की सहयोगी अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्था की सहयोगी अंतरराष्ट्रीय नाच समिति ने 29 अप्रैल को नित्य दिवस के रूप में स्थापित किया है। यह दिवस जिन जॉर्ज नावेरे के जन्म की स्मृति के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पूरे विश्व में साधारण जनों के बीच नृत्य के महत्व को बताना था। वह फ्रांसीसी नर्तक था।

चारों वेदों के साथ है नृत्य वेद। इसमें सामवेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद एवं ऋग्वेद से सामग्री ली गई है। मूलतः पूरब में (भारत) में कविता और नृत्य के संस्थापक आविष्कारक भरत मुनि हैं। नृत्य को सशक्त अभिव्यक्ति कहा गया है। नृत्य में नाचने वाले को एक ऐसा अद्भुत क्षण आता है कि नर्तक और नृत्य करने वाले दो नहीं रह जाते हैं। दो के बीच का फासला मिट जाता है। तब केवल नृत्य ही रह जाता है। यह गहन अनुभूति प्रतीति का विषय है। यह बाहर की घटना नहीं है। यह अंतस की घटना है। वह ही इसे जानता है जो नृत्य में उतरता है। नृत्य करता है। नृत्य मूर्त नहीं है यह अमूर्त है। जहां अमूर्त है वहां वह हृदय में ही घटित होता है। नर्तक के हृदय की वीणा से उसका एकाकार हो जाता है। नृत्य अमूल्य है।

नृत्य श्रीकृष्ण ने भी किया है। नाच्यो बहुत गोपाल, सूरदास के हृदय की दृष्टि है। वे कृष्ण के दरस के लिये नृत्य में हैं। नृत्य देवाधिदेव महादेव ने भी किया है। वहां उन्हें नटराज कहा गया है। महादेव का शिव तांडव विख्यात है। नृत्य एक उत्सव है। एक प्यास है। जीवन का छंद है नृत्य। प्रीति भी है नृत्य। नृत्य एक तरह से महारास है। नृत्य से हम भावों को व्यक्त करते हैं। एक दूसरे से जुड़ते हैं। नृत्य भारत की सभी संस्कृतियों में हमेशा से रहा है।

फिल्मो में डांस ने नृत्य कला का क्षरण किया है। मगर फिल्मों भारतीय समाज पर बालो, वस्त्रों, रहने बोलने चलने के ढंग पर गहरा प्रभाव डाला है। मगर यह भावपूर्ण नहीं है उथला है। इसकी गहराई नहीं है। ऊपर ऊपर ही है। यह हृदय के तार झंकृत नहीं करता है। अंग्रेजी पाप डांस भी भारत मे जगह बना चुका है। यह बाहर बाहर ही रहता है। मगर शास्त्रीय नृत्य में नर्तक और दर्शक दोनों डूब जाता है। नृत्य बहुत अद्भुत बात है। सब बातें छोटी हैं।

नृत्य जीवन की प्यास जैसी है जो नृत्य में उतरते हैं वह ही इसे जानते हैं। नृत्य से भक्ति, वात्सल्य नेह करुणा घटित होती है। कृष्ण नाचे, मीरा नाची, चैतन्य महाप्रभु नाचे, सूरदास नाचे, सब नाचे। तुलसी कहते हैं कि सबै नचावत राम गोसाईं। वे बहुत गहरी बात कह रहे हैं। जो नृत्य में सीधे उतरते हैं वह जो नृत्य में नहीं उतरते हैं, उन्हें भी राम नचाते हैं। पृथ्वी भी नृत्य में है। चाँद तारे, ग्रह सभी नृत्य में हैं। आज नंग प्रदर्शन को ही मनोरंजन कहा जा रहा है। नृत्य से शरीर में एक विशेष स्फूर्ति आती है। ऊर्जा आती है। वह ऊर्जा आपके पूरे तन मन हृदय को ताजा करके ही छोड़ती है। लोक नृत्य युगों से होते आ रहे तत्कालीन गौरवशाली समाज की सूचना देते हैं। जैसे-जैसे रंग ढंग बदलते हैं वैसे ही नाम रूप बदलता जाता है।

भारत की विविधता भरी संस्कृति में नृत्य साथ-साथ चलते हैं। सभी नृत्य अलग-अलग हैं। मगर नृत्य की जो नैसर्गिकता है वह अपने आप में परिपूर्ण है महारास को कृष्ण और गोपियों के बीच की लीला बताया गया है। यह भक्ति का शिखर है। रस ही आगे चलकर महारास हो जाता है। रस जो किसी के अन्तस् में घटित होता है उसे ग्रन्थों, काव्यों में गाया गया है। किसी को पढ़ने से रस मिलता है किसी को सुनने से किसी को देखने से रस मिलता है। अलौकिक आनंद आता है।

प्राचीन नृत्य की जानकारी सिंधु सभ्यता के अवशेषों में मिलती है। मोहनजोदड़ो से प्राप्त एक नर्तकी की मूर्ति रुचिर और भाव युक्त है। वैदिक काल में कलाओं के अस्तित्व की व्यापक सूचनाएं हैं। गायक वादक और नर्तक तीन प्रकार के कलाकारों का पता चलता है। पुरुष नर्तको के अतिरिक्त महिलाएं भी नृत्य में भाग लेती थी। वाचस्पति गैरोला के अनुसार वैदिक कालीन 'समन' नाटक उत्सव का ऐतिहासिक महत्व है। यह रात्रि में होता था। ऋग्वेद के 'उषश सूक्त' में उषा संबंधी एक मंत्र में नर्तकियां श्रेष्ठ बताई गई है। ऋग्वेद के प्रथम मंडल में कहा गया है कि उषा नर्तकी के समान विविध रूपों को धारण करती है। तथा गौ के समान स्तन प्रकट कर देती है। वह समस्त लोकों के लिए प्रकाश करती है। अंधकार मिटाती है। इससे सिद्ध होता है कि वैदिक समाज में नृत्य की प्रतिष्ठा थी। यजुर्वेद के 'पुरुष सूक्त' में कहा गया है शैलूष जाति के लोग व्यावसायिक दृष्टि से नाटकों का आयोजन करते थे। यहां लगता है कि वैदिक युग की नृत्य कला का व्यापक प्रसार और प्रसिद्ध थी। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त के एक मंत्र में गायन और नृत्य का उल्लेख है, इस मंत्र में भूतल के मनुष्य द्वारा नृत्य गीतों के मनोहर आयोजन का उल्लेख है, कि जिस पर मनुष्य नाचते हैं। (भारतीय ललित कलाएं एवं नृत्य डॉ सुषमा देवी गुप्ता पुस्तक) उज्जैन के महाकाल मंदिर में नृत्य होने का उल्लेख मेघदूत के पूर्व भाग श्लोक संख्या 35 से 37 में है। (वही पृष्ठ 85) रघुवंश के 19 वें सर्ग में राजा अग्निवर्ण के साथ नाटक का समूह नृत्य संगीत का आनंद लेता था। बुद्ध चरित्र महाकाव्य में राज भवन में राजकुमार का मनोविनोद नर्तकियां करती थी। मालविकाग्निमित्र नाटक में कालिदास ने 'छलित' नृत्य का वर्णन किया है। नृत्य के लिए आदिकाल से मनुष्य अभिलाषित रहा है। देता है।

वाल्मीकि रामायण बालकांड में कहते हैं कुशनाथ की सौ पुत्रियों द्वारा उद्यान में बाजे बजाकर गाकर नृत्य का वृतांत है। राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न के विवाह उत्सव में तथा राम के राज्याभिषेक पर बाजा बजाने एवं नाचने वाली गणिकाओं द्वारा राज भवन में नृत्य करने का उल्लेख है। राम के अश्वमेध यज्ञ में नाचने वाले नटो को निमंत्रण रामायण में है। रावण की सभी स्त्रियां नृत्य में कुशल थी। प्रागैतिहासिक काल से वर्तमान काल तक प्राप्त चित्रों में गुफाओं में नृत्य चित्र हैं। यह सजीव जैसे हैं। अजन्ता के प्रसिद्ध चित्रों में आंखें मुख्य भावपूर्ण दिखाई देती हैं। नर्तकी के कुछ अंग भारी और कटि क्षीण है। गुफाएं नृत्य चित्रों से भरी पड़ी है। महाभारत के अनुसार अर्जुन ने चित्र सेन नामक गंधर्व से संगीत में सीखा था। वही अर्जुन राजा विराट की संगीत शाला का प्रधान बना था। जबलपुर मध्य प्रदेश भेड़ाघाट पर 64 योगिनी सप्तमातृका का मन्दिर है। महाभारत के सभी 18 पर्वों में नृत्य है। दुष्यंत शकुंतला के पुत्र भरत के जन्म पर अप्सराओं ने नृत्य किया। इसी पर्व के संभव पर्व में अर्जुन के जन्म पर देवताओं ने प्रशंसा की। गंधर्व प्रजापति, भारद्वाज, विश्वामित्र सहित सप्त ऋषियों के साथ जो नक्षत्र के रूप में सूर्यास्त के बाद उदित होते हैं अत्रि भी पहुंचे। सभी अर्जुन के गुण गाकर नृत्य करते हैं। इसी पर्व में श्री कृष्ण अर्जुन के साथ रानियां के नृत्य का उल्लेख है। सभापर्व में युधिष्ठिर के साथ नर्तकों गंधर्वों किन्नरों के गाने का उल्लेख है। देवराज इंद्र की सभा में गंधर्व अप्सराओं के नृत्य की कथाएँ सर्वाधिक हैं। कुबेर की श्वेत वर्णी सभा में रंभा, मिश्रकेसी जैसी अनेक अप्सराएं हैं। महाभारत काल में सार्वजनिक मनोरंजन के लिए नृत्य से प्रतिष्ठित था। राजसूय यज्ञ के समय में नृत्य का उल्लेख है। गंधमादन पर्वत पर मयूर के नृत्य का उल्लेख वन पर्व में है। वन पर्व में ही महाभारतकाल मे गाय चराने वाले गोप तथा गोपियां भी नाचने गाने बजाने में निपुणहैं। विराट पर्व में वेश्याओं के भी नृत्य प्रदर्शन थे। नृत्य आधुनिक विश्व के मनुष्यों के तनावों को कम करने में उपयोगी हो सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृष** : बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन** : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा।

**कर्क** : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह** : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे।

**कन्या** : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला** : योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक** : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनु** : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर** : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कुंभ** : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मीन** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# सभी सीएचसी तथा पीएचसी में लगाए जाएं कैमरे : जिलाधिकारी

## बोले डीएम, आशा मरीजों को प्राइवेट अस्पताल में ना ले जाएं

**बरेली, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त सी.एच.सी तथा पी.एच.सी के डाक्टरों को निर्देश दिये कि जिन महिलओं की डिलीवरी हो उनका नाम तथा मोबाइल नम्बर रजिस्टर में अंकित किया जाये।

मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गए कि आशाओं की लगातार चेकिंग की जाये कि वह ई. कवच पर आभा आई.डी बनाना जानती हैं या नही यदि नही बनना जानती हैं तो इसका प्रशिक्षण कराया जाये तथा उन्हे अधिक से अधिक आभा आई.डी बनाने के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में उन्होने कहा कि सी.एच.सी तथा पी.एच.सी में वैक्सीनेशन कम होने की बहुत अधिक शिकायतें आ रही है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये इसमें सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त सी.एच.सी. तथा पी.एच.सी के डाक्टर्स को निर्देश दिये कि आशा को यह स्पष्ट रुप से बता दें कि वह किसी भी पेशेन्ट को प्राइवेट अस्पताल में न ले जाये साथ ही




समस्त सी.एच.सी तथा पी.एच.सी में कैमरे लगाए जाये जिससे कि डाक्टर्स तथा आशाओं की निगरानी की जा सके। समस्त सी.एच.सी तथा पी.एच.सी के डाक्टर्स को निर्देश दिये गए कि आशाओ का भुगतान शत प्रतिशत न होने की शिकायतें भी आ रही हैं जिसमें सुधार करने की आवश्यकता है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये गए कि जो भी नये एम.ओ.आई.सी आये हैं उनका प्रशिक्षण कराया जाये। समीक्षा के दौरान पाया गया कि आंगनबाड़ी सेन्टर्स में बच्चों की उपस्थिति तथा पोषण ट्रैकर पर बच्चों की लम्बाई तथा वजन की फीडिंग कम चल रही है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये इसमें सुधार के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा विश्राम सिंह, समस्त सी.एच.सी तथा पी.एच.सी के डाक्टर्स तथा एम.ओ.आई.सी उपस्थित रहे।

## जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, 22 मई (तरूणमित्र)।** थाना दक्षिण के मोहल्ला नई बस्ती निवासी निवासी निगम के पार्षद पर 6 दिन पूर्व जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाले चार आरोपी पुलिस ने और गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की

मोहल्ला नई बस्ती निवासी पार्षद देश दीपक यादव पर कुछ लोगो ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी थी, देश दीपक यादव ने थाना दक्षिण पहुंचकर घटना की नामजद रिपोर्ट 09 लोगो के खिलाफ दर्ज करायी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के पश्चात हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये दविशे देना शुरू कर दिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई थी, सूचना मिलने पर पुलिस ने 04 हमलावरों को माल गौदाम के समीप से गिरफ्तार कर लिया। जिनके नाम पुलिस ने प्रदीप राठौर पुत्र नोबत सिंह निवासी जैन मंदिर चौराहा नई बस्ती थाना दक्षिण, आकाश यादव पुत्र राजबहादुर निवासी कोटला मोहल्ला स्टेशन रोड , ईलू यादव पुत्र महेश यादव निवासी कोटला मोहल्ला स्टेशन रोड ,अमन शिवहरे पुत्र विमल कुमार शिवहरे निवासी जैन मंदिर चौराहा नई बस्ती थाना दक्षिण बताये है।

## सड़कों की मरम्मत का कार्य तत्काल मनरेगा से शुरू करने के डीएम ने दिये निर्देश

**बिजनौर, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा महात्मा विदुर सभागार में सीमावर्ती ग्रामों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिला अधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, डीसी मनरेगा वीरेंद्र यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं ग्राम प्रधान मौजूद थे

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने लगभग सभी गांवों के ग्राम प्रधानों द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी के निर्माण कार्य से क्षतिग्रस्त सड़कों, जगह जगह उखड़े पाइपों, पानी की आपूर्ति न होने आदि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिए की सीमावर्ती गांव में स्वयं भ्रमण करें और उनकी शिकायतों को मौके पर जाकर दूर करें तथा प्रतिदिन कार्य की प्रगति की रिपोर्ट भी उनको भेजा जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम जाता नगर में पानी की टंकी का कार्य 3 साल से लंबित होने की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को उक्त प्रकरण की जांच करने तथा दोषी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों की मरम्मत विशेष रूप से लिंक रोड की मरम्मत का कार्य तत्काल मनरेगा से शुरू करने के निर्देश दिए इसी के साथ उन्होंने सीमावर्ती गांव में इंटरनेट की समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया कि बीएसएनएल विभाग सभी गांव में जहां पर नेटवर्क की समस्या है कैंप लगाए और आवश्यक हो तो मोबाइल टावर का निर्माण करना सुनिश्चित करें।

सीमावर्ती ग्राम प्रधानों द्वारा जंगली जानवरों से सुरक्षित रखने की मांग पर उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोलर फेंसिंग तथा आवश्यक का अनुसार बाउंड्री का निर्माण कारण तथा संवेदनशील स्थानों पर मचान, सर्च लाइट आदि की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें।

## दीवाल गिरने से वृद्धा की मौत

**फिरोजाबाद , 22 मई (तरूणमित्र)।** थाना जसराना के गांव मोगरा में बुधवार की रात आई तेज आंधी के दौरान दीवार गिरने से एक बृद्धा की दबकर मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जसराना के गांव मोगरा निवासी 80 वर्षीय मोहर श्री पत्नी पृथ्वी सिंह बुधवार की रात अपनी दीवार के सहारे सो रही थी, तभी अचानक तेज आंधी के दौरान वर्षा होने लगी- तभी उनकी दीवार भर भरा कर बृद्धा के ऊपर गिर गई , जिसके फल स्वरुप बृद्धा मलबे में दब गई, दीवार गिरने की आवाज सुन परिजन और पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गये जिन्होंने अथक प्रयास कर बृद्धा को मलवे से बाहर निकाला तब तक बृद्धा दम तोड़ चुकी थी, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने लॉन्च किया यशोदा एआई

### महिलाओं के लिए पहली बार एआई साक्षरता अभियान

**बरेली, 22 मई (तरूणमित्र)।** भारत में महिलाओं की एआई साक्षरता और डिजिटल जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से यशोदा एआई आपकी एआई सखी, डिजिटल जागरूकता के माध्यम से नए क्षितिज की ओर का शुभारंभ बृहस्पतिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय में किया गया। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे प्रौद्योगिकी और समावेशिता के माध्यम से विकसित भारत में सार्थक योगदान दे सकें। राष्ट्रीय महिला आयोग के नेतृत्व में यशोदा एआई अभियान भारत का पहला राष्ट्रव्यापी प्रयास है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को



कृत्रिम बुद्धिमत्ता डिजिटल सुरक्षा में आवश्यक कौशल प्रदान करना है। छात्रों, शिक्षकों और पुलिस बल की महिलाओं को सक्रिय रूप से शामिल करते हुए यशोदा एआई अभियान सामुदायिक डिजिटल शिक्षा का एक नया मानक स्थापित कर रहा है, ताकि महिलाएं केवल भाग लेने वाली ही नहीं, बल्कि भारत के तकनीकी भविष्य को आकार देने वाली अग्रणी बन सकें।

यह पहल राष्ट्रीय महिला आयोग और फ्यूचर शिफ्ट लैब्स के सहयोग से संचालित की जा रही है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर ने कहा कि सच्चे बदलाव की शुरूआत तब होती है जब एक महिला भविष्य के उपकरणों में महारत हासिल कर लेती है। यशोदा एआई अभियान केवल तकनीक सीखने के बारे में नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने, सूचित निर्णय लेने और हर महिला को सुरक्षित और समावेशी डिजिटल कल को आकार देने का अधिकार देने के बारे में है। एफएसएल संस्थापक नितिन नारंग ने अभियान की व्यापक दृष्टि को रेखांकित करते हुए कहा कि यह केवल एआई साक्षरता के बारे में नहीं है, बल्कि समावेशन, गरिमा और भारत की महिलाओं के डिजिटल सशक्तिकरण के बारे में है, जो विकसित भारत की नींव हैं।

## नलकूपों पर जनरेटर लगाए जाएंगे : फात्मा रजा

**बदायूं, 22 मई (तरुणमित्र)।** गुरुवार को चेयरपर्सन फात्मा रजा ने शहर में एक साथ चार योजनाओं की आधारशिला रखी। चेयरपर्सन ने मोहल्ला ब्राहम्पुर प्रथम में सीसी सड़क व नाली निर्माण साथ ही मोहल्ला ब्राहम्पुर में नाले पर आरसीसी स्लैब निर्माण व जाल डालने का कार्य एवं सुभाष चौक पर आरसीसी नाला निर्माण कार्य के साथ ही कटरा ब्राहम्पुर में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।चेयरपर्सन फात्मा रजा ने कहा कि शहर के विकास को गति देने के लिए कई योजनाओं का हमने निर्णय लिया है। उन्होंने कहा हमारा शहर साफ व सुंदर बने इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि नाला और सड़क आमजनों के आवागमन के लिए बेहद जरूरी है।

मोहल्लेवासियों की मांग पर नाला व सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। प्राक्कलन के अनुसार काम हो इसका ध्यान स्थानीय लोगों को रखना है। यदि किसी प्रकार की



कमी या अनियमितता दिखें तो इसकी शिकायत अवश्य करें। चेयरपर्सन ने जलकल अभियन्ता को निर्देष दिया कि भीषण गर्मी में आए दिन शहर के कुछ वार्डों में पानी की किल्लत शिकायते मिल रही। पानी की किल्लत होने का कारण नगर पालिका ने विद्युत सप्लाई बताया है।

उन्होंने नगर पालिका कर्मियों को किराए पर जनरेटर की व्यवस्था कर ट्यूबवेल चलाने को कहा है। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

**पीलीभीत, 22 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अभिषेक यादव द्वारा थाना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, कर्मचारी बैरक, मैस एवं शौचालय आदि का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय में रखे गए विभिन्न अभिलेखों एवं प्रपत्रों की जांच की गई तथा उन्हें अद्यावधिक (अप-टू-डेट) करने एवं सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित



किया गया कि थाना पर नियुक्त समस्त महिला एवं पुरुष आरक्षियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों का नियमित अभ्यास कराया जाए। इसके अतिरिक्त माल-मुकदमाती व लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए।

थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही कर्मचारी बैरकों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता पर शीघ्र कराने हेतु आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने IGRS, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, डीजी मुख्यालय, जोन, परिक्षेत्र एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त जनशिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु विशेष निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को जनसुनवाई के दौरान आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### सदस्या ने कारागार का किया निरीक्षण

**बरेली, 22 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डिलैना खान्गडुप ने केंद्रीय कारागार/ जिला कारागार का निरीक्षण किया। सदस्य ने विशेष रूप से महिला बैरक का निरीक्षण किया। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने कारागार में वृक्षारोपण भी किया। सदस्य के साथ निरीक्षण के दौरान नेहा यादव और लकी शर्मा भी रहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्र के साथ-साथ जेलर संजय कुमार, रतन कुमार, डिप्टी जेलर पीयूष पांडे, अंजली वर्मा, रीता सागर, चैतेंद्र प्रसाद सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



### आंधी में उड़ कर आई टीन गिरने से विवाहिता की मौत

**फिरोजाबाद, 22 मई (तरूणमित्र)।** थाना जसराना के गांव नगला चैन सुख मैं बुधबार रात आई तेज आंधी के दौरान टीन महिला के ऊपर गिरने से मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जसराना के गांव नगला चैन सुख निवासी 35 वर्षीय मनीषा देवी पत्नी सतीश चंद्र बुधवार की रात अपनी छत पर परिवार सहित सो रही थी, तभी आंधी और बारिश के दौरान एक टीन उड़कर छत पर सो रही मनीषा देवी के ऊपर गिर पड़ी , जिसके फल स्वरुप मनीषा के सिर में काफी चोट आई और उसने दम तोड़ दिया परिजनों में चीख पुकार मच गई पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गये, इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। जहां शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। महिला ने अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियां को रोते बिलखते छोड़ा है।

## बरेली कॉपोर्रेट लीग : डीजी इंफ्रा व शाहजेब फर्नीचर ने जीत की दर्ज




**बरेली, 22 मई (तरूणमित्र)।** डीजी इंफ्रा ग्रुप के तत्वाधान में श्री राम मूर्ति स्मारक क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे बरेली कॉपोर्रेट लीग में गुरुवार को दो मैच खेले गये। पहला मैच आरसीसी व डीजी इंफ्रा के मध्य खेला गया। जिसमे आरसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आरसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शादाब रजा के 60 व सुमित सोनकर के 26 रनों की मदद से 20 ओवार में 155 रनों का लक्ष्य डीजी इंफ्रा के समक्ष रखा। डीजी इंफ्रा की ओर से शुभम ने 4 विकेट व शिवांक ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीजी इंफ्रा की टीम ने आदित्य मूर्ति के 28, अंकित 27 व शुभम के 26 रनों की मदद से 19 ओवर में 158 रन बनाकर यह मैच 4 विकेट से जीत लिया। आरसीसी की ओर से आसिफ व फरमान ने 2-2 विकेट लिए। शुभम सक्सेना को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच ईलाइट इलेवन व शाहजेब फर्नीचर के मध्य खेला गया।

जिसमें ईलाइट इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। विक्की खान के 40 रनों की मदद से ईलाइट इलेवन ने 20 ओवर में 128 रनों का लक्ष्य शाहजेब फर्नीचर के समक्ष रखा। शाहजेब फर्नीचर की ओर से केपी राणा व शैरी ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शाहजेब फर्नीचर की टीम ने जारीफ के 34 व विक्की मौर्य के 28 रनों की मदद से 18.3 ओवरों में 128 बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति की और 2 विकेट से मैच जीत लिया। ईलाइट इलेवन की ओर से विक्की खान व तस्लीम अल्वी ने 2-2 विकेट लिए। जारिफ को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर शशांक रस्तोगी, आदित्य मूर्ति, रियाज अफरीदी, शुभम कौशिक, अतुल यादव, सुहाग फैशन से जावेद अंसारी, रिजवान अंसारी, जारिया कलेक्शन के मालिक जहीर उद्दीन, आरिफ गाजी व जॉनी आदि उपस्थित रहे। आज के मैच के अंपायर सय्यद बाबर व पिंटू सिंह रहे तथा स्कोरिंग अनूप गुप्ता ने की।

## समर कैंप में बच्चों ने जमकर की मौज मस्ती

**बरेली, 22 मई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भी अब कांवेंट स्कूलों जैसा बनाने को लेकर प्रदेश भर में समर कैंप का आयोजन किया है। जिसको लेकर विद्यालयों में बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।श्रीमती श्यामवती कन्या इंटर कॉलेज में वृहस्पतिवार को समर कैंप के दूसरे दिन शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजबहादुर एवं शिक्षक भगवानदास ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कैंप में रस्साकसी, वॉलीवाल, रस्सी कूद, म्यूजिकल चेयर, खो-खो, कबड्डी के अलावा योगाभ्यास में सबसे ज्यादा रूचि ले रहे हैं, छात्र -छात्राएं इसी दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से पहुंचे, जिला समन्वयक वीरेंद्र गंगवार ने औचक निरीक्षण करते हुए बच्चों से खेलों के सम्बंध में जानकारी भी ली। इस दौरान शिक्षक सुनील दत्त, गौरीशंकर, श्याम स्वरूप, राकेश कुमार, शाकिर हुसैन, प्रीति गंगवार, सोनम देववंशी, अवनेश, सूरज गंगवार सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।



## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने महिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

- केक काटकर बच्चियों का जन्मोत्सव मनाया और पोषण टोकरी और बेबी क्लॉथ किट का किया वितरण
- तेरे मेरे सपने (विवाह पूर्व संवाद केन्द्र) का किया उद्घाटन



**बरेली, 22 मई (तरूणमित्र)।** अध्यक्षा राष्ट्रीय महिला आयोग विजया रहाटकर ने गुरुवार को जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सवप्रर्थम अध्यक्षा ने नवजात शिशु देखभाल इकाई एवं पोस्ट ओपरेटिव वार्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां पर भर्ती शिशुओं के उपचार के बारे में जानकारी ली।

उक्त के उपरांत उन्होंने बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ योजना के अन्तर्गत बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया और पोषण टोकरी व बेबी क्लॉथ किट वितरित किया गया तथा सभी को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

अध्यक्षा द्वारा चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गई एवं दो बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा ने तीन सौ बेड अस्पताल में पहुंच कर वहाँ "तेरे मेरे सपने"( विवाह पूर्व संवाद केन्द्र ) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सदस्य राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा सहित अस्पताल के डॉक्टर उपस्थित रहे।

## भाजपा ने मनाया लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का त्रिशताब्दी समारोह

**फिरोजाबाद, 22 मई (तरूणमित्र)।** भाजपा द्वारा फिरोजाबाद क्लब में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर त्रि शताब्दी समारोह में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर मराठा साम्राज्य की एक अद्वितीय महिला शासिका थी जिन्होंने 1767 से 1795 तक मालवा पर कुशलता पूर्वक शासन किया उन्होंने कहा कि उनका जीवन न्याय , सेवा ,त्याग और सुशासन का अनुपम उदाहरण है।

जिस तरह से अहिल्याबाई होल्कर ने लोक कल्याण के लिये कार्य किया , उसी तरीके आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोक कल्याण एवं जन कल्याण के लिये कार्य कर रहे है, उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर का जिक्र करते हुए कहा, कि अहिल्याबाई होल्कर की तरह ही व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर का नेतृव करते हुए महिलाओं के सम्मान में राष्ट्र रक्षा का कार्य किया गया, अहिल्याबाई होल्कर ने प्रमुख तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार करवाया, वे नारी नेतृत्व और सामाजिक समरसता की प्रतीक मानी जाती है। अहिल्याबाई होल्कर का जीवन संघर्ष पूर्ण होते हुए भी अत्यंत प्रेरणादायी रहा। उनके अनुकरणीय कार्यो और महान चरित्र के कारण उन्हें पुण्यश्लोक की उपाधि दी गयी थी। महानगर जिलाध्यक्ष सतीश दिवाकर ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का पूरा जीवन समाज के लिये एक आदर्श है।

महापौर कामिनी राठौर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई आदर्श शासन की शिल्पकार थी, सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर का जीवन शौर्य , साधना, सेवा, समर्पण, संयम,और सादगी का अप्रतिम उदाहरण है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ महानगर जिलाध्यक्ष सतीश दिवाकर की अध्यक्षता में किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा रहे, कार्यक्रम के दौरान लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर



विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित विचार गोष्ठी में पूर्व जिलाध्यक्ष नानक चन्द्र अग्रवाल, आनन्द अग्रवाल, डॉ एस पी लहरी, शैलेन्द्र गुप्ता शालू, दीपक गुप्ता कालू, आकाश गुप्ता, अंकित तिवारी, पूर्व मंत्री विवेक अग्रवाल, आशीष दिवाकर, पार्षद नरेश शर्मा, राजेन्द्र बौहरे, लक्ष्मी नारायण यादव, सुनील टण्डन, अरविंद पचौरी, विनोद पचौरी, रामनरेश कटारा, श्याम सिंह यादव, अनुपम शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वीरांगना झलकारी बाई दौड़ प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण का हुआ आयोजन

**फिरोजाबाद, 22 मई (तरूणमित्र)।** वीरांगना झलकारी बाई दौड़ प्रतियोगिता 2024 का पुरस्कार वितरण समारोह सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल बौद्ध आश्रम पर आयोजित किया गया जिसमें बालिका वर्ग में कु0 ममता कश्यप प्रथम,कु0 सोनी शंखवार द्वितीय एवं प्रिया शर्मा को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। बालक वर्ग में कृष्णकांत शंखवार प्रथम, लक्ष्मीकांत को द्वितीय एवं शिवम वर्मा को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र,मैडल एवं शील्ड प्रदान किये गये, प्रतिभा करने वाले सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक भगवान दास शंखवार ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर प्रतिवर्ष एक सप्ताह तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष पार्षद मनोज शंखवार ने सभी प्रतिभागियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर केशव देव शंखवार,भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष लायक सिंह शंखवार,सुनील शंखवार, शांतीदास शंखवार,रामकुमार शंखवार,आलोक कुमार शंखवार, मनोज यादव, जॉनी कोहली आदि उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य के लिए डीएम व टीम को किया सम्मानित

**एटा, 22 मई (तरूणमित्र)।** आयुक्त श्रीमती संगीता सिंह द्वारा जनपद एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी डा0 नागेन्द्र नारायण मिश्र, डीसी मनरेगा प्रभु दयाल को मंडलीय समीक्षा बैठक में महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड संकेतांक पर माह जनवरी, फरवरी, मार्च एवं अप्रैल 2025 में मण्डल एवं प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर मोमेंटो एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में मनरेगा के तहत लगाता चार माह से एटा जिले को प्रथम स्थान मिला है, यह गौरव की बात है, इस क्रम को आगामी समय में भी जारी रखने हेतु मण्डलायुक्त ने



निर्देश दिए।

बताते चलें कि मुख्यमंत्री कार्यालय से दिनांक 10 मई 2025 को महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड संकेतांक पर माह अप्रैल, 2025 की निर्गत रैंक में जनपद एटा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के नेतृत्व में जनपद में महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत गत 17 वर्षो में चैथी वार (जनवरी, फरवरी, मार्च एवं अप्रैल 2025) श्रमिक परिवारों को रोजगार प्रदान किये जाने में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जनपद में वर्तमान वित्तीय वर्षों में मनरेगा योजनान्तर्गत छोटे-छोटे बच्चों की देख-भाल हेतु 113 आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण परिवारों को सुगमता से राशन पहुंचाने हेतु 75 खाद्यान्न भण्डारण संरचनाओं का निर्माण कराया गया है, जनपद में 195 बाउण्ड्रीवाल विहीन परिषदीय विद्यालयों तथा 17 माध्यमिक विद्यालयों की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराते हुए अराजक तत्वों से मुक्त कराया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी से मुक्त कराते हुए 415 इण्टरलॉकिंग एवं नालियों का निर्माण कराया गया है तथा 128 अमृत सरोवरों का निर्माण पूर्व में कराया जा चुका है। वर्तमान में 47 अमृत सरोवर निर्माणाधीन है। 180 जल संरक्षण के लिये तालाबों पर कार्य चल रहा है। जनपद में शेष बची 17 बाउण्ड्रीवालों पर कार्य चल रहा है। इसके साथ ही 16000 मजदूरों को प्रतिदिन 100 प्रतिशत मांग के अनुरुप कार्य दिया जा रहा है जिसके परिणास्वरुप लगातार प्रदेश में प्रथम रैंक बनी हुई है।

## ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में बुजुर्ग की मौत

**एटा, 22 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के खेमका पेट्रोल पंप के पास बुधवार की रात बाइक और ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में सुनहरी नगर निवासी 60 वर्षीय राकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल एम्बुलेंस की मदद से एटा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद राकेश की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर वसुंधरा रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उनकी हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। देर रात परिजन उनका शव लेकर एटा वापस लौटे।

सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक

# सीपीएस में पंद्रह दिवसीय गायन व नृत्य कार्यशाला का समापन

**फतेहपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** शहर के स्थानीय चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं चिल्ड्रेन पब्लिक इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 06 मई से 21 मई तक चली 15 दिवसीय गायन/नृत्य की प्रस्तुतिपरक कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के समन्वयक एवं आयोजक सुनील कुमार दीक्षित ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन किया। कार्यक्रम में सीपीएस के प्रबंधक संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर प्राची श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को दिशा निर्देश प्रदान किए। विद्यालय के बच्चों ने सावन झड़ी लगी लोक गीत व ए गिरि नंदिनी नृत्य की शानदार प्रस्तुति द्वारा अपनी कला व प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यशाला में विद्यालय के कक्षा 5 से 12 तक के लगभग 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें उन्हें भारतीय संस्कृति लोकगीत, लोक नृत्य आदि में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने पर समन्वयक एवं आयोजक सुनील कुमार दीक्षित ने बच्चों, संगीत व नृत्य के शिक्षकगणों प्रशान्त, आशीष, ओंड्रिला को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया।

# जिलाध्यक्ष पवन हूण गन्ना आयुक्त से मिले

## 7 करोड़ के घोटाले की जाँच जिला गन्ना अधिकारी से हटे : हूण

**हापुड़, 22 मई (तरुण मित्र)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का एक प्रतिनिधिमंडल के साथ हापुड़ जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने गन्ना आयुक्त लखनऊ से 5 मई को भेंट की और लिखित में हापुड़ गन्ना समिति में 7 करोड़ के घोटाले के बारे में अवगत कराया। गन्ना आयुक्त से मांग की थी इस जांच में हापुड़ के जिला गन्ना अधिकारी इस घोटाले की जांच कर रहे है जो उनके रहते प्रभावित हो रही है इसलिए जिला गन्ना अधिकारी को इस जांच से दूर रखा जाए ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो सके क्योंकि जिला गन्ना अधिकारी के रहते यह जांच निष्पक्ष नहीं हो सकती इस पर गन्ना आयुक्त ने श्री हूण को भरोसा देते हुए निर्देश जारी किए की इस जांच में



अन्य को भी शामिल किया जाए ताकि जांच निष्पक्ष हो सके। जिलों के अधिकारी जांच टीम में शामिल किए हैं।

# लंबित वृद्धावस्था पेंशन के आवेदनों का तीन दिन में करें निस्तारण : डीएम

**आजमगढ़, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार-।। ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों में संचालित योजनाएं जो समय से पीछे चल रही हैं एवं लंबित हैं, उनसे सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक किया।

जिलाधिकारी ने समस्त सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को छोटी-मोटी कमियों को दो से तीन दिन तथा अधिकतम 15 दिन के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि निस्तारण में किसी प्रकार की कोई बड़ी समस्या है तो अवगत कराया जाए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग को स्कूल में नामांकन के अनुसार बच्चों की अनुपस्थिति का कारण पता करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि एबीएसए स्वयं ब्लॉक वाइज भ्रमण कर मुख्य विकास अधिकारी को अवगत करायें। उन्होंने उप कृषि निदेशक को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के आवेदकों का आवेदन किस कारण लंबित है, कारण स्पष्ट करने तथा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के लाभार्थी का चयन 15 दिन के अंदर पात्रता के आधार पर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सामाजिक सेक्टर के अधिकारियों को विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन के आवेदनों के निरस्तीकरण का कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 45 दिन से पुराने लंबित वृद्धावस्था पेंशन के आवेदनों का निस्तारण 3 दिन में करना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि एसडीएम/खंड विकास अधिकारी स्तर से सत्यापन भी कराया जाए। प्रोजेक्ट अलंकार में 05 पेंडिंग बाउंड्री वालों को तत्काल निर्माण कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को लंबित गन्ना किसानो के भुगतान हेतु आवश्यक धनराशि की मांग के लिए गन्ना आयुक्त को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी में उपायुक्त उद्योग को निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित एमओयू की सूची तत्काल उपलब्ध कराने एवं सीएम युवा उद्यमी अभियान के अंतर्गत ऋण के लंबित आवेदनों का एलडीएम/बैंकों से समन्वय स्थापित कर तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिप्टी आरएमओ को गेहूं खरीद का पिछले वर्ष एवं इस वर्ष का तुलनात्मक विवरण निर्धारित फॉर्मेट पर उपलब्ध कराने एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल सही कार्यदायी संस्था का चयन कर पूर्ण होने वाली गौ-शालाओं को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, मुख्य राजस्व अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त उद्योग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डीईएसटीओ, उप कृषि निदेशक सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हसवा ओवर ब्रिज पर टकराया कंटेनर, चालक-खलासी जखमी

**फतेहपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** थरियांव थाना क्षेत्र स्थित हसवा चौकी के समीप ओवरब्रिज पर एक कंटेनर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। यह हादसा उस समय हुआ जब चालक को भोर पहर झपकी आ गई।

जानकारी के अनुसार कौशाम्बी जनपद के सिराथू थाना क्षेत्र के राघुपुर शमशाबाद गांव निवासी राहुल यादव कंटेनर लेकर कानपुर से प्रयागराज जा रहा था। रास्ते में हसवा ओवरब्रिज पर चालक को झपकी आने से कंटेनर अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में कंटेनर के खलासी

### ❑ चालक को झपकी आ जाने से हुआ हादसा

अमर पटेल घायल हो गए। वहीं चालक राहुल यादव का पैर कंटेनर के केबिन में फंस गया। जिससे उसका पैर पूरी तरह फ्रैक्चर हो गया। मौके पर पहुंची थरियांव पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकाला गया।

थाना प्रभारी आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। साथ ही, दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को हाईवे से हटवा कर यातायात सुचारु करा दिया गया है।

# क्यूब रूट फाउंडेशन ने दूसरे माह किया पोषाहार वितरण

## जनसहभागिता से ही टी 0बी0 मुक्त भारत का सपना होगा साकार : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**हापुड़, 22 मई (तरुण मित्र)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में टी0 वी0 मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज क्यूब हाइवे संस्था द्वारा वित्त पोषित क्यूब रूट फाउंडेशन द्वारा जनपद के ब्लॉक गढ़मुक्तेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़मुक्तेश्वर सभागार में 150 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरण किया गया संस्था के रूपेश सिंह ने बताया की संस्था द्वारा जनपद में कुल 250 रोगियों को गोद लेकर पोषाहार वितरण किया जाना है जिसके अंतर्गत दिनांक 23 मई 2025 को भी जनपद की सिंभावली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन कर पोषाहार वितरण किया जाएगा पोषाहार में सोयाबीन /दाल/गुड़/तिल /गजक/ प्रोटीन पाउडर आदि सामग्री का वितरण किया गया रूपेश सिंह द्वारा बताया गया की संस्था के माध्यम से इन सभी मरीजों को प्रतिमाह यह पोषण पोटली वितरित की जाएगी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि जनपद में अन्य संस्थाओं द्वारा जैसे रोटरी क्लब /व्यापार संघ/लायन क्लब /इनर व्हील क्लब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हापुड़ देवनंदनी हॉस्पिटल/आरोग्य हॉस्पिटल/ मोनाड विश्वविद्यालय/शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट आदि संस्थाओं द्वारा भी टी0 वी0 रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण किया जाता है पोषण पोटली वितरण समारोह में आए मरीज एवं मरीजों के तीमारदारों को जिला पी0 पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी द्वारा टी0 वी0 के लक्षण निदान व रोग से बचाव के विषय में विस्तार से बताया गया इस अवसर पर संस्था के प्रोजेक्ट हेड अनिल कुमार शर्मा रूपेश सिंह प्लाजा मैनेजर राज्यवर्धन सिंह चौहान राकेश राय मैनेजर (CSR )व राजेश चौधरी एवं स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधीक्षक डॉ शशी भूषण वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गजेंद्र पाल सिंह वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक रामसेवक लैब टेक्नीशियन महेंद्र सिंह वी टी0 बी0 एच0 वी0 लाखन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**फतेहपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलाबाद स्टेशन के समीप चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। जानकारी के अनुसार गाजीपुर जनपद के गोपालपुर निवासी सुरभान 45 वर्ष पुत्र रामशंकर यादव ग्वालियर से नौकरी करके ट्रेन द्वारा घर वापस जा रहा था। जब ट्रेन थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलाबाद स्टेशन पर पहुंची तभी वह चलती ट्रेन से गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस आए मृतक के छोटे भाई संतोष ने बताया कि भाई ग्वालियर से नौकरी करके घर आ रहे थे तभी हादसा हुआ है।

# श्रीराम कॉलेज में एक दिवसीय योग महोत्सव शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 22 मई (तरूणमित्र)।** उ0प्र0 की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए आज श्रीराम कॉलेज के खेल मैदान में एक दिवसीय योग महोत्सव शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नेशनल योगासन खिलाडी अर्चना सिंह योग शिक्षक के रूप में उपस्थित रही। योग महोत्सव शिविर में श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष श्रीराम ट्रस्ट, देवेन्द्र चौधरी, ललित कला विभाग के निदेशक डा मनोज धीमान, डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम, बाह्य प्रवेश समन्वयक कपील धीमान, भूपेन्द्र कुमार, संदीप, अमरदीप, प्रशांत, एसआरसी छात्रावास वार्डन राजीव रावल आदि उपस्थित रहें।

इस योग शिविर में कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ-साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने योग का लाभ प्राप्त किया। इस योग शिविर में नेशनल योगासन खिलाड़ी अर्चना सिंह ने उपस्थित व्यक्तियों को प्राणायाम एवं योगासन सिखाये तथा ध्यान केन्द्रित कराया गया। शिविर में नेशनल योगासन खिलाड़ी अर्चना सिंह ने बताया कि मनुष्य को होने वाले लाभ और डायबिटीज व अन्य रोगो के लक्षण एवं उपचार के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि आज के युग में मनुष्य का जीवन तनावपूर्ण है।

## संदिग्ध हालत में युवक ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** ललौली थाना क्षेत्र के अकीलाबाद गांव में एक युवक ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार अकीलाबाद गांव निवासी स्व0 खेमराज सिंह गौतम के 35 वर्षीय पुत्र अर्जुन सिंह गौतम ने संदिग्ध हालत में बुधवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी। गुरूवार की सुबह जब अर्जुन सिंह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों को चिंता होने लगी। दरवाजा तोड़कर जब अंदर देखा तो होश उड़ गए। उसका शव फांसी के फंदे पर लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

# किशनपुर यमुना पुल के डैमेज अप्रोच को दुरूस्त कराने की मांग

### ❑ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** किशनपुर कस्बा स्थित यमुना पुल की शुरूआत से ही डैमेज अप्रोच को अविलंब दुरूस्त कराए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रजि0 के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रजि0 के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट आए और जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि किशनपुर कस्बे में यमुना नदी पर पुल बनाया जा चुका है। जिससे किशनपुर व बांदा जिले



के यमुना पट्टी के लोगों का व्यापार के सिलसिले से किशनपुर आना-जाना बना रहता है लेकिन यमुना नदी के पुल की शुरूआत में ही अप्रोच डैमेज हो गया है। जिसका निर्माण बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। मिट्टी डालकर कच्चा रास्ता नाले के ऊपर से बनाया गया है वह बरसात में अत्यधिक पानी भर जाने के परिणामस्वरूप कट जाने व जलमग्न हो जाता है जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र के लोगों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो जाता है, जिससे व्यापार बंद हो जाएगा व राजस्व की अपूर्णनीय क्षति होगी।

व्यापारी व आम जनमानस भुखमरी की कगार पर आ जाएंगे और व्यापारी वर्ग कस्बे से पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। मांग किया कि मामले को गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए किशनपुर घाट में यमुना नदी पर बने शुरूआत में ही डैमेज अप्रोच को बरसात होने से पूर्व दुरूस्त कराए जाने का आदेश दिया जाए।

## सामूहिक दुराचार के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**हथगाम, फतेहपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** गुरूवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सामूहिक दुराचार के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक गुरूवार की सुबह पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि सामूहिक दुराचार के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र मुन्ना 22 वर्ष, महेश पुत्र स्वर्गीय नन्हेलाल 30 वर्ष निवासीगण ग्राम जाफरपुर थाना हथगाम थाना क्षेत्र के कसराव तिराहा मोड़ से पहले खड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार गुप्ता अपने हमराहियों के साथ आनन फानन पहुंचकर घटनास्थल की घेराबंदी कर वांछित चल रहे दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

# दोस्त की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**फतेहपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** दस साल पहले बिन्दकी सर्किल के सदान बदान का पुरवा में हुई हत्या के एक मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट एक ने गुरुवार हत्यारे दोस्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने सजा के साथ चालीस हजार रूपए का अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट का फैसला आते ही पीड़ित परिवार में न्याय की उम्मीद को लेकर बोझिल हुई आंखों में खुशी की थोड़ी ही सही झलक देखने को मिली।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के सदान बदान का पुरवा गांव में दो जून 2015 को राघवेंद्र सिंह की उस वक्त हत्या कर दी गई थी। जब वह दरवाजे के बाहर चारपाई डालकर सोए हुए थे। इस मामले में राघवेंद्र के पिता राजेंद्र सिंह ने पुलिस में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की



विवेचना में गांव के सुधीर यादव का नाम सामने आया था। वादी अधिवक्ता सैयद नाजिश रजा व अपर शासकीय अधिवक्ता कल्पना पाण्डेय ने अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट एक के फैसले का इस्तकबाल करते हुए बताया कि घटना से पहले सुधीर ने राघवेंद्र से मारपीट की थी। तभी उसने ऐलान किया था कि आज से ठीक तीन महीने के अंदर वह उसे मौत के घाट उतार देगा। उधर, कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए राघवेंद्र ने कहा कि भले ही इंसाफ मिलने में 10 साल का वक्त लग गया, लेकिन उन्हें भरोसा था कि न्याय जरूर मिलेगा। ऊपर वाले के घर देर है, अंधेर नहीं।

**पुलिस विभाग में हुआ था चयन**

फतेहपुर। जिस राघवेंद्र सिंह को सोते वक्त मौत के घाट उतार दिया गया। वह पुलिस की भर्ती में चयनित हो गए थे केवल जॉइनिंग लेना बाकी था। हत्यारे ने भी पुलिस भर्ती की परीक्षा दी थी लेकिन वह परीक्षा पास नहीं कर सका था। इसी खुन्नस में हत्यारे ने घटना को अंजाम दिया था।

# आकाशीय बिजली व आंधी-पानी के कहर से तीन की थमी सांसे

**फतेहपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार/गुरूवार की अर्द्धरात्रि जिले में आंधी-पानी व आकाशीय बिजली कहर बनकर आई। अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से जहां किशोरी समेत तीन लोगों की सांसे थम गई वहीं कई बेजुबान जानवर भी काल के गाल में समा गए। कई स्थानों पर पेड़ भी धराशायी हुए हैं। यहां तक कि पक्के मकान भी मलबे में तब्दील हो गए। गुरूवार को पूरा दिन जिले में आंधी पानी व आकाशीय बिजली की चचाएं होती रहीं। उधर प्रशासन की ओर से राहत व बचाव कार्य जारी रहा। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा रहा। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के नंदापुर गांव

### ❑ अलग-अलग क्षेत्रों में कई पेड़ हुए धराशायी, मकान मलबे में हुए तब्दील

निवासी 15 वर्षीय अंशिका शुक्ला पुत्री सत्येन्द्र शुक्ला तेज आंधी व पानी आने पर घर के बाहर सूख रहे कपड़े लेने गई थी। तभी पास के खड़े पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली की तीव्रता से पेड़ टूटकर अंशिका के ऊपर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जाता है कि छात्रा खजुहा कस्बे के पुरूषोत्तम इंटर कालेज में कक्षा बारह की छात्रा थी। वह अपने ननिहाल नंदापुर गांव में मामा राजेश तिवारी के घर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। छात्रा की मौत के बाद परिजनों के बीच कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के परिजन भी गांव पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर बकेवर थाना क्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर आलमपुर गांव में 57 वर्षीय राम बाबू पुत्र स्व0 हीरालाल यादव अपने ट्यूबवेल की दूसरी मंजिल पर लेटे थे। बारिश और तेज तूफान के कारण ट्यूबवेल की दूसरी मंजिल भरभराकर गिर गई। जिसके मलबे में दबने से राम बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होने के बाद ग्रामीणों के बीच हाहाकार मच गया। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। आनन-फानन मलबा हटाकर राम बाबू को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने रामबाबू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर घटना के बाद परिजनों के बीच कोहराम मचा रहा। इसी तरह गाजीपुर थाना क्षेत्र के पैनाकला गांव में 85 वर्षीय मौजीलाल अपने नाती के घर आए हुए थे। घर के बाहर नीम के पेड़ के नीचे सो रहे थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई। जिससे मौजीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मैकू (50) और राजेश (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बहरौली गांव में मध्य रात्रि आए तेज आंधी पानी के चलते पड़ोसी के घर की छत में बनी दीवार बनवारी पाल के हाता के अंदर गिर गई। जिसके मलबे में दबकर बनवारी पाल की 12 भेड़ों की मौत हो गई। दस भेड़ घायल हो गई। गुरुवार की सुबह हड़कंप मचा रहा। बताया जाता है कि बनवारी पाल की भेड़ एक बाउंड्रीवाल के अंदर बंधी हुई थी। दीवार गिरने से घटना हो गई। आंधी-पानी व आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं के बाद जिला प्रशासन राहत कार्य में जुटा रहा। प्रशासन ने सभी घटनाओं की जानकारी लेकर मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी है और घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई। साथ ही आपदा राहत के तहत सहायता राशि दिए जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

**विद्युत व्यवस्था रही बाधित**

फतेहपुर। बुधवार/गुरूवार की अर्द्धरात्रि जिले में आई आंधी-पानी व आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं के बाद सबसे ज्यादा असर विद्युत विभाग में देखने को मिला। कई स्थानों पर आंधी-पानी के चलते विद्युत पोल उखड़ गए। कई ट्रांसफार्मर भी खराब हो गए।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

**फतेहपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** आपरेशन सिंदूर की सफलता व देश के सैनिकों का आभार जताए जाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन लगातार किया जा रहा है। नगर दक्षिण के कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालकर भारत माता की जय के उद्घोष लगाए। यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी हुआ।

मंडल अध्यक्ष रितेश गुप्ता उर्फ सोल्डी की अगुवई में नगर दक्षिण में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि के रूप में बच्चा तिवारी ने शिरकत की। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपाई व आमजन शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के उद्घोष लगाते हुए आपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के सैनिकों का आभार जताया



गया। यात्रा की अगुवई कर रहे मंडल अध्यक्ष श्री सोल्डी ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा सैलानियों पर किए गए हमले के जवाब में मोदी सरकार के निर्देशन में आपरेशन सिंदूर चलाया गया। जिसमें पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में देश के सैनिकों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होने कहा कि यदि अब भी पाकिस्तान न सुधरा तो उसे नक्शे से मिटाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर जसवंत गिहार, नईम अहमद, अखिलेश सिंह, नीरज सिंह, राहुल शिवहरे, राजेन्द्र भी मौजूद रहे।

# स्कूली बस की चपेट में आने से बालक की हुई मौत

आजमगढ़, 22 मई (तरुणमित्र)। आजमगढ़ जनपद के सरायमीर थाना क्षेत्र के नन्दाव गांव के पास गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ। इकरा पब्लिक स्कूल की बस की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई। मृतक बालक बाजार जा रहा था। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूली बस में आग लगा दी और सड़क जाम कर दी।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि सरायमीर थाना क्षेत्र के नंदाव बाजार के पास आज करीब साढ़े सात बजे सुबह इकरा पब्लिक स्कूल की बस बच्चों को लेकर जा रही थी। नंदाव के पास थाना क्षेत्र के लाल पोखरा गांव



निवासी 11 वर्षीय बालक राज यादव पुत्र शोभई बाजार जाते समय स्कूली बस की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूली बस में आग लगा दिया और सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी यादवेंद्र पांडेय,

**आक्रोशित ग्रामीणों ने बस में लगाई आग, रास्ता किया जाम**

एसडीएम और मेरे द्वारा मौके पर पहुंचकर मित्र के परिजनों से मुलाकात की गई, परिजनों से तहरीर लेकर जाम को समाप्त कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बस का चालक नाबालिग था और बस का फिटनेस सर्टिफिकेट भी नहीं था। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। जली हुई बस को सरायमीर थाने भिजवा दिया गया है, और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके हिसाब से अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गरीब कन्याओं की शादी अनुदान को करें ऑनलाइन आवेदन

श्रावस्ती, 22 मई, (तरुणमित्र)। जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. अमरनाथ यति ने जनपद के सभी जन-सामान्य को सूचित किया है, कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए शादी अनुदान योजना संचालित की गयी है। जनपद श्रावस्ती को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों की पुत्रियों के शादी हेतु कुल लक्ष्य-228 एवं सामान्य वर्ग के लिए कुल लक्ष्य-146 कन्याओं को लाभ दिए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आवेदक शादी अनुदान हेतु आनलाइन बेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# हर घर जल योजना की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश



अंबेडकरनगर, 22 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में जन सामान्य को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित हर घर जल योजना के विभिन्न परियोजनाओं में आ रही समस्याओं के समाधान तथा हर घर जल सर्टिफिकेशन के संबंध में समीक्षा बैठक की।

बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 571 योजनाएं हैं, जिसमें 1573 राजस्व गांव सम्मिलित हैं, इसमें 316569 गृह संयोजनों के सापेक्ष अब तक 310459 (98.07%) गृह संयोजन कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि 881 राजस्व गांवो में जलापूर्ति हो रही है, अन्य योजनाओं में कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न योजनाओं में भूमि विवाद से संबंधित समस्याओं के निराकरण के स्थिति की योजनावार समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सीपी सिंह जिला समन्वयक जल जीवन मिशन द्वारा भूमि विवाद संबंधी समस्याओं को हल कराने में रुचि न लेने और संबंधित उप जिलाधिकारी से इसके संबंध में समन्वय न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा अधिशासी अभियंता जल निगम को सीपी सिंह के विरुद्ध शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जूनियर अभियंता जल निगम को भूमि विवाद से संबंधित अवशेष समस्याओं को संबंधित उप जिलाधिकारी से मिलकर त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए, इसी के साथ ही उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को जल जीवन मिशन से संबंधित समस्याओं को त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त मार्गो के रेस्टोरेशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिव व पंचायत सहायक आदि के माध्यम से कराए गए जल जीवन मिशन के कार्यों के सत्यापन में प्राप्त कमियों को तत्काल दूर करने हेतु संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया। उन्होंने सत्यापन में नल संयोजन के असंतुष्ट लाभार्थियों से समन्वय कर उनका फीडबैक प्राप्त करने तथा उनकी समस्याओं के निदान करने हेतु भी निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत आईईसी/आईएसए को जनमानस को जल के उपयोग एवं संचय के प्रति जागरूक करने, योजना के लाभों की जानकारी देने तथा कनेक्शन से छूटे हुए परिवारों को प्रेरित कर उनका कनेक्शन करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी योजनाओं में तीव्र गति से कार्य एवं उन कार्यस्थल पर टीपीआई एवं जल निगम के इंजीनियरों को निरंतर गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए।

# आकाशीय बिजली गिरने से युवक की दर्दनाक मौत

आजमगढ़, 22 मई (तरुणमित्र)। जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र के भगतपुर गांव में गुरुवार सुबह एक दुखद घटना में आकाशीय बिजली गिरने से 23 वर्षीय युवक प्रदीप मौर्य की मौत हो गई। प्रदीप, जो अपने पिता इंद्रदेव मौर्य के चार बेटों और दो बेटियों में सबसे छोटा था, सुबह करीब 5 बजे शौच के लिए घर से निकला था। इस दौरान हल्की बारिश हो रही थी, तभी अचानक बिजली गिरने से वह बुरी तरह झुलस गया।

परिजनों को सूचना मिलते ही वे उसे आनन-फानन में रामनगर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले आए। घटना की सूचना पर थाना अध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा, तहसीलदार शिव प्रकाश सरोज और राजस्व निरीक्षक प्रेम प्रकाश यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रदीप अविवाहित था और गुजरात में निजी नौकरी करता था। वह कुछ दिन पहले अपनी मां शकुंतला देवी के इलाज के लिए घर आया था। इस आकस्मिक घटना से मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता इंद्रदेव मौर्य ने बताया कि प्रदीप सुबह शौच के लिए सिवान गया था, तभी यह हादसा हुआ। तहसीलदार शिव प्रकाश सरोज ने बताया कि प्राकृतिक आपदा में मृतक के परिवार को राज्य आपदा मोचन कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# एमओवाईसी हुजूरपुर को मुख्यालय से सम्बद्ध करने के निर्देश

बहराइच, 22 मई (तरुणमित्र)। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार की देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खण्ड एवं आकांक्षात्मक जनपद समिति की समीक्षा करते हुए आकांक्षात्मक विकास खण्ड हुजूरपुर में यूनीसेफ द्वारा किये गये पर्यवेक्षण/विजिट रिपोर्ट एवं फीडबैक के आधार पर स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा व जल जीवन मिशन के कतिपय सूचकांकों में अत्यधिक अन्तर पाये जाने, आकांक्षात्मक जनपद/विकासखण्ड कार्यक्रम के सूचकांको की प्रगति समीक्षा की गयी यूनीसेफ द्वारा जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक के विजिट के आधार पर एबीपी हुजूरपर के 18 संकेतांको में विकासखण्ड हुजूरपुर की स्थिति खराब पायी गयी गयी। पंजीकरण के सापेक्ष गर्भवती की



सम्पूर्ण ए.एन.सी. जांच तथा नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत यूनिसेफ के अत्यन्त ही खराब स्थिति पायी गयी। इसी प्रकार 30 वर्ष के अधिक आयु के व्यक्ति के हाइपरटेन्शन व डाइबिटिज की जांच की स्थिति का प्रतिशत भी कम पाया गया। इन आंकड़ों की जानकारी एमओवाईसी तथा सीडीपीओ को थी परन्तु उनके स्तर से क्या कार्यवाही की गयी।

बैठक में उपस्थित एमओवाईसी तथा सीडीपीओ हुजूरपुर द्वारा सन्तोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। जिसपर डीएम ने एमओवाईसी हुजूरपुर को मुख्यालय सम्बद्ध किये जाने के लिए सीएमओ को निर्देश दिये गये। इसी प्रकार अन्य संकेतांको की स्थिति यूनिसेफ के विजिट के अनुसार खराब पायी गयी है। खण्ड विकास अधिकारी हुजूरपुर, जो आकांक्षात्मक विकासखण्ड कार्यक्रम की नोडल है, द्वारा इसकी नियमित मॉनीटरिंग नहीं की जा रही है। इसपर जिलाधिकारी द्वारा रोष व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाते हुए खण्ड विकास अधिकारी, एमओवाईसी तथा सीडीपीओ हुजूरपुर के वेतन

**डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक**

बाधित करने तथा सम्बन्धित संकेतांको में एक माह में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिये गये। बैठक में विकास खण्ड स्तरीय एवं जिलास्तरीय अधिकारियों को एबीपी व एडीपी के संकेतांको से सम्बन्धित स्टाफ के साथ माइक्रो लेवल पर स्ट्रेटजी बनाकर संकेतांको में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, पीडीडीआरडी अरूण कुमार सिंह, डीएचआईओ अर्चना सिंह, आयुष चिकित्सक डॉ पीयूष तथा जनपद स्तरीय अधिकारी, सम्बन्धित एसडीएम, तहसीलदार, एमओवाईसी, कार्यदायी संस्था अधिकारी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कुंडासर प्रधान पति पर मुकदमा हुआ दर्ज

(कैसरगंज) बहराइच, 22 मई (तरुणमित्र)। थाना फखरपुर क्षेत्र के कुंडासर प्रधान पति सहित अन्य पर मुकदमा दर्ज हुआ, शिकायत कर्ता लक्ष्मन प्रसाद पुत्र स्व० महादेव प्रसाद वर्मा नि० ग्राम-कुण्डासर थाना-फखरपुर बहराइच का है जो स्वयं व उसकी पत्नी दोनो विकलांग है संबंधित थाने पर शिकायती पत्र दिया कि उसके सहन की जमीन को कब्जाने की धमकी देने पर संबंधित थाने पर विपक्षी प्रधान पति त्रिलोकी प्रसाद पुत्र छेटीलाल, रिंकू पुत्र त्रिलोकी प्रसाद, लवकुश पुत्र बसन्त तथा बसन्त पुत्र बाबादीन ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी भरकर प्रार्थी के दरवाजे पर मिट्टी पाटने लगे जिसका विरोध करने पर सभी लोग एक जुट होकर मार पीट करने लगे जिससे हम लोगो को चोटें आयी तभी गांव के तथा राहगीरो के आने पर सभी लोग जान माल बची इस पर थाने फखरपुर में सभी पर मुकदमा दर्ज हुआ।

### किशोरी से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर, 22 मई (तरुणमित्र)। थाना अहिरौली पुलिस टीम द्वारा नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व वांछित अपराधी/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 गौरव पटेल मय फोर्स ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अंकित वर्मा पुत्र आशाराम वर्मा निवासी ग्राम गौहन्ना थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 24 वर्ष को गुरुवार को समय करीब 08.30 बजे थाना स्थानीय क्षेत्र के अन्नांवा बाजार तिराहा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। वांछित अभियुक्त को विधिक कार्यवाही हेतु मा. न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने हेतु रवाना किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उ.नि. गौरव पटेल थाना अहिरौली, का. देवेश पटेल थाना अहिरौली शामिल रहे।

### जनता दर्शन: एसपी ने सुनी जन समस्याएं, संबंधितों को शीघ्र निस्तारण को दिए निर्देश

श्रावस्ती, 22 मई, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन से



प्राप्त शिकायतों/समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान 04 भूमि विवाद, 05 मारपीट, 01 लेनदेन व 04 अन्य विषयों से संबंधित कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से प्रत्येक पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

### ग्रीष्म कालीन शिविर का हुआ शुभारंभ

श्रावस्ती, 22 मई, (तरुणमित्र)। राजकीय इंटर कालेजों मे समर कैंप का शुभारंभ हुआ, जिसमें छात्राओं को योग, व्यायाम, रस्साकसी, रस्सी कूद, म्यूजिक चेयर गेम कराये, जिसमें छात्राओं ने



बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला विद्यालय निरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि शासन के आदेशानुसार समर कैंप प्रारंभ हुआ, इस समर कैंप की अध्यक्ष जिलाधिकारी श्रावस्ती हैं, यह कैंप 10 जून तक चलेगा। कैंप प्रातः सात बजे शुरू हुआ। इस कैंप के बारे शासन की मंशा है, कि विद्यार्थी इस ग्रीष्म कालीन अवकाश में अपने कैरियर, नवाचार के बारे में सीखें तथा नयी तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त करें। कैंप का आधार में कौन हूं, मैं नर लेखक हूं, विषय पर चर्चा व आत्म चिंतन हुआ।

### सरकारी भवनों की रंगाई-पुताई गाय के गोबर से बने इको-फ्रेंडली पेंट से होगी

देवरिया, 22 मई, (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया है कि जनपद के सभी सरकारी भवनों और कार्यालयों की रंगाई-पुताई गाय के गोबर से निर्मित इको-फ्रेंडली पेंट से की जाए। बताया कि नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज की गौशाला में गोबर से पेंट बनाने का प्लांट स्थापित किया गया है। यह प्लांट सरकारी और निजी भवनों की रंगाई-पुताई के लिए विभिन्न रंगों में उच्च गुणवत्ता वाला पेंट उचित दरों पर उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी सरकारी कार्यालयों में गोबर से बने पर्यावरण-अनुकूल पेंट के उपयोग पर जोर दिया है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित

श्रावस्ती, 22 मई, (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ''किसान दिवस'' का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित कृषकों को खेती के साथ-साथ पशुपालन एवं मत्स्य पालन हेतु प्रोत्साहित भी किया गया। इसके





अलावा बैठक में खरीफ वर्ष 2025-26 की शुरूआत को सफल बनाने हेतु किसानों को समय से खाद, बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने की व्यवस्था, मक्के की खेती के क्षेत्रफल को बढ़ाये जाने, दलहनी/तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ाये, प्राकृतिक खेती हेतु चयनित विकास खण्ड-सिरसिया एवं जमुनहा में 10-10 क्लस्टर पर चर्चा की गयी। गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उत्पादन में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम किये जाने तथा भूमि जनित, बीज जनित एवं वायु जनित रोगों से बचाव हेतु जैविक विधि एवं रासायनिक विधि का प्रयोग कर बीज शोधन करते हुए फसलोत्पादन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चौधरी, जिला कृषि अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. मानव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## उर्वरक विक्रेताओं को मिलेंगी आधुनिक मशीनें

देवरिया, 21 मई, (तरुणमित्र)। जनपद के फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पुरानी पीओएस मशीनों को आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत एल-1 वर्जन की मशीनों से बदला जाएगा। जिला कृषि अधिकारी कार्यालय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 23 और 24 मई को विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के प्रतिनिधि फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को नई पीओएस मशीनें वितरित करेंगे। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि उर्वरक वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुगम और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। पुरानी मशीनों को बदलकर नई एल-1 वर्जन की मशीनें प्रदान की जाएंगी।

# सशस्त्र सीमा बल और एपीएफ नेपाल के बीच वॉलीबॉल मैत्री मैच का आयोजन





भिनगा/श्रावस्ती, 21 मई, (तरुणमित्र)। 62वीं वाहिनी स.सी.ब. भिनगा की जी' समवाय भैसाहिनाका व एपीएफ नेपाल के जवानों के बीच मैत्री मैच का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अमन खरब, सहायक कमांडेंट के द्वारा दोनो टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात खेल प्रारम्भ किया गया, खेल के दौरान दोनो टीमो ने उत्कृष्ट खेल कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में एस.एस.बी. की टीम ने नेपाल ए.पी.एफ. को 2-1 से पराजित किया। इन खेलों का प्रमुख उद्देश्य, देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले एस.एस.बी जवानो को याद करना है, दोनो देशो के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत एवं संबंधो को कायम रखना, दोनो सशस्त्र बलो. के बीच आपसी सामंजस्य और तालमेल को मजबूत करना, खेलो.को बढ़ावा देना एवं दोनो देशो की सुरक्षा एजेंसियो के बीच सौहार्द, विश्वास व आपसी सहयोग को और मजबूत करना है।

# एसएसबी 62वीं वाहिनी में संदीक्षा सदस्यों को योगाभ्यास कराया



श्रावस्ती, 21 मई, (तरुणमित्र)। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा वाहिनी मुख्यालय के शिवाजी ग्राउंड में आवासीय परिसर में रह रहे परिवारजनो (संदीक्षा सदस्यों) के लिए योगाभ्यास का आयोजन किया गया, इस अवसर पर संदीक्षा अध्यक्षा श्रीमती प्रेरणा शर्मा, डॉ. कल्पना महादेव पाटील, सहायक कमांडेंट (चिकित्साधिकारी) एवं अन्य संदीक्षा सदस्य उपस्थित रहीं। योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को महिला आरक्षी टिंकुमनी दास के द्वारा योग के विभिन्न आसन कराए गए और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य संदीक्षा सदस्यों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह आयोजन स्वास्थ्य और मानसिक शांति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, सभी प्रतिभागियों ने योगाभ्यास में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## सपा एलएलसी ने जरूरतमंदों को दी 2.69 लाख की आर्थिक मदद

आजमगढ़, 21 मई, (तरुणमित्र)। समाजवादी पार्टी के नेता और विधान परिषद सदस्य (MLC) शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, पूर्व विधायक मुबारकपुर, ने 17 मई से 22 मई तक अपने आजमगढ़ आवास से विभिन्न गांवों और क्षेत्रों के असहाय, गरीब मरीजों के इलाज, गरीब बच्चियों की शादी और स्कूल फीस के लिए 2,69,970 रुपये की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की। इस अवसर पर शाह आलम ने कहा, मैंने जनता की सेवा का जो बीड़ा उठाया है, उसे आजीवन निभाऊंगा। गरीबों और असहायों की सेवा ही सच्ची मानवता है। मैंने हमेशा बिना भेदभाव के लोगों की मदद की है और आगे भी अपने जिले और क्षेत्र के लोगों के लिए हर समय तैयार रहूंगा।

# समर कैम्प का बीईओ ने किया उद्घाटन

कैसरगंज( बहराइच), 22 मई (तरुणमित्र)। कैसरगंज के कम्पोजिट विद्यालय चकपिहानी में समर कैम्प का शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र बहादुर चौधरी ने किया। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा इन तीन सप्ताहों में हम लोग अपने प्रशिक्षकों के साथ बिलकुल भयमुक्त वातावरण में स्थानीय व्यावसायिक कौशल, बैंक, थाना, तहसील, अस्पतालों की सामान्य दिनचर्या के विषय में बहुत कुछ सीखेंगे। साथ-साथ, खेल, कला, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से एक दूसरे से बहुत कुछ सीखेंगे। शासनादेशानुसार के तीन सप्ताह तक सरकारी उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन होना है। इस कैम्प में खेलों के साथ योग, व्यायाम, खेलकूद, और ज्ञानवर्धक



गतिविधियों के साथ साथ सांस्कृतिक, भौगोलिक, पर्यावरणीय जागरुकता वाले कार्यक्रम सम्पादित किये जायेंगे। इसके संचालन के लिए प्रत्येक विद्यालय में दो शिक्षामित्रों या अनुदेशकों की ड्यूटी लगायी गयी है। इन्हें छह-छह हजार मानदेय दिया जायेगा। प्रत्येक दिन स्थानीय उपलब्धता के अनुसार फल, बिस्कुट, नमकीन, चिक्की आदि बच्चों को वितरित किया जायेगा। इस अवसर पर सभासद सोहन लाल चौरसिया, प्रबंध समिति के अध्यक्ष, बदलू राम, उपाध्यक्ष, संतोष मिश्रा, प्रधानाध्यापक, उमा प्रसाद, सहायक अध्यापक, महेन्द्र कुमार चौधरी, प्रशिक्षक, मंजू लता, सत्यपाल आदि उपस्थित रहे।

# कन्या विवाह सहायता योजना के 10 लाभार्थियों के लिए स्वीकृत की गयी धनराशि

बहराइच, 21 मई, (तरुणमित्र)। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव श्रीमती पूजा यादव के साथ कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, श्रम विभाग द्वारा संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय, विहान बालक आवासीय विद्यालय तथा जिला सेवायोजन कार्यालय का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। जनपद बहराइच आगमन पर निरीक्षण भवन में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रमुख सचिव का स्वागत किया गया।

प्रमुख सचिव द्वारा विहान बालिका आवासीय विद्यालय में छात्रावास, किचेन तथा क्लासरूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के साथ उनके शिक्षा के सम्बन्ध में संवाद किया गया। छात्राओं द्वारा गणित एवं विज्ञान विषय के विभिन्न प्रश्नों का सही उत्तर दिया। भ्रमण में बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त की गई और बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। विहान बालक आवासीय विद्यालय में बच्चों से प्रेक्षा किए जाने पर बच्चों द्वारा मेहनत कर डॉक्टर, इंजीनियर एवं अधिकारी बनने का लक्ष्य होने से अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों द्वारा विद्यालय में विभिन्न प्रकार की समितियां गठित होने से अवगत कराया गया जिसमें मुख्य रूप से सफाई समिति, भोजन समिति आदि



समितियां के क्रियाकलाप से विस्तार से अवगत कराया गया। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता अच्छी पाई गई। प्रमुख सचिव द्वारा बच्चों से वार्ता के उपरांत उन्हें लखनऊ अथवा अन्य स्थल पर मनोरंजन तथा व्यावहारिक ज्ञान हेतु बच्चों को भ्रमण कराने हेतु वार्डन को निर्देशित किया गया। प्रमुख सचिव द्वारा सचिव बोर्ड को विहान विद्यालयों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। विहान बालिका एवं बालक आवासीय विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत प्रस्तुत किए गए। जिला सेवायोजन कार्यालय के भ्रमण के

**बोर्ड की योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों को वितरित किये गये स्वीकृति पत्र**

दौरान प्रमुख सचिव द्वारा एम सी सी सेंटर का निरीक्षण किया एवं पिछले एक वर्ष में की गई करियर काउंसिलिंग की प्रगति का फीडबैक प्राप्त करने और काउंसिलिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। कार्यालय, सहायक श्रम आयुक्त, बहराइच का भी निरीक्षण किया गया तथा विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण, श्रमिकों का नवीनीकरण प्राथमिकता पर कराने के तथा कैंप लगाकर पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए।

# डीएम ने खराब रैंकिंग वाले विभागाध्यक्षों को दिये प्रगति लाने के निर्देश

श्रावस्ती, 22 मई, (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले विभागाध्यक्षों को कार्य में तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति कर प्रगति लाने हेतु निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी की समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि माह अप्रैल, 2025 में जनपद श्रावस्ती की विकास एवं राजस्व कार्यो संयुक्त रैंक 18 है। माह-अप्रैल, 2025 में जनपद श्रावस्ती को कुल 88 कार्यक्रमों में से 49 कार्यक्रमों में ए+ व ए श्रेणी, 4 कार्यक्रमों में बी श्रेणी, 3 कार्यक्रमो में सी श्रेणी, 3 कार्यक्रमो में डी श्रेणी, 3 कार्यक्रमों में ई श्रेणी एवं 26 कार्यक्रमों में ग्रेड प्राप्त हुआ है। ऊर्जा, कृषि, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, दुग्ध विकास, पंचायतीराज, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पशुधन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, श्रम एवं सेवायोजन, समाज कल्याण, सहकारिता, सिचाई एवं जल संसाधन विभागो के कार्यक्रमो में ए+ एवं ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। इसके अलावा ग्राम्य विकास, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, प्राथमिक शिक्षा, नियोजन, पर्यटन, लोक निर्माण विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, लोक शिकायत (निर्माण कार्य) विभागों के कार्यक्रमों में श्रेणी यथा- बी, सी, डी व ई श्रेणी प्राप्त हुये हैं। इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कार्य में तेजी लाकर अपनी देख-रेख में शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग करने हेतु निर्देशित किया। वहीं माह अप्रैल, 2025 में प्रदर्शित योजनाओं में से प्रदेश में 5वां राज्य वित आयोग ग्राम पंचायत एवं सडको के अनुरक्षण योजना में जनपद टॉप-5 में है।

# स्वर्ण व्यापारी से लूट का एसपी ने किया खुलासा

सिद्धार्थनगर, 22 मई (तरूणमित्र)। दिनांक 14.05.2025 की रात को उसका बाजार थाना क्षेत्र के स्वर्ण व्यापारी से सोने चांदी के जेवरात महदेवा गांव के पास लूट के सम्बन्ध में थाना उसका बाजार पर मु0अ0सं0 75/2025 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना के अनावरण हेतु विशेष पुलिस टीम (थाना उसका बाजार पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम) का गठन किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में गठित टीम द्वारा दिनांक 21/22-04-2025 की रात्रि में पकड़ी चौराहे पर



चेकिंग की जा रही थी कि जरिए मुखबिर सूचना मिली कि उक्त लूट में शामिल अभियुक्तगण सफेद रंग की स्वीफ्ट कार नंबर ढइ10 खऊ7373 द्वारा धानी से उसका बाजार होते हुये नौगढ़ की तरफ आ रहे है।

इस सूचना पर विश्वास करके सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण अपनी गाड़ियो पर सवार होकर उसका बाजार की तरफ चल दिये कि महेन्द्रा एजेंसी से पहले बहद ग्राम दुमदुमवा मोड़ पकड़ी अर्ध निर्मित पुलिया के बगल से अस्थाई/ वैकल्पिक सड़क के किनारे अपनी अपनी गाड़ी खड़ी कर सड़क के दोनो तरफ खड़े होकर गाड़ी के आने के इन्तजार/चेकिंग करने लगे कि उसका बाजार की तरफ से एक कार आती हुयी दिखाई दिया। जिसपर हम पुलिस वाले एकबारगी सड़क पर आने वाली कार को रोकने का प्रयास किये तो कार चालक थोड़ी दूर ही गाड़ी को खड़ा कर दिया जिसमे से तीन व्यक्ति उतर कर अंधेरे का फायदा उठाकर इधर उधर भागने में सफल रहे। हम पुलिस वाले दौड़ कर गाड़ी के पास पहुचे गाड़ी को चारो तरफ से घेर लिये जिसमें एक व्यक्ति और बैठा मिला जिसको पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम साहिल भंगू पुत्र हरदीप सिंह भंगू निवासी एसटी नम्बर 01 लोहरा ब्रिज मोहल्ला बेगुआना लोहोरा थाना ढाबा जनपद लुधियाना राज्य पंजाब बताया। पकड़े गये व्यक्ति से अन्य ब्यक्तियो के बारे में भागने का कारण पूछा गया तो बता रहा है कि साहब हम लोग दिनांक 14.05.2025 को एक व्यक्ति से सोने चांदी के जेवरात महदेवा गांव के पास लूट लिये थे। जिसके वजह से वह तीनो लोग आप लोगो को देखकर दूर से भाग गये चूकि मेरी गाड़ी टकरा गयी थी जिस कारण मेरा फाटक नही खुल रहा था इसलिये मै नही भाग सका और आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया।

अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर एक अदद सोने की चैन, व एक अदद चांदी का ब्रासलेट व एक अदद चांदी की अंगूठी व 2270 रुपये नकद बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317 बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पी.डी. अकादमी ने 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

देवरिया, 22 मई (तरूणमित्र)। पी.डी. अकादमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, देवरिया ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में परिणाम हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

जिलाधिकारी मित्तल ने समारोह में उपस्थित होकर छात्रों से उनके शैक्षिक अनुभवों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भविष्य में उच्चतर उपलब्धियां अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन भरे शब्दों ने उपस्थित सभी लोगों का मनोबल बढ़ाया। स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित इस समारोह में मेधावी छात्रों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय में एकाग्र सिंह ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया, जिसके लिए उन्हें 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, अथर्व पांडेय (96.8%), स्वस्तिका दुबे (92%) और ओम शुक्ला (90.5%) को 11,000-11,000 रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में आदर्श पटेल ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें 25,000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही, श्रियांश नायक (93.4%) और अनुष्का गुप्ता (90.8%) को 11,000-11,000 रुपये की राशि से सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर विद्यालय के शैक्षिक प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह की उपलब्धियां जिले के शैक्षिक परिदृश्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाती हैं। यह समारोह न केवल मेधावी छात्रों के परिश्रम का सम्मान था, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना।

## सीएम योगी के निर्देश पर स्वर्गीय नागेंद्र चौधरी की पत्नी को जिला प्रशासन ने सौपा पांच लाख का चेक

गोरखपुर, 22 मई (तरूणमित्र)। पीपीगंज क्षेत्र के ग्राम नयनसर के पूर्व प्रधाननागेंद्र चौधरी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। प्रकरण जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संज्ञान में आया उन्होंने परिवार को आत्मीयता के पुट में भरपूर आर्थिक संबल प्रदान किया। मुख्यमंत्री की तरफ से मदद मिलते ही पूर्व प्रधान के परिजन कृतज्ञता प्रकट करते हुए बोल पड़े, महाराज जी की मदद ने संभाल लिया वरना हम बिखर जाते।

नागेंद्र चौधरी नयनसर के पूर्व प्रधान रहे। उनकी तबियत काफी दिनों से खराब चल रही थी। विगत 8 मई को उनका निधन हो गया। पूर्व प्रधान के घर की आर्थिक दशा



वर्तमान समय में काफी खराब हो गई थी। यह बात जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पता चली तो उन्होंने स्वर्गीय नागेंद्र चौधरी के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद गुरुवार को जिला प्रशासन की एक टीम स्वर्गीय नागेंद्र चौधरी के नयनसर गांव स्थित आवास पर पहुंची और पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक उनकी पत्नी को प्रदान किया।

## पात्र श्रमिकों का कैम्प के माध्यम से होगा पंजीकरण

- समस्त विकासखंडों में अलग-तिथियों में लगेंगे कैंप
- कैम्प की सफलता हेतु नामित किए गए कार्मिक

कुशीनगर, 22 मई (तरूणमित्र)। जीरों पावटी के अंतर्गत उ0 प्र0 भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से प्राप्त सूची के अनुसार जनपद कुशीनगर के सभी ब्लाकों के 19148 निर्धनतम परिवारों / श्रमिकों की सूची से पात्र श्रमिकों के उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकरण, नवीनीकरण हेतु निम्न कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गई है।

इसी क्रम मे विकास खण्ड कार्यालय खड्डा में संदीप मल्ल की देख रख में दिनांक 26 मई को, नेबुआ नौरंगिया में 27 मई को। विकास खण्ड कप्तानगंज में दिनांक 28 मई को, विशुनपुरा में 29 मई को रमेश गौंड की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। विकास खण्ड तमकुहीराज 30 मई को, दुदही में 31 मई को, कसया में 02 जून को फाजिलनगर में 03 जून को रमेश चंद्र की उपस्थिति आयोजित किया जाएगा। विकास खण्ड पडरौना में 4 जून को, रामकोला में 5 जून को संदीप सिंह की उपस्थिति में कैंप का आयोजन होगा। इसी प्रकार विकास खण्ड सेवरही में 6 जून को, सुकरौली में 9 जून को, मोतीचक में 10 जून को, हाटा में 11 जून को शशिशेखर मिश्र की उपस्थिति में कैंप का आयोजन किया जायेगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने उक्त समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया है कि उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि च स्थान पर कैम्प का आयोजन कर निर्माण श्रमिको का पंजीयन, नवीनीकरण एव विभाग / बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ हेतु प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने पंजीकरण हेतु आवश्यक अभिलेख के क्रम में बताया कि आधार कार्ड निर्माण श्रमिक एवं परिवार के अन्य सभी सदस्यों का। बैंक पासबुक। (निर्माण श्रमिक का)। नियोजन प्रमाण पत्र निर्माण कार्य में कम से कम 90 दिन कार्य का प्रमाण / स्वघोषणा पत्र)। उ०प्र० भवन एंव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड श्रमिक पंजीयन शुल्क 20 रू०, नवीनीकरण शुल्क 20 रु० प्रति वर्ष।

## चीनी मिल चलाने को लेकर धरना 171वें दिन जारी

देवरिया, 22 मई (तरूणमित्र)। बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में चलाया जा रहा धरना 171 वें दिन जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने देवरिया जिले में आम सभा में बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए चार-चार बार घोषणा किया और आंदोलन के नवे वर्ष भी किसानों की मांग और मुख्यमंत्री की घोषणा दोनों पूरी नहीं हो सकी जिससे किसानों आक्रोश है। धरने पर समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी राम प्रकाश सिंह, विकास दुबे, कलेक्टर शर्मा, जय सिंह, शंभू नाथ तिवारी, विजय कुमार सिंह, जगदीश यादव, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण चंद्र गोपाल सिंह ने गाली गलौज व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया

उतरौला (बलरामपुर), 22 मई (तरूणमित्र)। वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण चन्द्र गोपाल सिंह ने न्यायालय पर गाली गुप्ता देने व मारने पीटने का मुकदमा हेमन्त कुमार मिश्र व नरसिंह नारायण पुत्रगण राघव राम निवासी गण ग्राम मलमलिया थाना गैडास बुजुर्ग के विरुद्ध कोतवाली उतरौला में दर्ज कराया है। वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण चन्द्र गोपाल सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि मंगलवार को न्यायालय पर एक मुकदमे में चल रही गवाही के दौरान हुए विवाद पर विपक्षी गण हेमन्त कुमार मिश्र व नरसिंह नारायण ने गाली गुप्ता देते हुए मारा पीटा। इससे उसे काफी चोटे आई। पुलिस ने मंगलवार को घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इस घटना से अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश रहा।

### जिला विकास समन्वय की बैठक संपन्न

गोंडा, 22 मई (तरूणमित्र)। जिला पंचायत सभागार में मा. सांसद गोण्डा/ केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में मा. सांसद कैसरगंज/सह-अध्यक्ष श्री करण भूषण सिंह, मा. जिला पंचायत अध्यक्ष श्री घनश्याम मिश्र, मा. विधायक मनकापुर श्री रमापति शास्त्री, मा. विधायक कटरा बाजार श्री बावन सिंह, मा. विधायक तरबगंज श्री प्रेम नरायन पाण्डेय, मा. विधायक मेहनौन श्री विनय कुमार द्विवेदी, मा. विधायक गौरा श्री प्रभात वर्मा, मा. विधायक करनैलगंज श्री अजय सिंह, मा. एमएलसी गोण्डा/बलरामपुर अवधेश कुमार सिंह ऊर्फ मंजू सिंह, जिलाधिकारी महोदया, पुलिस अधीक्षक महोदय, मुख्य विकास अधिकारी महोदया एवं अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण।

### मोबाइल कोर्ट का आयोजन 29 को

संतकबीरनगर, 22 मई (तरूणमित्र)। राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में मोबाइल कोर्ट का आयोजन 29 मई को प्रातः 10 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रवीश चन्द्र ने बताया कि जनपद के दिव्यांगजन अपनी समस्याओं को मोबाइल कोर्ट में प्रस्तुत कर सकते है।उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की मूल भावना के अनुसार सुदूरवर्ती पिछड़े क्षेत्रों, ग्रामीण इलाकों के ऐसे दिव्यांगजन जो सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों से जागरूक नहीं हैं, उन्हें जागरूक किया जाएगा।

### स्व.बाबू बालेश्वर की पुण्यतिथि 27 को

संतकबीरनगर, 22 मई (तरूणमित्र)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई संत कबीर नगर के द्वारा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक/जनक स्व.बाबू बालेश्वर लाल की 38 पुण्यतिथि का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित द सम्राट पैलेस में बड़े ही भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसकी जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सुनील अग्रहरी ने दी। जिला मीडिया प्रभारी सुनील कुमार अग्रहरी ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक/जनक स्व.बाबू बालेश्वर लाल जी की 38 वीं पुण्यतिथि आगामी 27 मई को सुबह 9 बजे से द सम्राट पैलेस नेदुला चौराहा खलीलाबाद में बड़े ही सादगी के साथ भव्य रूप में मनाया जाएगा।

## पावर प्लांट का काम समय सीमा के अंदर किया जाये: मण्डलायुक्त

गोरखपुर, 22 मई (तरूणमित्र)। मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मण्डल में सोलर पावर प्लांट स्थापना का लक्ष्य निर्धारित है उस लक्ष्य को समय सीमा के अंदर प्राप्त किया जाये । उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्राप्त हो और कोई भी पात्र लाभार्थी इससे वंचित न रह पाये।

उक्त निर्देश मण्डलायुक्त ने आयुक्त सभागार में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता एवं सीएम डैशबोर्ड से संबंधित मण्डल स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिया। समीक्षा बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए संबंधित



अधिकारियों को ससमय ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट,विद्युत आपूर्ति तथा राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निर्देश दिया। हर घर नल योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिकता के आधार पर करें। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान आपरेशन कायाकल्प, निपुण परीक्षा आंकलन, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण तथा मध्यान्ह भोजन की समीक्षा करते हुये संबंधित विभाग को प्रगति लाने का निर्देश दिया।

मण्डलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पशुधन विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, पर्यटन विभाग, पंचायती राज विभाग व अन्य विभागों की समीक्षा करते हुये कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान धारा 24,34,80 तथा 116 की समीक्षा करते हुये मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि लम्बित वादों का निस्तारण तेजी से कराया जाये। जनसुनवाई समाधान की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण तत्काल रूप से समय सीमा के अंदर करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देवरिया, कुशीनगर तथा महाराजगंज के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी गण सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चला विशेष टिकट जांच अभियान

गोरखपुर, 22 मई (तरूणमित्र)। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन अपने रेल यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक प्रकाश चन्द्र जायसवाल के निर्देश पर वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक, दावा, टिकट जांच, पीएम एवं सामान्य के नेतृत्व में 16 से 20 मई, 2025 तक गोरखपुर से मनकापुर, गोरखपुर से बस्ती, गोरखपुर से गोण्डा एवं गोरखपुर से सीवान खंड में वाणिज्य विभाग द्वारा गहन मॉनिटरिंग एवं विशेष टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया, जिसमें अनधिकृत यात्रियों/बिना टिकट यात्रियों एवं पैन्ट्रीकार की जांच की गयी, जिसके फलस्वरूप कुल 765 बिना टिकट/अनियमित/बिना बुक सामान के मामलें में कुल रूपया 5,65,140/- (पाँच लाख पैसठ हजार एक सौ चालीस रुपए) का रेल राजस्व की वसूली कर रेल खाता में जमा कराया गया।

यात्रियों की सुविधा एवं रेल राजस्व की क्षति रोकने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे के प्रत्येक मंडल पर प्रत्येक माह स्पॉट चेक, एम्बुश चेक, किलाबंदी चेक आयोजित किये जाते हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर आगे भी बिना टिकट यात्रा, बिना बुक किये गये सामानों की जांच, अनियमित यात्रा आदि विशेष टिकट जांच अभियान चलाया जाता रहेगा।

रेल प्रशासन की यात्रियों से अपील है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा प्रारम्भ करे।

## निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत कराएं वसूली : मंडलायुक्त

बस्ती, 22 मई (तरूणमित्र)। मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में कर-करेत्तर, कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुयी। समीक्षा करते हुए उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत वसूली सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि बी., सी., डी. श्रेणी वाले विभाग कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य को पूर्ण करें, जिससे जिले की रैंक बेहतर हो सकें। उन्होने राजस्व वादों के मुकदमों की समीक्षा करते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि दोनों पक्षो की मौजूदगी में सुनवाई करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाय। आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, शासन संदर्भ की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से ससमय निस्तारण करें।

पुलिस उप महानिरीक्षक दिनेश कुमार पी. ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाय। टैजफिक को नियंत्रण करने के लिए आटो रिक्शा का रूट निर्धारित हो। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि डग्गेमार वाहनों के संचालन पर कार्यवाही करें। गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर की फाइल किसी भी स्तरप र लम्बित ना रहें, उस पर तत्काल कार्यवाही की जाय।

## मंडलायुक्त ने की विकास कार्यो की समीक्षा

बस्ती, 22 मई (तरूणमित्र)। विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होने मण्डल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने विभाग से संबंधित योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत प्रगति लाना सुनिश्चित करें, जिससे प्रदेश में जनपद की रैंक बेहतर हो सकें। उन्होने मण्डल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन के समस्त योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र कों मिलें। उन्होने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित को निर्देश दिया कि इसका प्रचार-प्रसार कराते हुए ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाय। उन्होने गौशालाओं की



समीक्षा करते हुए पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि भूसा, चारा, पानी की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। गेहूँ खरीद की समीक्षा करते हुए आर.एफ.सी. को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष गेहूँ क्रय करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की हिलाहवाली बर्दाश्त नही की जायेंगी। उन्होने बाढ की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ से बचाव हेतु समस्त अवश्यक तैयारी पूर्ण कर लिया जाय। समीक्षा बैठक में उन्होने पाया कि मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सहकारी दुग्ध समिति, जलजीवन मिशन, 5वॉ वित आयोग ग्राम पंचायत, निपुण परीक्षा, मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थित, पशुओं का कृत्रिम गभार्धान, सेतुओं का निर्माण, नई सड़को का निर्माण, सड़को का अनुरक्षण, फार्मर रजिस्ट्री योजना की प्रगति खराब है, जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करना सुनिश्चित किया जाय अन्यथा की स्थिति में विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की जायेंगी।

समीक्षा बैठक में उन्होने पाया कि एचबीएनसी कार्यक्रम के अंतर्गत आशाओ द्वारा नवजात शिशुओं का भ्रमण जनपद बस्ती में 66 प्रतिशत, संतकबीर नगर में 91 प्रतिशत एवम सिद्धार्थनगर में 78 प्रतिशत तक गई, जो की मानक से कम है। यूनिसेफ की मॉनिटरिंग में पाया गया की आशाओं द्वारा नवजात गृह भ्रमण में मंडल में 85 प्रतिशत आशा के द्वारा भ्रमण किया गया है। एसएनसीयू में कम्युनिटी रेफरल जनपद बस्ती में मेडिकल कॉलेज 41.3 प्रतिशत है जिसको बढ़ाए जाने की आवश्कता है। डिलीवरी के पश्चात डिलीवरी की एंट्री मंत्र पोर्टल पर अप्रैल से मार्च तक बस्ती 96 प्रतिशत, संतकबीर नगर 87 प्रतिशत, सिद्धार्थनगर 84 प्रतिशत है, जिसमे सुधार की आवश्कता है।

## बेरोजगारी की मार झेल रहे शिक्षित युवा : दिव्यांश

देवरिया, 22 मई (तरूणमित्र)। समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार में नौजवान बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। सरकारी विभागों में नौकरियां समाप्त होती जा रही है जिसे लेकर शिक्षित युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। ऐसे में प्रदेश सरकार सरकारी विभागों को निजीकरण की ओर ले जाने पर तुली है और आउट सोर्सिंग के माध्यम से विभागों में कम हो रहे पदों को भरने का काम कर रही हैं। सरकार बिजली विभाग के भी निजीकरण कर जनता को महंगाई की आग में झोक रखा है। सरकार की नियत है की सभी विभागों का निजीकरण हो जाये। सरकार नहीं चाहती कि विभागों में रिक्त हो रहे पदों पर भर्तियां हो। इसी कारण सरकार नई भर्तियां करने के बजाय वह संविदा और आउट सोर्सिंग के मदद से सभी रिक्त पदों को भरने का काम कर रही है। सरकार न तो कर्मचारियों का हित चाहती है और ना हीं युवाओं का सुनहरा भविष्य। वह सिर्फ बंधुआ मजदूर बनाने की नीति से काम कर रही है। सपा सरकार ने लाखों की संख्या में समूह ग और समूह घ की भर्तियां निकाली और युवाओं को रोजगार देने का कार्य किया। भाजपा सरकार ने बेरोजगार शिक्षित युवाओं के दिलों पर कुठाराघात किया है, जिसे प्रदेश का युवा अब बर्दाश्त नहीं करेगा जिसका जवाब 2027 के चुनाव में देगा। सरकार ने अपने पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के भीतर धार्मिक उन्माद फैलाकर जनता को आपस में लडाने का काम किया।

## क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में तेजी से अग्रसर उत्तर प्रदेश

देवीपाटन मण्डल गोण्डा, 22 मई (तरूणमित्र)। स्वस्थ नागरिक राष्ट्र की समृद्धि के आधार स्तम्भ होते है। किसी भी देश व प्रदेश की प्रगति का मापदण्ड उसमे निवास करने वाले नागरिक के स्वास्थ्य की स्थिति से ही जाना जाता है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने क्षयरोग मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये है।

प्रदेश में क्षय रोगियों को बेहतर आधुनिक जाँच उपलब्ध कराने हेतु प्रयोगशाला नेटवर्क का विस्तार किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 926 नैट मशीनें एवं 14 कल्चर डीएसटी प्रयोगशाला के द्वारा प्रदेश के क्षय रोगियों को निःशुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश में 25 नोडल ड्रग रेजिस्टेन्ट टीबी केंद्र एवं 56 जनपदीय ड्रग




रेजिस्टेन्ट टीबी केंद्र दवा प्रतिरोधी टीबी का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। नोडल डी0आर0टी0वी0 सेन्टरों में एमडीआर/एक्सडीआर क्षय रोगियों हेतु बीडाक्यूलीन एवं डिलामिनिड आधार रेजीमेन उपचार हेतु उपलब्ध है। वर्ष 2024 में एक्टिव केस फाइंडिंग गतिविधि अभियान के दौरान कुल 15,321 टीबी के मामलों को डायग्नोज एवं उनका उपचार किया गया है। साथ ही 2.45 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग करते हुए 90 हजार नये टीबी मरीजो की पहचान करते हुए इलाज शुरू किया गया है। टी0बी0 मुक्त स्थिति की दिशा में प्रगति के प्रमाणन के तहत 7 जिलों हापुड़, कौशांबी, संत रविदास नगर, शामली, बलरामपुर, उन्नाव, सोनभद्र को कांस्य पदक में और 04 जिलों जालौन, मुजफरनगर, बुलंदशहर, पीलीभीत को रजत पदक से वर्ष 2022-23 में भारत सरकार द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च, 2023 के अवसर पर सम्मानित किया है। प्रदेश के समस्त जनपदों में क्षय रोगियों के नमूनों को माइक्रोस्कोपिक सेन्टर से जनपद मुख्यालय तथा कल्चर प्रयोगशाला तक पहुंचाने हेतु डाक विभाग से राज्य स्तर पर अनुबंध किया गया है जिससे संबंधित प्रयोगशाला में नमूनों को शीघ्र पहुंचाया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आम) पर प्रत्येक माह की 15 तारीख को निःक्षय दिवस मनाया जा रहा है जिसमें संभावित क्षय रोगियों को चिन्हित कर उनका उपचार शुरू करना, टीबी के इलाज छोड चुके मरीजों को पुनः उपचार में लाना एवं निक्षय पोषण योजना डीबीटी हेतु बैंक विवरण की इन्ट्री करना प्रमुख है। प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत क्षय रोगियों को प्रदेश में विभिन्न सामाजिक संगठनों/लोकोपकारी संस्थानों /व्यक्तियों द्वारा गोद लिया जा रहा है। दिनांक 17 फरवरी, 2025 तक निक्षय पोर्टल के आंकडानुसार प्रदेश के समस्त जनपदों में कुल 3.53 लाख क्षय रोगियों को गोद लिया गया है। प्रदेश में जून 2021 से प्रति माह दो बार दवा प्रतिरोधी टीबी के जटिल मामलो पर ''डिफिकल्ट टू ट्रीट टीबी क्लीनिक'' वर्चुअल माध्यम से चर्चा की जा रही है एवं उसका समाधान करने के लिए प्रदेश के समस्त मेडिकल कालेज के क्षय रोग विशेषज्ञ द्वारा जटिल क्षय रोग केस की विस्तृत चर्चा से राममान करते है। प्रदेश के चार ड्रग स्टोर आगरा, लखनऊ बरेली तथा वाराणसी से सम्बद्ध जनपदों को आवंटित औषधियों/ जनपदीय ड्रग स्टोर के माध्यम से समस्त क्षय रोगियों को उपलब करायी जाती है।

## आवेदनों का गुणवत्तापरक निस्तारण को डीएम ने दिए निर्देश

कुशीनगर, 22 मई (तरूणमित्र)। जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई।

बैठक में कुल 38 पूर्व सैनिक/ विधवाएं उपस्थित थे। जिसमें कुल 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जो जमीनी विवाद एवं जीपीएफ भुगतान से सम्बन्धित थे। जिसको जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित / आदेशित किया गया। इसी क्रम में पूर्व सैनिको, सेवारत सैनिको की समस्याओं, रक्षा मंत्रालय के पत्र एवं निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ०प्र० लखनउ के निदेर्शानुसार जिले में सिविल डिफेन्स कार्पस की स्थापना व सक्रिय करने पर तथा उ०प्र० शासन के निदेर्शानुसार पूर्व सैनिकों / सेवारत सैनिको की समस्याओं का



एकल स्थापन पर समयबद्ध रुप से निराकरण किये जाने पर चर्चा की गयी। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी प्रार्थनापत्र आज आए है उनका गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। उन्होंने सभी से अनुरोध भी किया कि सामूहिक हित एवं मुद्दों को सर्वप्रथम आज एवं आगे की बैठक में रखी जाए।

बैठक में विंग कमांडर आलोक सक्सेना जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, जिला समाज अधिकारीं, वरिष्ठ कोषाधिकारी, परियोजना निदेशक, अपर जिला सूचना अधिकारी, डी०पी०आर०ओ०, आदि के अलावा सम्मानित पूर्व सैनिक डाक्टर मेजर एम० के बरनवाल, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन लाल बहादुर त्रिपाठी, कैप्टन दयाशंकर पाण्डेय एवं अन्य पूर्व सैनिक/ विधवाएं उपस्थित थे। उक्त बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रभाकर नाथ तिवारी, राजेश कुमार गुप्त एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

# सर्वदलीय सभा में बनी बिजली कटौती से निपटने की रणनीति

- पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन के नेतृत्व में संघर्ष बढ़ेगा आगे
- अफसरों व सत्ता दल के नेताओं की निष्क्रियता पर भड़का आक्रोश



**झांसी, 22 मई (तरूणमित्र)।** जनपद में विकराल होती बिजली-पानी की समस्या और इस पर अफसरों व सत्ता दल की चुप्पी से आक्रोषित संगठनों ने पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में रणनीति बनाई है। इस सर्वदलीय बैठक में व्यापारी, अधिवक्ता, समाजसेवी, नेताओं और कई राजनीतिक पार्टियों के नेता उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर से बिजली- पानी संकट से मुक्ति पाने को आंदोलन की रणनीति बनाई इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि बिजली को प्राइवेट किया जा रहा है इसलिए जनता को परेशान किया जा रहा है, लेकिन हम बिजली को प्राइवेट नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि झांसी में ही बिजली बन रही ओर झांसी वालों को ही नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कभी जीवन में उन्होंने नहीं देखा कि मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज को हाथ का पंखे की जरूरी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी लोगों की भागेदारी से आंदोलन की तैयारी की जाएगी। बैठक में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन, रामकुमार खरे, हरीश लाला, प्रकाश गुप्ता, उप्र व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पटवारी, राहुल रिछारिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सपा जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र भोजला, विनोद अवस्थी, बीएल भास्कर, अनिल रिछारिया, मुकेश अग्रवाल, दिनेश भार्गव, रघुराज शर्मा, उत्कर्ष साहू, दिनेश भार्गव, कुमार वैभव बट्टा आदि ने कहा कि अफसरों के घरों की लाइट आ रही और जनता के घरों में अंधेरा है, हम सब लोग यह रणनीति बनाएं कि आज से रात हम सब लोग मिलकर उन्हीं के आवासों में सोएंगे। उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि हम सभी प्रदीप जैन के साथ हैं क्योंकि यह लड़ाई अधिकारों की है, आम जनता की है किसी राजनीति की लड़ाई नहीं। उन्होंने कहा अगले दिन से ही क्रमिक अनशन शुरू कर देना चाहिए वह और उनके व्यापारी सभी सहयोग करेंगे। सभी को मिलकर जन आंदोलन करना होगा। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष बृजेंद्र भोजला ने कहा कि आम जन मानस का जीवन यापन करने के दो साधन होते है, एक पानी दूसरा बिजली लेकिन जनता के जीवन यापन के दोनो ही साधन छीने जा रहे है।

उन्होंने कहा कि हम झांसी की जनता को पानी बिजली दिलाने के लिए एक योजना बनाकर बड़ा आंदोलन करे जिससे झांसी की जनता से कुछ भी छीनने का साहस न कर सके। इस दौरान आम आदमी पार्टी, बसपा, सपा सहित अधिवक्ता, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी सहित दर्जनों शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सपा ने बिजली -जल संकट के विरोध में डीएम को दिया ज्ञापन



**झाँसी।** समाजवादी पार्टी ने जिले में बिजली -जल संकट के चलते उपजे जनाक्रोश को देखते हुए जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर सपा नेता अरविन्द वशिष्ठ ने कहा कि विद्युत कटौती से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। नल सूखे हैं, हैंडपंप बंद हैं, लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। जनता के इस दुःख-दर्द को अनदेखा करने वालों को समाजवादी योद्धा कभी बख्शने नहीं देंगे। हमने माँग की है कि बिजली-पानी की समस्या का त्वरित समाधान हो, घोटालों की जांच हो और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। इस अवसर पर सपाइयों ने चेतावनी दी कि यदि कार्यवाही नहीं हुई तो जोरदार आंदोलन होगा और इसकी ज़िम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देते समय अजय सूद, जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र भोजला सहित सैकड़ों समाजवादी उपस्थित थे।

## आज होगा इलाईट पर सर्वदलीय धरना-प्रदर्शन

**झाँसी।** बिजली संकट को देखते हुए सभा में निर्णय लिया गया कि 23 मई को इलाईट चौराहा पर प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्वदलीय धरना -प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदीप जैन ने सभी दलों व संगठनों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

## पर्यावरण अनुकूल जागरूकता के लिए ली शपथ

**ललितपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा में सभी रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्रों ने यात्रियों के साथ पर्यावरण अनुकूल जागरूकता लाने, अपनाने के लिए शपथ ग्रहण कर प्लास्टिक के उपयोग न करने एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए कार्य करने की शपथ ली। प्लेटफार्म संख्या 1,2 व 3 पर सभी यात्रियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को स्टेशन प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सीसीआई संजय चौबे, सीटीआई संजय सोनकर, उप स्टेशन प्रबंधक राघवेन्द्र, रेलवे कर्मचारी शिवशंकर सोनी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय एवं समस्त वाणिज्यकर एवं परिचालन कर्मी, प्राइम क्लीनिंग सर्विस मैनेजर दीपक सिंह ठाकुर, सुपरवाइजर संतोष सिंह, सफाई मित्र सागर, प्रशान्त, अमन, नेहा, प्रीति, ममता, रानी, अनीता, बच्चू, वन्दना आदि ने प्रतिभाग किया।

## समर कैंप में लगाई यातायात नियमों की पाठशाला



**झाँसी, 22 मई (तरूणमित्र)।** सीपरी बाजार स्थित जैकब हाई स्कूल सभा कक्ष में समर कैंप के अंतर्गत बच्चों के लिए यातायात नियमों की पाठशालाएं लगाकर टी आई देवेंद्र कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य, विद्यालय प्रबंधक सैमसन जैकब की अध्यक्षता व प्रधानाचार्य मिस ब्युला जैकब के विशिष्ट आतिथ्य, ट्रैफिक चीफ वार्डन प्रगति शर्मा के संयोजन में यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही बताया गया कि नाबालिक बच्चे वाहन कतई ना चलाएं एवं किसी को भी बिना हेलमेट के देखें तो सम्मान पूर्वक उनको टोकें।

इसके साथ ही प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों से यातायात संबंधी प्रश्न भी पूछे गए जिसमें विजय प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। संयोजिका द्वारा अतिथियों को आभार स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आचार्य सतीश शर्मा, नुजरत परवीन खान, सुनील, धीरज कुमार ,दीपा अग्रवाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन ट्रैफिक वार्डन दीपशिखा शर्मा द्वारा किया गया।

# बिजली कटौती :जनप्रतिनिधियों के जी का बनी जंजाल

**हरिमोहन विश्वकर्मा**

- सदर व बबीना विधायक के बाद अब सांसद भी मैदान में
- प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, निर्बाध विद्युत आपूर्ति की करी मांग

**झाँसी, 22 मई (तरूणमित्र)।** जनपद में उच्च स्तर पर चल रही बिजली कटौती से परेशान नगरवासियों के दुःख में अब क्षेत्रीय सांसद अनुराग शर्मा भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर नगर की बिजली समस्या से अवगत कराते हुए जल्द समाधान की मांग की है। इससे पहले सदर विधायक रवि शर्मा बिजली मंत्री को एवं बबीना विधायक राजीव सिंह सीधे मुख्यमंत्री को समस्या का हवाला दे चुके हैं लेकिन बिजली अधिकारियो के कानों पर जूँ तक नहीं रेंग रही। विपक्ष बिजली कटौती के खिलाफ जोरदार आंदोलन कर रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन भी कांग्रेस की ओर से मैदान में हैं लेकिन मामला सम्भलता नजर नहीं आ रहा है। गुरुवार को एक होटल में सभी राजनीतिक दलों, व्यापारी संगठनों व सामाजिक संगठनों ने एक सर्वदलीय बैठक कर आंदोलन की रणनीति तैयार की है। शुक्रवार को ये सभी संगठन इलाईट चौराहे पर ढाई घंटे का धरना भी देंगे। उधर बिजली अधिकारी अब भी हालातों से निश्चित हैं। गुरुवार को एक भाजपा नेता की सीपरी बाजार क्षेत्र के एसडीओ से बहस सोशल मीडिया पर वायरल है।

लोग बिजली मंत्री अरविन्द शर्मा की जगह पुराने बिजली मंत्री श्रीकांत शर्मा को जिम्मेदारी सौपने की मांग भी कर रहे हैं जिनके कार्यकाल में बिजली समस्या नियंत्रित रही है। बिजली अधिकारी कटौती का रोस्टर तक नहीं बना पा रहे जिससे लोगों को तनिक सी भी राहत मिल सके।

इस बीच बुधवार की रात आई आंधी ने हालात और अधिक दुष्कर कर दिए। फिलहाल, अब तक समस्या पर खामोश सांसद अनुराग शर्मा को भी जनता की सुध आई है। उन्होंने प्रमुख सचिव को पत्र में लिखा है कि झाँसी - ललितपुर संसदीय क्षेत्र में इन दिनों लगातार बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से प्रतिदिन बिजली कटौती, कम वोल्टेज और अनियमित आपूर्ति की अनेक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। यह स्थिति न केवल आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि स्वास्थ्य सुबिधा , पेय जल आपूर्ति ,किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और छोटे उद्योगों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

पत्र में कि झाँसी-ललितपुर क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से स्थायी और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। देखना यह है कि सांसद के हस्तक्षेप के बाद भी स्थिति में कोई सुधार होता है या नहीं। क्योंकि सदर और बबीना विधायक की पहल तो अब तक कोई रंग लाती नहीं दिख रही। उधर जनता का 18-20 घंटे तक की कटौती से बुरा हाल है। कोई बच्चे लेकर एटीएम में डेरा डाले है तो कोई चौराहे पर। कुल मिलाकर विद्युत कटौती अब जनप्रतिनिधियों के लिए भी जी का जंजाल बनता दिखाई दे रही है।

## संदिग्धावस्था में जंगल किनारे मिला शव

**नरैनी/बांदा, 22 मई (तरूणमित्र)।** संदिग्ध हालत में मृत अवस्था में पड़ा जंगल किनारे एक व्यक्ति का शव कोतवाली पुलिस ने बरामद किया।मिले हुए अज्ञात शव को पुलिस से पहचान करा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र स्थित मोतियारी और मुद्रिरामपुर के बीच मौजूद घने जंगल में अधेड़ उम्र के व्यक्ति का छत बिछत हालत में शव पड़ा चरवाहों ने देखा। शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। चरवाहों ने शव की सूचना ग्राम प्रधान मोतियारी को दी।ग्राम प्रधान ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम ने जांच पड़ताल कर नमूने लिए। तकरीबन तीन घंटे तक कोतवाली पुलिस ने शव की पहचान के लिए रखे रहे। इसके बाद शव की पहचान गुढ़ा कला के मजरा केवटरा गांव निवासी राजा 52 वर्ष पुत्र महावीर का निकला।

# पीएम ने ओरछा रेलवे स्टेशन जनता को किया समर्पित



**ओरछा /झाँसी, 22 मई (तरूणमित्र)।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित ओरछा रेलवे स्टेशन का लोकार्पण गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। प्रधानमंत्री ने स्टेशन को भगवान रामराजा की नगरी के लिए बड़ी सौगात निरुपित करते हुए कहा कि दुनिया भर के धार्मिक पर्यटक अब ओरछा से आसानी से जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन आफाक अहमद ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, विधायक निवाड़ी अनिल जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष निवाड़ी राजेश पटेरिया, कमलेश देवलिया, राजा बुन्देला आदि के साथ डीआरएम झांसी रेल मंडल दीपक कुमार सिन्हा, सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, पीआरओ मनोज सिंह, वरिष्ठ कारखाना प्रबंधक अजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया।

## साथी अभियान से मिलेगा बेसहारा बच्चों को नया जीवन : जिला जज

**ललितपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** बेसहारा और लावारिस बच्चों के लिए चलाए जा रहे साथी अभियान की पहली बैठक जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला जज ने बताया कि साथी अभियान को गति देने के लिए इस कैंपेन से जुड़े व्यक्तियों को साथ मिलकर काम करना होगा। इसके तहत निराश्रित बच्चों के पहचान कर उनकी आधार मैपिंग कराई जाएगी। इसके बाद उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाएगा। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ने बताया कि कई महिलाएं जब कुटुंब न्यायालय में अपने अधिकारों के लिए आती हैं, तो उनके बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं होता, जिससे वे कई योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे मामलों को प्राथमिकता देते हुए साथी अभियान के माध्यम से इन बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल द्वारा साथी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एएसपी कालू सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी नंदलाल सिंह, डीपीओ नीरज कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, तनवीर हसन, मनोज श्रीवास्तव, पीयूष भार्गव, रविंद्र कुमार, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजकुमार जैन, चाइल्ड हेल्पलाइन से शुभम अहिरवार, पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, निधि सहरिया, शशिकांत लोधी, आकाश झा, पैरा लीगल वॉलेंटियर रीना परमार, मुकेश कुमार, गणेशराम, राजेश कुमार राठौर, डालसा कर्मियों में विवेक यादव, रोहित राठौर, आलोक पुरोहित, विकास कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आंधी से उखड़ी होर्डिंग ने ले ली लोडर चालक की जान

**झांसी, 22 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार -गुरुवार की रात आए भयानक तूफान ने एक लोडर चालक की जान ले ली। रात लगभग 12.30 बजे आई भीषण आंधी के दौरान स्टेशन के बाहर पार्सल ऑफिस के सामने के पाथ वे किनारे खड़ी लोडिंग गाड़ी के ऊपर सो रहे ड्राइवर के ऊपर विशालकाय होर्डिंग गिर गई। इस घटनाक्रम में होर्डिंग से दबने से ड्राइवर की मौत हो गई यात्रियों ने उस भारी होर्डिंग को आसपास के व्यक्तियों की मदद से निकाला। मौके पर पहुंचे रेलवे चिकित्सक ने चालक को मृत घोषित कर दिया। युवक प्रेमनगर थाना क्षेत्र के हंसारी टपरियन निवासी लगभग 44 वर्षीय चरण सिंह पुत्र मानसिंह है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार जब आंधी आई तो होर्डिंग का पिलर बेस से उखड़ गया। इसके साथ ही पिलर की वेल्डिंग भी टूट गई और भारी भरकम फ्रेम चरण सिंह के ऊपर आ गिरा। इस घटनाक्रम में कुछ रेल कर्मी भी बच गए। घटना की सूचना पर जीआरपी और नवाबाद थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गयी। इसके बाद घटनास्थल को लेकर विवाद शुरू हो गया। अंततः रात ढाई बजे नवाबाद पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा।

### ग्राम पंचायत अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**ललितपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई ने ग्राम पंचायत अधिकारी को रंगे हाथ 23 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 22 मई 2025 को जनपद ललितपुर के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनारी में की गई। शिकायतकर्ता लोकेन्द्र सिंह ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन को दी गई शिकायत में बताया कि उनके पिता बलवन्त सिंह ग्राम पनारी के वर्तमान ग्राम प्रधान हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (शुगर) के चलते ग्राम प्रधान के कार्यों का निर्वहन शिकायतकर्ता द्वारा किया जा रहा है। ग्राम में अम्बेड़कर पार्क के निर्माण हेतु ग्राम विकास निधि से लगभग 8.54 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी, जो ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी (सेकेट्री) के संयुक्त खाते में जमा की गई थी। निर्माण कार्य के प्रथम चरण में लगभग 2 लाख रुपये पूर्व में स्थानांतरित किए जा चुके थे। शेष कार्य के लिए धनराशि की आवश्यकता पड? पर शिकायतकर्ता के पिता ने ग्राम पंचायत अधिकारी उमाशंकर राजपूत से अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने पहले से जारी धनराशि में से 23 हजार रुपये कमीशन (रिश्वत) की मांग की और कहा कि इसके बाद ही अगली किस्त जारी की जाएगी। शिकायतकर्ता द्वारा रिश्वत देने से इंकार करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई में शिकायत दर्ज कराई गई।

### एएसपी का अयोध्या स्थानान्तरण

**चित्रकूट, 22 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन गेस्ट हाउस में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी का जनपद चित्रकूट से जनपद अयोध्या स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह मे उन्हे भावभीनी विदाई दी। एसपी ने स्थानान्तरित अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। जिले में बतौर अपर पुलिस अधीक्षक के रुप में जनपद में अपनी कार्यशैली से सभी को प्रभावित किया है आशा है कि स्थानान्तरित जनपद में भी अपने कार्य से अमिट छाप छोड़े,इनके स्थानान्तरण होने से हम लोगों को इनकी कमी खलेगी। अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि ने कहा कि मुझे चित्रकूट की जनता और पुलिस की तरफ से ढ़ेर सारा प्यार और स्नेह मिला, जिसे मैं कभी भुला नही पाऊंगा।

## राजकीय पॉलीटेक्निक बरगढ़ में छात्रों को बांटे टेबलेट



**चित्रकूट, 22 मई (तरूणमित्र)।** राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ में छात्रों को टेबलेट का वितरण किया गया। शेष छात्रों का ई-केवाईसी वेरिफिकेशन ना होने के कारण द्वितीय फेज में टेबलेट का वितरण किया जाएगा। राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि टेबलेट का प्रयोग छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों के पठन-पाठन में किया जाएगा। संस्था में फ्री वाई-फाई छात्रों के लिए उपलब्ध होने के कारण कक्षाओं में भी अतिरिक्त समय में छात्र अपने वीडियो लेक्चर्स या अन्य नई टेक्नोलॉजी को डाउनलोड कर अध्ययन कर सकते हैं छात्रों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को टेबलेट वितरण के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया और यह बताया कि वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा छात्रों को टेबलेट वितरण का निर्णय छात्रों के भविष्य के निर्माण में अत्यंत सहायक है।

# एक माह में पूर्ण करायें नये औद्योगिक आस्थान का कार्य- डीएम

- औद्योगिक आस्थान की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताया रोष



**ललितपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिला उद्योग बन्धु समिति बैठक का आयोजन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना की विभिन्न स्तरो पर लंबित आवेदनो की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिये गए, उन्होंने नये औद्योगिक आस्थान के कार्य को 01 माह मे पूर्ण कराने के लिये यूपीएसआईसी को निर्देशित किया तथा चन्देरा औद्योगिक आस्थान में पानी निकासी के लिये आगणन प्रस्तुत करने के लिये कहा।

अधिशासी अभियन्ता विद्युत को चन्देरा में नये फीडर की स्थापना के लिये आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये तथा खनन अधिकारी को जनपद में स्थित खनन से सम्बधित इकाईयो तक विद्युत की व्यवस्था पहुचाने के लिये विधुत विभाग से समन्वय स्थापित कर खनन इकाइयों को विजनेस प्लान में समिलित करने के लिये निर्देशित किया। उद्यमी संगठनो की मांग पर मिनी औद्योगिक आस्थान के सन्दर्भ में तालबेहट में 01 हैन्डपम्प एवं 01 हाईमास्क लाईट की व्यवस्था क्रिटिकल गैप से करने की सहमति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नये औद्योगिक आस्थान के निर्माण के लिये भूमि चिन्हित की जाए एवं उद्यमी संगठनो की मांग पर चन्देरा औद्योगिक आस्थान में वाउण्ड्रीवॉल के निर्माण हेतु औद्योगिक आस्थान की जमीन का चिन्हांकन किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, अप जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, सीओ सदर अजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अधिशसी अभियन्ता विद्युत, जिला खनन अधिकारी अमितोष वर्मा, वन क्षेत्र अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल, सहायक प्रबंधक उद्योग संजय यादव, कमलेश सर्राफ, मुकेश जैन सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

# बाल शोषण की रोकथाम के लिए निरन्तर अभियान चलायें: अपर एसपी



**बांदा, 22 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में बाल भिक्षावृत्ति/बालश्रम की रोकथाम, किशोर न्याय संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम आदि हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा में पुलिस लाइन बांदा नवीन सभागार में विशेष किशोर पुलिस इकाई जनपद बांदा के तत्वाधान में मासिक समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा जिसमें बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल अपराधों की रोकथाम हेतु लोगों को जागरुक करने तथा बालश्रम व बाल आत्महत्या पर रोक लगाये जाने के संबंध में ग्रामीण व शहर क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाये जाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए । साथ ही पुलिस व अन्य सरकारी/गैर-सरकारी संस्थाओं को परस्पर आपसी सहयोग के संबंध मे भी दिशा निर्देश दिए गये ।

इस दौरान बाल भिक्षावृत्ति, बाल अपराधों, बाल आत्महत्या, बाल विवाह आदि की रोकथाम हेतु व्यापक जागरुकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए । मानव तस्करी निरोधी इकाई व विशेष किशोर पुलिस को किशोर न्याय संरक्षण के संबंध में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाने जाने हेतु निर्देशित किया गया द्य समीक्षा बैठक दौरान क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी सहित अभियोजन कार्यालय, बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा, समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधीकारी, जीआरपी, एएचटीयू, एसजेपीयू, वन स्टाप सेन्टर, साथी उत्तर प्रदेश संस्था तथा ग्रामीण स्वावलंबन समिति के सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे ।

## अज्ञात लोग ने नवजात शिशु को सीएचसी में छोड़ा

**बबेरू/बांदा, 22 मई (तरूणमित्र)।** बबेरू सीएचसी में बीती रात्रि एक नवजात शिशु को अज्ञात लोगों ने छोड कर चले गए, दूसरे दिन अधीक्षक ने चाइल्ड लाइन बांदा को बुलाकर सही सलामत सुपुर्द कर दिया गया है। बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 21 मई दिन बुधवार की रात्रि करीब 9: 40 पर एक अज्ञात नवजात शिशु को अज्ञात लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी के बाहर रखी कुर्सियों में छोड़कर चले गए, जिसको ड्यूटी पर तैनात एक वार्ड बॉय ने देखा तो डॉक्टर को सूचना दिया, तभी नवजात शिशु का चेकअप करवाया गया। और डिलीवरी के बाद जो बच्ची को टीके लगते हैं, उसको भी लगवाया गया। उसके बाद सीएचसी अधीक्षक के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा को देखा तो एक अज्ञात महिला और एक व्यक्ति जो मुंह बांधे हुए थे, वह नवजात शिशु को छोड़कर जाते दिख रहे है। पुलिस के द्वारा अज्ञात महिला और व्यक्ति की पहचान जांच पड़ताल में जुट गई है। वह पुलिस के द्वारा अधीनस्थ टीम चाइल्ड हेल्प बांदा को सूचना दिया।

# गांव-गांव में कांग्रेस को मजबूत करने के लिये काम करें कार्यकर्ता



**चित्रकूट, 22 मई (तरूणमित्र)।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की बैठक जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में दोनों जिला कोऑर्डिनेटर आदित्य स्वरूप पांडे व दिनेश यादव की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए कोऑर्डिनेटर आदित्य स्वरूप पांडे ने कहाकि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा हमें आपके बीच भेजा गया है की आप सभी लोगों को साथ लेकर गांव गांव में कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने का काम करना है 40 दिनों में ब्लॉक स्तर न्याय पंचायत ग्राम पंचायत में संगठन को नए सिरे से मजबूती प्रदान करना। कोऑर्डिनेटर दिनेश यादव ने कहा कि पार्टी के संदेश को लेकर हम सभी को गांव-गांव बैठक आयोजित कर सभी समुदाय को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का काम करना और कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूत करना है प्रदेश से हम दोनों को जनपद में समन्वय बनाने के लिए भेजा गया है और 40 दिनों में कांग्रेस पार्टी का संगठन गांव-गांव में गठन कर पार्टी को मजबूत किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह ने दोनों कोऑर्डिनेटर का जनपद चित्रकूट आगमन पर स्वागत है कांग्रेस कमेटी आपके मार्गदर्शन में कांग्रेस संगठन को जिला ब्लॉक न्याय पंचायत गांव स्तर पर मजबूत करने का काम करेगी।

# जिलाधिकारी ने की हर घर जल परियोजना प्रगति की समीक्षा, दिए निर्देश

## 27 ग्राम प्रधानों द्वारा काम में बाधा, सख्त कार्रवाई के निर्देश, विद्युत आपूर्ति बाधित, काम में तेजी के आदेश

**उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने हेतु सीडब्ल्यूआर और नलकूप संख्या-2 को शहरी फीडर से जोड़ने के लिए संयुक्त टीम से प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि उरई नगर पुनर्गठन पेयजल योजना (फेज-2, अमृत योजना) के तहत उमरारखेड़ा और बंशीधर महाविद्यालय के पास बने नलकूप फिलहाल ग्रामीण फीडर से उर्जित हैं, जिन्हें जल्द ही शहरी फीडर से जोड़ा जाए। ग्राम पंचायतों में कार्य कर रहीं कार्यकारी एजेंसियां जीवीपीआर और बीजीसीसी को




लगभग 27 ग्राम प्रधानों द्वारा पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की शिकायत मिली है। इस पर नाराजगी जताते हुए, जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ऐसे प्रधानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। 12 स्थानों पर विद्युत आपूर्ति न होने से पेयजल व्यवस्था प्रभावित है।

उन्होंने निर्देश दिए कि माह के अंत तक सभी विद्युत कार्यों को पूर्ण किया जाए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को अनिवार्य बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एक माह के भीतर सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन कार्य पूरा कर लिया जाए। संबंधित अधिकारी कार्य का स्थलीय सत्यापन भी करें।समीक्षा बैठक में बीजीसीसी द्वारा कार्य में रुचि न लेने पर जिलाधिकारी ने शासन को पत्र भेजकर कार्रवाई की संस्तुति की। साथ ही अधिशासी अभियंता ग्रामीण व टीपीआई पर भी सख्त नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर दिन-रात कार्य कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अधीक्षण अभियंता नंदलाल, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अमित सक्सेना, अधिशासी अभियंता ग्रामीण आंचल गुप्ता आदि सहित संबंधित अधिकारी व एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# इप्टा की कार्यशाला में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति सीखेंगे प्रतिभागी

**कोंच/उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** इप्टा की कार्यशाला में प्रतिभागी आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति सीखेंगे जहां जब शब्द बोलने लगते हैं, जब कल्पनाएं जीवंत होती हैं, और जब बच्चों के मन की भावनाएँ रंगमंच पर एक नया रूप लेती हैं। भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) कोंच की 25वीं निशुल्क ग्रीष्मकालीन बाल एवं युवा नाट्य कार्यशाला में उत्साह के साथ पंजीकृत प्रतिभागियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और इसमें शहर के साथ-साथ गांवों के बच्चे भी शामिल हो रहे हैं।

पंजीकरण में शामिल छात्र-छात्राओं ने रंगमंच की शिक्षा पाने के लिए अपनी जिज्ञासा और उमंग जाहिर करते हुए कहा कि यह केवल अभिनय नहीं, आत्मा की उड़ान है। इप्टा अध्यक्ष अनिल कुमार वैद एडवोकेट ने बताया कि यह कार्यशाला सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है। इसमें बच्चों को संवाद कला, भाव-भंगिमा, समूह समन्वय, संगीत, नाट्य लेखन, निर्देशन और मंच सज्जा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षक बच्चों को यह सिखाएंगे कि कैसे एक कलाकार बनने के साथ-साथ एक संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक भी बना जा सकता है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) और भारतेन्दु नाट्य अकादमी (बीएनए) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रशिक्षक बच्चों को न केवल कला की बारीकियां सिखाएंगे, बल्कि उन्हें मंच पर आत्मा के साथ जुड़ने का तरीका भी समझाएंगे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में चलाया जाएगा वृक्षारोपण कार्यक्रम

**उन्नाव, 22 मई (तरूणमित्र)।** अतिरिक्त मजिस्ट्रेट (द्वितीय)/परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा उन्नाव आनन्द कुमार नायक ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मॉ के नाम' अभियान से प्रेरित होकर आवास और शहरी कार्य मंत्रालय अपनी अनूठी अमृत मित्र पहल (अमृत 2.0 एवं डे एण्ड नल्म के साथ समन्वय) के अन्तर्गत एक वृक्षारोपण अभियान 'महिलाए पेड़ों के लिए' शुरू करने जा रहे है। उन्होने बताया है कि इस अभियान में महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य अमृत और डे-एनयूएलएम के मार्ग दर्शन में निकाय द्वारा चयनित पार्कों आदि स्थलों में पौधों का रोपण करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि वे कम से कम 1-2 वर्षों तक जीवित रहे। जिसके अन्तर्गत प्रथम चरण में 21-23 मई तक नगर पालिका परिषद उन्नाव द्वारा 05 पार्कों का चयन कर डे-एनयूएलएम (डूडा) द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से वृक्षारोपण कार्य जाना है। उक्त के अन्तर्गत आज चयनित एमआईजी 1045 वृंदावन पार्क, ईडब्ल्यूएस 593 पार्क आवास विकास कॉलोनी उन्नाव में स्वयं सहायता की महिलाओं द्वारा भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उन्नाव एस0के0 गौतम एवं शहर मिशन प्रबंधक डूडा आदर्श परिहार द्वारा महिलाओं को किट आदि का वितरण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को वृक्षारोपण कार्यक्रम के बारें में प्रोत्साहित किया गया। परियोजना अधिकारी डूडा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जय दुर्गा माता, नमः शिवाय, वसीम, खुशी, श्रिया स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**मौदहा हमीरपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** अपने गांव से बांदा जाने के लिए ट्रेन में चढ़ रहा युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक देख मुख्यालय रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम खंडेह (अकोना) निवासी अवधेश 35 वर्ष पुत्र किशोरी लाल बुधवार की शाम खजुराहो पैसेंजर से बांदा जाने के लिए पहुंच तो ट्रेन चल चुकी थी वह दौड़कर ट्रेन में चढ़ने लगा तभी अवधेश का संतुलन बिगड़ने से वह रेल्वे ट्रैक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा लाया गया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

# अपर जिला जज ने कारागार का किया साप्ताहिक भ्रमण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल पंवार ने दिनांक 22.05.2025 को जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

निरीक्षण में सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल पंवार ने जिन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं किन्तु जमानतगीर न होने के कारण रिहा नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूची अविलम्ब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के कार्यालय में प्रेषित किये जाने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया, जिससे कि उन बन्दियों के



सम्बन्ध में प्रभावी पैरवी कर उन्हे शीघ्रता से कारागार से रिहा करवाया जा सकें एवं जिन बन्दियों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हैं उनकी जमानत राज्य की ओर से जिला अधिकार प्राप्त समिति जालौन के माध्यम से करवायी जा सकें। बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि एमाइकस क्यूरी (न्यायमित्र) की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसीप्रकार जो बन्दी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, जेल चिकित्साधिकारी डॉ0 राहुल बर्मन, उपकारापाल अरविन्द सिन्ह व अमर सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के लिपिक श्री शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे। इसके उपरान्त कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वन स्टॉप सेन्टर उरई में आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मनोचिकित्सक रागिनी व केस वर्कर प्रवीणा सहित स्टॉफ उपस्थित मिला। सेन्टर का समस्त व्यवस्थाओं को जांचा जिसमें व्यवस्थायें सन्तोषजनक पायी गयी। निरीक्षण के समय वन स्टॉप सेन्टर पर कोई भी महिला पीड़िता उपस्थित नहीं पायी गयी।

# चालकों व परिचालकों के स्वास्थ्य परीक्षण को शिविर आयोजित

**शिविर में 47 चालक लाइसेंस आवेदकों व अन्य चालकों/परिचालकों द्वारा किया गया प्रतिभाग**

**उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रशा०/प्रर्व०) सुरेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में आज दिनाँक 22 अप्रैल 2025 को स्थान-उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, उरई (जालौन) चालक लाइसेंस के आवेदकों व अन्य चालकों/परिचालकों के स्वास्थ्य, नेत्र एवम् मधुमेह (सुगर) परीक्षण की जाँच हेतु शिविर लगाया गया। उक्त शिविर में 47 चालक लाइसेंस




के आवेदकों व अन्य चालकों/परिचालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपस्थित समस्त लोगों के स्वास्थ्य, नेत्र एवं मधुमेह (सुगर) की जाँच नेत्र एवं पैथलॉजी चित्सिकों की टीम द्वारा की गयी। सभी को सुरक्षित परिवहन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया तथा अपील की गयी कि वह वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट का प्रयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, दुर्घटना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक माल व सवारियाँ न ढोयें। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि स्वस्थ्य शरीर एवं सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरुकता से ही सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाई जा सकती है। साथ ही यह भी जानकारी दी गयी कि वाहनों को अपनी लाइन पर संचालित करने तथा वाहन को रोकते समय साइड इण्डीकेटर का प्रयोग कर सुरक्षित स्थान पर यात्रियों को उतारने, अनधिकृत तरीके से वाहन को ढ़ाबों पर खड़ी न करने एवं यात्रियों को यात्रियों को असुविधा न हो ध्यान में रखकर यात्रा करायें।

# रंजिशन महिला समेत चार लोगों ने मिलकर दो भाईयों के साथ की मारपीट

**जालौन/उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** रंजिश को चलते महिला समेत चार लोगों ने मिलकर दो भाईयों के साथ लोहे की कील लगे लकड़ी की डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाना निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने बड़े भाई उपेंद्र के साथ बुधवार की शाम घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान रंजिश को लेकर शिवम निवासी हरीपुरा आ गए और उन्होंने उसका गला पकड़ लिया। उनके साथ आए राजेश निवासी हरीपुरा व भूरे उर्फ हरीसिहं निवासी जोशियाना व ऊषा देवी ने मिलकर लोहे की कील लगी लकड़ी की पट्टी से उसकी पिटाई शुरू कर दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि उसे बचाने आए उपेंद्र भी घायल हो गए। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख सभी वहां से जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वहीं, किसी ने मारपीट वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ित का सीएचसी में चिकित्सकीय परीक्षण कराया जहां से उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया। उधर, पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### आल्हा जयंती पर होगा 'आल्हा संवाद' का आयोजन

**महोबा, 22 मई (तरूणमित्र)।** लोक संस्कृति एवं वीर रस की अमूल्य परंपरा को जीवंत बनाए रखने हेतु आगामी 25 मई को महोबा में ₹आल्हा संवाद₹ नामक एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मुकुंद फाउंडेशन एवं वीणा पाणी संगीत महाविद्यालय, महोबा के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बुंदेली वीर गाथाओं विशेषतः 'आल्हा' की परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ना और उसके सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व को पुनः जागृत करना है। यह कार्यक्रम रामालय बाबूलाल तिवारी स्मृति सभागार, रामलीला मैदान, महोबा में समयः सायं 5:00 बजे से 6:00 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम में आल्हा गायन की विधाओं, उनके ऐतिहासिक योगदान, और उनके सामाजिक संदेश पर संवाद होगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों एवं विद्वानों की सहभागिता से यह संवाद और भी समृद्ध होगा। सभी संस्कृति प्रेमियों, बुद्धिजीवियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे इस गरिमामयी आयोजन में अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### रास्ते में पानी निकालने को ले की गाली, गलौज

**जालौन/उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** रास्ते में पानी निकालने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरकौती निवासी शिरोमणि ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही देवेंद्र कुमार रास्ते में पानी निकालने को लेकर विवाद कर रहे थे। विवाद के दौरान उन्होंने अभद्रता शुरू कर दी। जब उन्होंने रोका तो मारपीट कर दी। उन्हें पिटता देख आसपास के लोगों ने बचाया। तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## एक किलो मीटर लंबी डामरीकरण रोड का हुआ भूमि पूजन

**कोंच/उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिला पंचायत की ग्राम पंचायत लोना के सिकरी गांव में दिन गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी ने सिकरी ग्राम से कोंच जालौन मार्ग तक एक किलो मीटर लंबी डामरीकरण सड़क के निर्माण हेतु भूमि पूजन कर कार्य की शुरूआत कर दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी ग्राम के विकास के लिए सबसे मूलभूत जरूरत सड़क होती है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन को सुविधा प्राप्त होती है और यह सड़क यातायात के साथ साथ आरामी बीमारी के लिए रात बिरात आने जाने की सुविधा प्रदान करती है जब मुझे ग्रामीणों द्वारा इस सड़क के बारे में बताया गया तो मैने तुरंत ही कार्य योजना में सम्मलित कर इसे बनाये जाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया और आज मुझे खुशी है कि आज मै इस सड़क के निर्माण के लिए भूमि पूजन कर रहा हूँ इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मीनाक्षी आनंद पटेल, प्रलुभ्य निरंजन, ठेकेदार मुन्ना महते, अखलेश, सुदेश, छोटे राजा, शांतनु यादव, राहुल कुशवाहा, यश कुमार, शैलेन्द्र सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

## समझौता से मना करने पर विपक्षियों ने युवक के साथ की मारपीट

**जालौन/उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** युवक ने मारपीट की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। विपक्षी उसमें समझौता करने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर विपक्षियों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि वह कुछ दिन पूर्व रंजिश के चलते उसके साथ मोहल्ले के ही भूरे उर्फ मानवेंद्र, कैलाश और राजीव ने मिलकर मारपीट कर दी थी। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी थी। जिसकी रिपोर्ट उसने कोतवाली में दर्ज कराई थी। इसी मामले में समझौता करने के लिए विपक्षी दबाव बना रहे थे। गुरूवार की सुबह तीनों उसके यहां आए और पुनः दबाव बनाने लगे। जब उसने इंकार किया तो तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। उसे पिटता देख जब आसपास के लोग बचाने के लिए आए तो वह आइंदा मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# नदीगांव में कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण के लिए 30 दिव्यांगजनों का हुआ चयन

**उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा बीते दिन विकास खण्ड मुख्यालय नदीगांव में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत 30 दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंगों (ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, वैशाखी, छड़ी एवं बनावटी हाथ पैर, कैलीपर्स) की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु चिन्हांकित किया गया। साथ ही विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं यथा-दिव्यांग पेंशन, शादी-विवाह पुरस्कार योजना, शल्य चिकित्सा योजना एवं दुकान निर्माण एवं दुकान संचालन ऋण योजना आदि का भी प्रचार-प्रसार किया गया।




शिविर में प्रवीण कुमार सिंह जिला दिव्यांगजन सश० अधिकारी, चिकित्सक डॉ० राम द्विवेदी (आर्थो०), डॉ० वी०पी० सिंह (ई०एन०टी०), डॉ० जे०जे० राम (आई०), शैलेश कुमार गुप्ता, वरि० सहायक, राकेश कुमार एवं प्रमोद कुमार श्रीवास्तव आदि विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति में चिन्हांकन शिविर आयोजित हुआ है।

इसी क्रम में आज दिनांक 23.05.2025 दिन शुक्रवार को चिन्हांकन शिविर विकास खण्ड कोंच मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को उक्त कैम्प में उपस्थित होने की अपील की है जिससे उनकी दिव्यांगता के सापेक्ष कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का लाभ प्रदान किया जा सके।

# लूटकांड का खुलासा न होने पर व्यापारियों ने दिया धरना



**कोंच/उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** दिन दहाड़े नवीन ज्वैलर्स के प्रतिष्ठान पर 5 नकाब पॉश बदमाशों द्वारा लूटकांड को अंजाम दिया गया और बदमाश कांड के उपरांत बेखौफ होकर बीच बाजार से रफूचक्कर भी हो गए और योगी की पुलिस घटना के सात दिन बाद भी बदमाशों को पकड़ने में नाकामयाब रही। जिससे आजिज व्यापारियों उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल इकाई के बैनर तले दिन गुरुवार को सराफा बाजार स्थित पोष्ट ऑफिस के सामने टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए और व्यापारी एकता जिंदाबाद पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाते हुए धरना प्रदर्शन को उद्योग व्यापार मण्डल के जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल दतिया वालों की अध्यक्षता में प्रारम्भ कर दिया। जैसे ही इसकी भनक पुलिस प्रशासन को हुई तो पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद, कोतवाली प्रभारी विजय कुमार पांडेय धरना स्थल पर पहुंच गए और व्यापारियों से बातचीत कर धरना प्रदर्शन समाप्त किये जाने का आग्रह किया लेकिन व्यापारियों के आक्रोश के कारण उनकी एक न चली और व्यापारियों ने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया। तब पुलिस प्रशासन ने परिस्थितियों से पुलिस अधीक्षक जालौन को अवगत कराया और तब पुलिस अधीक्षक ने उरई पुलिस क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह और प्रभारी निरीक्षक उरई अरुण कुमार राय को व्यापारियों से मिलकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराये जाने के लिए भेजा और उन्होंने धरना स्थल पर पहुंचकर व्यापारियों से रूबरू हुए और उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन व्यापारियों ने उनकी भी बात मानने से इनकार कर दिया। तब प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ दुर्गेश कुमार से दूरभाष पर वार्ता करायी इसके बाद व्यापारियों ने 26 मई तक का अल्टीमेटम देते हुए धरना समाप्त किये जाने की घोषणा कर दी।

## पड़ोसियों पर छज्जा गिराने का महिला ने लगाया आरोप

**उन्नाव, 22 मई (तरूणमित्र)।** एसपी को शिकायती पत्र देकर महिला ने पड़ोसियों द्वारा जबरन छज्जा गिराए जाने का आरोप लगाया है। इतना ही महिला ने गलिगलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है।



मिली जानकारी के अनुसार शिकायत कर्ता प्रीति पत्नी सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम दबोली सोहरामऊ ने एसपी को शिकातीपत्र देकर बताया कि उसके घर में छज्जे का निर्माण होने के लिए शटरिंग लगी थी। पड़ोसियों में ममता गायत्री सुभाष बद्दु कंधाई श्रीपाल राजरानी रामपुरी एक राय होकर छज्जे कि शटरिंग को गिरा दिया। इतना ही नही धमकी दिया कि तुमने दुबारा ऐसा किया तो जान से मारने कि धमकी दी। महिला ने न्याय कि गुहार लगाई है।

# पोल व तार टूटने के कारण नगर समेत 35 गांवों की बिजली आपूर्ति रही प्रभावित

**रात में आंधी के कारण बिजली विभाग को हुआ नुकसान**

**नगर की आपूर्ति 11 घंटे में बहाल, ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति गुरुवार को भी रही ठप्प**

**जालौन/उरई, 22 मई (तरूणमित्र)।** रात में आंधी के कारण बिजली विभाग को नुकसान हुआ। पोल टूटने तथा पेड़ों के टूटने के कारण तार क्षतिग्रस्त हुए हैं। पोल व तार टूटने के कारण नगर समेत 35 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हैं। नगर की आपूर्ति 11 घंटे में बहाल हो गयी जबकि ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति गुरुवार को भी ठप्प रही ।

बुधवार को रात में हल्की बूंदाबांदी के साथ आंधी आ गयी थी। आंधी आने के बाद तापमान में गिरावट आने के कारण लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। आंधी आने के नगर व ग्रामीण की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गयी। बुधवार की रात करीब साढ़े 11 बजे से नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गयी। आंधी आने के कारण जगह जगह पेड़ उखड़



गये तथा टूट गये जिससे बिजली के पोल व तार क्षतिग्रस्त हो गये। आंधी आने के पेड़ों के गिरने से बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गये। आंधी आने व पेड़ गिरने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में 17 व नगर क्षेत्र में बालाजी फीडर के बिजली 3 पोल टूट गये। इसके साथ दलालनपुरा में रखा ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गया। आंधी आने के कारण क्षतिग्रस्त हुए बिजली के पोल व तार के कारण नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बुधवार की रात साढ़े 11 बजे से गुरुवार की सुबह 11 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप्प रही।

बिजली आपूर्ति ठप्प होने से जलापूर्ति भी ठप्प हो गयी। सुबह 11 बजे से बिजली आपूर्ति बहाल हो गयी थी। किन्तु इसके बाद पूरे दिन आना जाना लगा रहा। आंधी के कुसमरा, हरकौती, कामांक्षा व विश्व बैंक फीडर के 35 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गयी थी। समाचार लिखे जाने तक लगभग 20 गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल हो गयी थी जबकि शेष 15 गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल कराने के साथ दलालनपुरा के ट्रांसफार्मर को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। अवर अभियंता नवीन कुमार कंजोलिया ने बताया कि आंधी आने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र में 20 पोल टूट गये हैं तथा पेड़ गिरने के कारण तार क्षतिग्रस्त हो गये हैं। युद्धस्तर पर कर्मचारी काम करके बिजली आपूर्ति बहाल कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। वहीं, घर घर से नल से जल पहुंचाने के लिए सरकार की महत्वपूर्ण नमांमि गंगे परियोजना चलायी जा रही। चलायी जा रही परियोजना के तहत ग्राम छौलापुर में पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है।

इसके साथ पाइपलाइन डालने काम के साथ टोटी लगाने का काम चल रहा है। पानी की टंकी के निर्माण के लिए मंगलवार को पिलर बनाये गये थे। बुधवार की मध्य रात्रि को आयी आंधी में निमार्णाधीन टंकी का स्टेक्कर भर भरा कर जमीन पर गिर गया। पिलर का मलवा गिरानें के कारण बगल में टीन शेड का बना भूसा घर क्षतिग्रस्त हो तथा पास खड़ी जयराम सिंह राजावत की थ्रेसर की ट्राली क्षतिग्रस्त हो गयी। गनीमत रही कि उस समय घटना स्थल कोई व्यक्ति नहीं था नहीं तो दुर्घटना घट सकती थी। निमार्णाधीन पानी की टंकी धराशायी होने की सूचना लगते ही नमांमि गंगे परियोजना के टीम ने गुरुवार की सुबह पहुंच कर आननफानन में टंकी के मलवा को हटवा दिया है।

# सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को किया जाए पुरस्कृत- डीएम



मैनपुरी, 22 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है, निरंतर जागरूकता अभियान के साथ-साथ यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालान, जुर्माने में बढ़ोत्तरी के बावजूद मार्ग दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ पा रही है, जिससे प्रतीत हो रहा है कि सभी कार्य अधूरे प्रयासों के साथ किये जा रहे हैं। उन्होंने पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में कार्य करें, लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की तत्काल मदद करने के लिए प्रेरित करें, घायलों की मदद करने वाले लोगों को गुड सेमेरटन योजना में पुरस्कृत किया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देशित करते हुए कहा कि एक्सप्रेस-वे, हाई-वे, मुख्य मार्ग पर जहां-जहां संपर्क मार्ग जुड़े हैं, उन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाये जाएं, अगले 05 दिन में मुख्य-मार्गों के अवैध कट प्रत्येक दशा में बंद कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

श्री सिंह ने अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को आदेशित करते हुये कहा कि सड़क के किनारे कहीं भी गिट्टी, बालू की बिक्री न हो, सड़क की पटरी पर मोरम, गिट्टी की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए, नगर निकाय सड़क के किनारे रखी गिट्टी, मोरम के जब्तीकरण की कार्यवाही करें, मुख्य चौराहों के आस-पास कहीं भी सड़क के किनारे अनाधिकृत कब्जे न रहे, अभियान चलाकर मुख्य मार्गो, चौराहा से अतिक्रमण हटाए जाएं। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किसी भी दशा में ओवरलोड वाहनों का संचालन न हो, बिना नंबर प्लेट के संचालित वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि विद्यालयों में नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित कराकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाए, लोगों को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, चार-पहिया वाहन चलाते समय सीट-बेल्ट का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाए, जनपद में चिन्हित ब्लैक-स्पॉट पर तत्काल साइनेज, साइन बोर्ड लगाए जाएं।

उन्होंने जानकारी करने पर पाया कि माह अप्रैल में 51 सड़क दुर्घटनाएं घटित हुईं, जिसमें 30 व्यक्तियों को अपनी जान गवांनी पड़ी जबकि गत वर्ष माह अप्रैल में 47 सड़क दुर्घटनाओं में 36 व्यक्तियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। ए.आर.टी.ओ. ने बताया कि माह अप्रैल तक पुलिस, परिवहन विभाग द्वारा ओवर स्पीड पर 270, बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने पर 6077, बिना सीट बैल्ट पर 1070, रोंग साइड पर 536, मोबाइल का प्रयोग करने पर 172 तथा ओवर लोडिंग पर 350, शराब पीकर वाहन का संचालन करने पर 13 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण ने बताया कि जनपद में चिन्हित 06 ब्लैक स्पॉट के सापेक्ष 02 पर मरम्मत, साइनेज का कार्य कराया जा चुका है, शेष के आगणन शासन स्तर पर बजट आवंटन हेतु लंबित हैं।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.सी. गुप्ता, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण ए.के. अरूण, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी दीपिका गुप्ता आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शिवम यादव ने किया।

# एण्टी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट ने मंदिरों के आसपास से 13 बच्चे रेस्क्यू किये



मथुरा, 22 मई (तरूणमित्र)। मुख्य विकास अधिकारी के पत्र लिखने के बाद एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट ने कार्यवाही शुरू की और 13 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया। गुरुवार को पत्र के अनुपालन में विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग, जन साहस संस्था व डीपीओ कार्यालय के सहयोग से वृन्दावन स्थित श्री प्रेम मंदिर, इस्कॉन मंदिर तथा श्री विहारी मन्दिर वृन्दावन के आस पास बाल भिक्षावृत्ति एंव बालश्रम रोकथाम अभियान चलाया गया। कुल 13 नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू किया गया जिसमें छह नाबालिग बालकों को बालश्रम में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए मौके पर छोड़ा गया तथा भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए सात बालक, बालिकाओं को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। बाल कल्याण समिति मथुरा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

# आंधी-बारिश का कहर: डॉक्टर समेत दो की मौत, 8 घायल

मेरठ, 22 मई (तरूणमित्र)। बुधवार शाम तेज आंधी-बारिश कहर बनकर आई। इससे रेल और सड़क यातायात बाधित हुआ। पेड़ और अवैध यूनिपोल गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हो गए। लिसाड़ी गेट क्षेत्र की चमन कॉलोनी निवासी डॉ. सुबहान सैफी कार द्वारा देहरादून से मेरठ आ रहे थे।

मोदीपुरम में रुड़की रोड पर आंधी से एक यूनिपोल कार पर गिरने से उनकी मौत हो गई। वहीं, आंधी और बारिश से बचने के लिए रुहासा-बड़कली मार्ग पर पीपल के पेड़ के नीचे खड़े हुए रुहासा गांव निवासी बाइक सवार किसान अमित (32) के ऊपर पेड़ टूटकर गिर गया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की चमन कॉलोनी गली नंबर दो निवासी डॉ. सुबहान सैफी (25) पुत्र यामीन सैफी अपने मामा डॉ. अनस सैफी और दोस्त साबिर के कार द्वारा देहरादून से मेरठ आ रहे थे। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गए। उनकी मौके पर मौत हो गई, जबकि उनके मामा और दोस्त घायल हो गए।

**मेरे पापा को बचा लो, उनके ऊपर पेड़ गिर गया**

दौराला में बुधवार को अचानक मौसम में आया बदलाव आफत लेकर आया। रुहासा निवासी किसान अमित की पेड़ गिरने से मौत हो गई। वह बाइक से बेटे विहान के साथ दौराला से गांव आ रहा था। बड़कली गांव के बाहर अमित के ऊपर पेड़ गिरने के बाद नौ वर्षीय बेटा विहान करीब दो किमी दौड़कर बड़कली गांव पहुंचा। बच्चे ने रोते हुए ग्रामीणों से कहा मेरे पापा को बचा लो, उनके ऊपर पेड़ गिर गया है। ग्रामीणों ने पुलिस आदि को सूचना दी। दो घंटे तक ग्रामीणों ने इंतजार किया, लेकिन कोई सहायता के लिए नहीं पहुंचा। पेड़ के नीचे दबे अमित ने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने खुद ही किसी तरह अमित के शव को पेड़ के नीचे से निकाला।

**200 साल पुराना बड़ का पेड़ गिरा**

कंकरखेड़ा कस्बा चौकी के पास कैंट फ्लाईओवर के ऊपर तेज आंधी के कारण 200 साल पुराना बड़ का पेड़ सड़क पर गिर गया। जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर चौकी प्रभारी विनीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रूट डायवर्ट करवा कर वाहनों को फ्लाईओवर के नीचे से निकाला। तूफान में शहर में लगे अवैध यूनिपोल जान के दुश्मन बन कर गिरे हैं।

नगर निगम के दस्तावेज में शहर में केवल 361 यूनिपोल ही लगे दर्शाए गए हैं, जबकि शहर में 1200 से अधिक अवैध यूनिपोल लगे हैं। इनमें कई अवैध हैं। शहर से लेकर बाईपास हाईवे पर बीस से अधिक यूनिपोल गिरे हैं, जिससे सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

**नौचंदी मेले में लगे कई झूले टूटे, दो लोग हुए घायल**

शहर में नौचंदी मेले में लगे कई झूले टूट गए। नौचंदी मेले में लगे तमाम झूले गिर गए। बड़े झूले की चपेट में आकर जाकिर कालोनी निवासी शब्बो और मोहम्मद नियाज घायल हो गए। विभिन्न स्थानों पर पेड़ और यूनिपोल व होर्डिंग्स गिर गए। कई मकानों की दीवार भी गिर गईं, इसमें आठ लोग घायल हो गए। करीब 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी और फिर बारिश होने के बाद पूरे शहर की व्यवस्था पटरी से उतर गई। पेड़ों के गिरने से सड़कों पर जाम लग गया। बिजली के खंबे टूटने से शहर से लेकर पूरे जनपद में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कई जगह पर ओले भी पड़े हैं।

# शादी का विश्वास दिला किया ब्लैकमेल, गया जेल

- 50 हजार लेने के बाद, कर दी सोने की चूड़ियों की मांग

मथुरा, 22 मई (तरूणमित्र)। थाना वृन्दावन पुलिस ने शादी का झांसा देकर बलात्कार करने, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार रुपये ले लेने एवं सोने की चूड़ियों की मांग करने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गुरूवार को थाना वृन्दावन मथुरा पुलिस द्वारा थाना वृन्दावन पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गुलशन पुत्र सुनील निवासी मानिकपुर कलोनी थाना डबरा जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश उम्र करीब 24 वर्ष को ओमेक्स तिराह से गिरफ्तार किया गया। थाना वृन्दावन पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। इस संबंध में बुधवार को पीडिता ने थाना वृन्दावन पर तहरीर दी थी कि अभियुक्त गुलशन द्वारा शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये एवं मोबाइल पर अश्लील वीडियो बना कर व्हाट्सप पर भेजकर 50 हजार रुपये फोन पे करा लिये। पुनः वीडियो भेजकर ब्लैक मेल कर वायरल करने की धमकी देकर सोने की चूड़ियों की मांग करने लगा। धमकी देने के सम्बन्ध में थाना वृन्दावन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। मुकदमा में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# छाता पहुंचे नवागत जिला जज, अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

मथुरा, 22 मई (तरूणमित्र)। छाता पहुंचने पर सिविल कोर्ट परिसर में मथुरा जनपद के नवागत जिला जज विकास कुमार का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी पूरन सिंह एडवोकेट, सचिव बच्चू सिंह, निमेष उपाध्यक्ष, सुशील भारद्वाज एडवोकेट, संग्राम सिंह एडवोकेट एवं किशन सिंह एडवोकेट ने जिला जज एवं उनके साथ पधारे चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट का दुपट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया, उन्होंने अधिवक्ताओं की कुछ ओर से कुछ समस्याएं भी जिला जज के समक्ष रखीं। स्वागत करने वालों में चौधरी पूरन सिंह एडवोकेट, सुशील भारद्वाज एडवोकेट, बच्चू सिंह एडवोकेट, संग्राम सिंह एडवोकेट, किशन सिंह एडवोकेट, राजवीर सिंह एडवोकेट, प्रीति गुप्ता एड, वीरेंद्र सिंह आदि थे।

# दबंगई: छह लोग घायल, तीन नामजद समेत 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

- बरात में पहले डीजे को लेकर मारपीट, फिर विदाई के समय हमला
- पुलिस की मौजूदगी में हुई शादी की रस्में, फिर अलीगढ़ बार्डर तक छोड़कर आई बरात

मथुरा, 22 मई (तरूणमित्र)। गांव भूरेका में मंगलवार रात दलित युवती की शादी में डीजे को लेकर विवाद हो गया। इसमें कुछ लोगों मारपीट कर दी। रात भर पुलिस की मौजूदगी में शादी की रस्में हुईं। बुधवार सुबह पुलिस के जाते ही मारपीट करने वालों ने फिर हमला बोल दिया। इससे दुल्हन पक्ष के छह लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने विदाई की रस्मे कराकर बरात को अलीगढ़ बार्डर तक छोड़ा, फिर तीन नामजद समेत 20 से 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर-के तलाश शुरू कर दी है। नौहझील थाना क्षेत्र के गांव भूरेका निवासी दलित समाज की मुनेश देवी की बेटी कल्पना की शादी आकाश निवासी नगला पदम चंडौस अलीगढ़ के साथ तय हुई थी। मंगलवार रात बैंड व डीजे के साथ बरात चढ़ रही थी। डीजे पर पड़ोसी गांव नावली के नामजद युवक व अलीगढ़ के महारामगढ़ी गांव निवासी एक नामजद युवक डीजे पर नाचने लगे। रात साढ़े 12 बजे गांव के पंचायत घर पर बरात पहुंची। इसके चलते डीजे बंद कर दिया गया। नामजद युवकों ने डीजे बजाने को कहा, डीजे संचालक के मना करने पर युवकों ने मारपीट कर दी। परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी। सीओ मांट गुंजन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई। आरोपित मौके से फरार हो गए। शादी में रात भर पुलिस तैनात रही। बुधवार सुबह आठ बजे पुलिस के जाते ही छह बाइकों पर तीन तीन हमलावर पहुंचे और दुल्हन पक्ष पर हमला बोल दिया। हमले में सूरजमुखी, पूरन सिंह, मनीष कुमार, प्रहलाद सिंह, धीरज व सुरेश चंद घायल हो गए। स्वजन घायलों को लेकर नौहझील थाना पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आधार समिति की बैठक संपन्न

अलीगढ़, 22 मई (तरूणमित्र)। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का संचालन करते हुए सहायक प्रबंधक यूआईडीएआई विवेक मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में अलीगढ़ में आधार नामांकन और अद्यतनीकरण के लिए 17 रजिस्ट्रार या ईए कार्य कर रहे हैं। अप्रैल 2025 में नए नामांकन व अद्यतन के लिए जिले में 221 ईकाईयों के माध्यम से 12,085 नए नामांकन और 44,401 आधार अपडेट किए हैं। इसके अलावा 0-5 वर्ष आयु वर्ग के नामांकन की सुविधा के लिए 03 समर्पित रजिस्ट्रार आईपीपीबी, स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस हैं। उन्होंने बताया कि बैंक, सीएससी ई-गवर्मेंट, बीएसएनएल, स्कूल एजुकेशन एवं स्पोर्टस और पोस्ट ऑफिस के माध्यम से 0-18 आयुवर्ग के लोगों के नाम, जन्म तिथि, लिंग, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल और दस्तावेज अपडेट कराए जा सकते हैं।

# हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं का परिचय बैठक सम्पन्न, सासंद का किया स्वागत



हाथरस, 22 मई (तरूणमित्र)। हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा के वृंदावन गार्डन स्थित कैंप कार्यालय पर हिंदू जागरण मंच के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से परिचय एवं स्वागत कार्यक्रम में लोकसभा के सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि उपस्थित रहे। हिंदू जागरण मंच के प्रमुख कार्यकताओं ने सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि का फूल माला दुपट्टा आदि पहनकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए लोकसभा के सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने कहा हिंदू जागरण मंच के किसी भी कार्यकर्ता को कभी भी किसी कार्य में मेरी आवश्यकता पड़े तो मैं हर समय उपलब्ध रहूंगा, संगठन की किसी भी समस्या के निस्तारण के लिए तन मन धन से पूरा प्रयास करूंगा, स्वागत एवं सम्मान के लिए हिन्दू जागरण मंच के सभी कार्यकताओं का सांसद हाथरस ने आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद दिया। हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा ने पगड़ी पहना कर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सांसद अनूप प्रधान को सम्मानित किया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम JAKEY KUMAR मेरे आधार कार्ड सं. 704395741750 में सही अंकित है। यह कि मेरे आई.डी.वी.आई बैंक में मेरा नाम त्रुटिवश JAIKI KUMAR अंकित हो गया है। यह कि JAKEY KUMAR जैकी कुमार मेरा सही नाम है मैं इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। यह कि मेरा बैंक खाते में नाम संशोधन कर JAKEY KUMAR अंकित कर दिया जाये। जैकी कुमार पुत्र भगवानदास मो.-थानसिंह पीलीभीत

## सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम दर्शिका पुत्री सन्दीप निगम है जो कि मेरे सभी शैक्षिक अभिलेख में अंकित है मेरे आधार कार्ड सं. 256725169530 में मेरा घरेलू नाम वर्षा अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम दर्शिका पुत्री सन्दीप निगम के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतत् द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।
**दर्शिका पुत्री सन्दीप निगम**
**निवासी-47 दुपरापुर, उन्नाव-209801**

## पेज 1 का शेष...

### पोर्टेबल अस्पताल 'भीष्म'...

आश्चर्य की बात यह है कि महज 12 मिनट में इस पोर्टेबल अस्पताल को पूर्ण रूप से तैयार किया जा सकता है। भीष्म क्यूब से एक बार में 200 लोगों का इलाज संभव है। इसमें एक ऑपरेशन थियेटर, इमरजेंसी वॉर्ड, आवश्यक दवाइयाँ, स्ट्रेचर, छोटा जनरेटर, रक्त परीक्षण उपकरण, एक्स-रे मशीन, वेंटिलेटर, तथा गंभीर चोटों के इलाज के लिए उपकरण शामिल हैं। विशेष बात यह है कि इसे कई बार उपयोग में लाया जा सकता है, और ऊँचाई से गिरने के बावजूद यह खराब नहीं होता है। भीष्म क्यूब का डिजाइन वॉटरप्रूफ है, जिससे यह बारिश और बाढ़ जैसे हालात में भी बेधड़क काम कर सकता है। इसमें सौर ऊर्जा से चलने वाली व्यवस्था भी है, जिससे बिजली न होने की स्थिति में भी इसका संचालन निर्बाध रूप से किया जा सकता है। भीष्म क्यूब को आधुनिकतम तकनीक से सुसज्जित किया गया है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से इसमें मरीजों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकती है। साथ ही, इसके सॉफ्टवेयर सिस्टम को टैबलेट की सहायता से कहीं से भी संचालित किया जा सकता है। यह सुविधा न केवल डेटा विश्लेषण को आसान बनाती है, बल्कि इलाज की गुणवत्ता को भी कई गुना बढ़ा देती है। भीष्म बताता है कि भारतीय सेना अब शौर्य के साथ आपदा प्रबंधन और सैन्य चिकित्सा सहायता के क्षेत्र में भी वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रही है।

### वक्फ संशोधन कानून पर...

उसी तरह धार्मिक संस्थानों को भी अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार है। वक्फ का निर्माण ही धर्मनिरपेक्ष कार्य नहीं है, यह मुसलमानों की संपत्ति है जिसे वे ईश्वर को समर्पित कर देते हैं। 200 साल पुराने कब्रिस्तान भी छिन जाएंगे। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा है कि ये संशोधन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि वक्फ कानून में संशोधन संपत्तियों के धर्मनिरपेक्ष प्रबंधन के लिए है।

केंद्र सरकार ने हलफनामे में कहा है कि वक्फ संशोधन कानून किसी भी तरह से संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन नहीं करता है। ये संशोधन सरकार के कार्यक्षेत्र के तहत किया गया है। केंद्र सरकार ने कहा है कि जो संपत्तियां पहले से वक्फ के रुप में रजिस्टर्ड हैं उन्हें बाय यूजर के प्रावधान से कोई असर नहीं पड़ेगा। ये गलत नैरेटिव फैलाया जा रहा है कि इससे सदियों पुराने वक्फ संपत्तियों पर असर पड़ेगा।

### विकास का ऐसा मॉडल...

आज हम ड्रेनेज और औद्योगिक कचरे को सीटीपी में ले जाना चाहते हैं जबकि सामान्य ड्रेनेज के लिए सीटीपी की जरूरत नहीं है। मुझे कभी-कभी जीवों के अचानक बदले व्यवहार को देखकर आश्चर्य होता है। जंगली जानवर अचानक हिंसक नहीं होता। उसके कारणों को जानना होगा। 210 करोड़ पौधे लगाकर हमने वन दायरा बढ़ाने की पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नमामि गंगे के परिणाम कानपुर में देखिए। रामायण का पहला बलिदानी जटायु है। जटायु के लिए संरक्षण केंद्र बनाने पड़ रहे हैं। आज केमिकल की वजह से जटायु अस्तित्व को जूझ रहा है। पता नहीं किसने देसी आम और जामुन के पेड़ काटने के आदेश से दिए। ये पृथ्वी केवल मनुष्य के लिए नहीं है। हमें रहना है तो पर्यावरण, नदी, पेड़, जीव जंतुओं के बारे में सोचना होगा। इसमें सरकार, पर्यावरणविद और आम लोगों को जोड़ने से सार्थक परिणाम सामने आएंगे। पर्यावरण बोर्ड इसमें काम कर रहा है।

### नदी में तीन बहनों सहित...

और चांदनी (6) पुत्री जीतलाल और प्रियांशी (7) पुत्री पृथ्वीपाल को पानी में ढूंढ कर बाहर निकाला, लेकिन तब तक चारों की सांसें थम चुकी थीं। स्वाति, संध्या और चांदनी तीनों सगी बहनें हैं, जबकि एक चचेरी बहन है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना पाकर तमाम पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को पीड़ित परिजनों को हरसंभव सहायता दिए जाने का निर्देश दिया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार मौके पर पहुंच गए। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि मांधाता थाना क्षेत्र में बकुलाही नदी से पांच बच्चियों मिट्टी निकलने गई थी, जिसमें से चार बच्चियों की नदी में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इनमें तीन सगी बहनें वह एक चचेरी बहन है। जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

### आतंक की कीमत...

जनता की ओर से मिले मोदी-मोदी के नारों को सम्मान पूर्वक स्वीकार किया। उन्होंने कहा, मोदी का दिमाग ठंडा है, पर लहू गर्म है। मेरी नसों में लहू नहीं, गरम सिंदूर बहता है। उन्होंने आतंकवादियों को चेताते हुए कहा कि जो भारत के खून से खेलेंगे, वे मिट्टी में मिलाए जाएंगे। पहले घर में घुसकर मारा था, अब सीने पर प्रहार किया है। पाकिस्तान को आगाह करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हर आतंकी हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना और अर्थव्यवस्था चुकाएगी। उसे पाई-पाई के लिए मोहताज होना होगा। भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। इस दौरान भारत की आतंक को लेकर नई तीन सूत्री नीति का उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अब आतंकी हमले पर करारा जवाब दिया जाएगा। समय और तरीका सेना तय करेगी और शर्तें भी हमारी होंगी। परमाणु बम की गीदड़ भभकियों से भारत नहीं डरेगा। हम आतंकियों और सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे। भारत अब सिर्फ प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय करेगा। 23 अप्रैल के हमले क 22 मिनट में 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त करने की कार्रवाई इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने बीकानेर जिले में स्थित देशनोक रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में 103 पुनर्विकसित 'अमृत स्टेशनों' का उद्घाटन किया। ये स्टेशन 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित हैं और इन्हें 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने राज्य में बुनियादी ढांचे, संपर्क सुविधा, बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और पानी की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए जमकर सौगातों की बौछार कींहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के 19 रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प हुआ है। यह भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। राजस्थान के बीकानेर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के बाद लखनऊ में मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए इसे 'गति और गौरव के उत्तम समन्वय का नया प्रतीक' बताया। उन्होंने कहा कि अमृत स्टेशन नये भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आज राष्ट्र को समर्पित किए गए उत्तर प्रदेश के 19 अमृत स्टेशनों समेत देश के सभी 103 अमृत स्टेशन 'नए भारत' में विरासत के संरक्षण, विकास के संकल्प तथा 'गति एवं गौरव' के उत्तम समन्वय के नए प्रतीक हैं।

देश भर में पुनर्विकसित ये अमृत स्टेशन ऐसे 'नए भारत' की संकल्पना को साकार करते हैं, जहां सुविधाएं, तकनीक और सांस्कृतिक गौरव एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। निश्चित ही ये अमृत स्टेशन क्षेत्र के विकास, स्थानीय संस्कृति के उन्नयन, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने यात्रियों को एकीकृत आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुलभ और आत्मीय यात्रा का अनुभव देने वाले इन अमृत स्टेशनों के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार जताया है।

# किसान दिवस से किसानों का सरोकार नहीं, 11 शिकायतें मौखिक आई



मथुरा, 22 मई (तरूणमित्र)। किसान दिवस से सामान्य किसान का कोई सरोकार नहीं है। सभी किसान दिवसों में चुनिंदा चेहरा ही नजर आते हैं। कुछ नेता टाइप किसान और कुछ किसान संगठनों के नेता, अधिकारी भी खानापूर्ति कर निकल लेते हैं। किसान दिवस जैसे आयोजन की जमीनी हकीकत इसी से पता चलती है कि मई महा के किसान दिवस में मात्र 11 शिकायत आईं वह भी मौखिक, इससे इस तरह की सरकारी कवाद पर ही सवाल खडे होते हैं। जबकि मथुरा कृषि प्रधान जनपद है। यहां साल 2024 में 2.67 लाख किसानों ने केसीसी लोन लिया था। कृषि विज्ञान केन्द्र में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न ब्लॉक के किसानों एवं किसान संगठनों ने भाग लिया। किसान दिवस में लगभग 50 से 60 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण एवं लंबित शिकायतों को संबंधित विभाग को भेज दिया गया तथा गुणवत्तापूर्वक समाधान के निर्देश दिए गए। किसान दिवस में कुल 11 मौखिक शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें प्रमुख शिकायत विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन से सम्बन्धित रहीं। किसान दिवस में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के मण्डल अध्यक्ष श्री राजकुमार तौमर द्वारा भी अपने सुझाव अधिकारियों के सामने रखे गय। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा संबंधित अधिकारियों को किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के आवश्यक निर्देश दिए गए। किसान दिवस में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला कृषि अधिकारी, गन्ना पर्यवेक्षक, सहकारी निबंधक सहाकारी समितियां, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एपीओ गन्ना विभाग, प्रतिनिधि अधिशाषी अभियन्ता अपर आगरा कैनाल, अवर अभियन्ता लघु सिंचाई, अवर अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, एसडीओ निचली मांट खण्ड सिंचाई आदि उपस्थित रहे।


**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रतिष्ठित, अनुभवी, सम्पन्न एवं ई-निविदा हेतु पंजीकृत निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि/ठेकेदारों से विद्युत पारेषण मण्डल, गोरखपुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों/सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदा दो भागों में (तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग) आमंत्रित की जाती है जो निर्धारित समय (यदि अवकाश हो तो अगले कार्यदिवस में) खोला जायेगा। ई- निविदा के तकनीकी एवं वित्तीय भाग को www.etender.up.nic.in की वेबसाईट पर प्रतिभाग करने वाली फर्मों के द्वारा अपलोड किया जायेगा।

**ई-निविदा सं0-04-वि०पा०मं०(गो०)/2025-26:-** विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, गोरखपुर के अधीन 132 के0वी0 उपकेन्द्र महराजगंज पर 33 के0वी0 पोषकों के पुराने मैकेनिकल कण्ट्रोल एवं रिले पैनलों को हटाने, नये न्यूमेरिकल पैनलों की आपूर्ति, रेट्रोफिटिंग एवं अन्य संबंधित कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य-रू0 590.00 (जी०एस०टी० सहित)। धरोहर राशि-रू0 2000.00, निविदा खुलने की तिथि-25.06.2025

**ई-निविदा सं0-05-वि0पा0मं0(गो0)/2025-26:-** विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, गोरखपुर के अधीन 220 के0वी0 उपकेन्द्र गोपाला, महराजगंज पर मेसर्स आर०के०आई०, बरेली के द्वारा कराये जा रहे विद्युतिय कार्य के अपूर्ण होने की स्थिति में अवशेष कार्यों को कराने से संबंधित कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य-रू0 1180.00 (जी०एस०टी०सहित)। धरोहर राशि-रू0 9500.00, निविदा खुलने की तिथि -25.06.2025

**ई-निविदा सं0-06-वि0पा0मं0(गो०)/ 2025-26 :-** विद्युत पारेषण खण्ड देवरिया के अधीन विभिन्न 132 के0वी0 उपकेन्द्रों हेतु सी०जी०एल० निर्मित 36 के0वी0, 1600 एम्पियर वी०सी०बी० पोल की आपूर्ति। निविदा प्रपत्र मूल्य-रू0 590.00 (जी०एस०टी० सहित)। धरोहर राशि - रू0 4000.00 निविदा खुलने की तिथि-25.06.2025

केवल www.etender.up.nic.in के माध्यम से प्राप्त निविदायें ही स्वीकार की जायेंगी। निविदाओं से संबंधित विवरण / डाउनलोड / संशोधन / विस्तारीकरण निविदा को www.etender.up.nic.in की वेबसाईट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि इत्यादि से संबंधित सूचनायें निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि तक www.etender.up.nic.in की वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदा/ निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/विभाजित करने का अधिकार **अधीक्षण अभियन्ता** विद्युत पारेषण मण्डल, गोरखपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

**(डी.पी. जोशी) अधीक्षण अभियन्ता,** विद्युत पारेषण मण्डल,उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि. गोरखपुर
'राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें'
पत्रांकः-1399 /वि.पा.मं.(गो.)/टी-8 दिनांकः 22.05.2025


स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# लोहे की ग्रिल से कचरा कंट्रोल, वर्षा पूर्व तैयारियों को परखा

◆ मंडलायुक्त बोलीं, युद्धस्तर पर हो नालों की सफाई, मैनपावर-मशीनरी बढ़ायें



लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व गुरुवार को जलभराव की समस्याओं के मद्देनजर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख नालों का व्यापक निरीक्षण किया।

जिसका मुख्य उद्देश्य जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना एवं संभावित जलभराव स्थलों की पूर्व तैयारी का आंकलन करना रहा। प्रमुख रूप से गोल्फ सिटी पुलिया, दयाल पैराडाइस चौराहा, जनेश्वर मिश्र पार्क गेट नं. दो के सामने स्थित नाला, वजीरगंज नाला वार्ड गोलागंज, अब्दुल अजीज रोड चौक, अहमद हसन कोठी अकबरी गेट चौक इत्यादि का जमीनी जायजा लिया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मण्डलायुक्त को अवगत कराया कि नगर निगम क्षेत्र में नालों की सफाई कार्य प्राथमिकता के आधार पर तीव्र गति से की जा रही है। मण्डलायुक्त ने कहा कि वर्षा ऋतु से पूर्व मैनपावर और मशीनरी में बढ़ोतरी कर युद्धस्तर पर सफाई सुनिश्चित की जाए।

बड़े नालों और ड्रेनेज की संरचनात्मक स्थिति की गहन समीक्षा कराई जाये। जलभराव स्थलों की मैपिंग करते हुए ड्रेनेज मैकेनिज्म प्लान तैयार किया जाए। निर्देशित किया कि अतिरिक्त पंपों की व्यवस्था कर 24बाई7 निगरानी टीम तैनात की जाए। नालों की ड्रेनिंग क्षमता का वैज्ञानिक आंकलन कराकर योजनाबद्ध कार्य किया जाये। जिन नालों में प्लास्टिक, पॉलीथीन आदि का कचरा अधिक बहता है, वहां लोहे की ग्रिल लगाकर कचरा एकत्र करने की व्यवस्था करायी जाये। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार और नगर निगम के संबंधित जोनल अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेशनल रूटों पर चल रहे अवैध वाहन संचालन पर मंथन

लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। उप्र रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की एक अहम बैठक चारबाग बस स्टेशन पर हुई। बैठक में प्रदेश के राष्ट्रीयकृत मार्गों पर अनियंत्रित ढंग से चल रही अवैध वाहनों और परमिट की शर्तों का उल्लंघन कर यात्री-जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ करने व निगम की आय का क्षरण और सरकार के राजस्व की चोरी करने वाले वाहनों पर रोक लगाने के लिए विमर्श हुआ। इस बाबत संगठन के महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने बताया कि प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी व संभागीय परिवहन अधिकारी तथा अन्य नियंत्रक अधिकारी को नोटिस-पत्र देकर यथावश्यक्ता आंदोलन भी चलाया जाएगा। देय तिथि से महंगाई भत्ता स्वीकृत न करने पर गम्भीर असंतोष जाहिर किया गया। 2001 तक नियुक्त संविदा चालकों-परिचालकों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने, संविदा कर्मियों का आर्थिक उत्पीड़न रोकने, आउटसोर्स कर्मियों का पारिश्रमिक बढ़ाने सहित उच्च प्रबंधन के साथ हुई वार्ता पर भी चर्चा हुई।

# रेलवे स्टेशनों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की दी जानकारी




उरे लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पर्यावरण दिवस अभियान शुरू

लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान की शुरूआत हो चुकी है जोकि 22 मई से पांच जून 2025 तक मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर मनाया जायेगा। इस बारे में सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने जानकारी दी कि इसके तहत रेलवे कॉलोनियों मे स्वच्छता कार्यक्रम, जागरूकता रैलियां, वृक्षारोपण और प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

आगे कहा कि यह अभियान विशेष रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन पर केंद्रित है। अभियान की शुरूआत वाराणसी कैंट स्टेशन पर रेलवे कॉलोनी स्थित स्वास्थ्य केंद्र से हुई, जहां वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण मोहन मिश्रा ने कॉलोनीवासियों और उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले खतरों पर प्रकाश डाला। सुल्तानपुर व जौनपुर रेलवे स्टेशनों पर स्थित रेलवे कॉलोनियों में घर-घर जाकर कॉलोनी निवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में जानकारी दी गई और पैंपलेट बांटे गए।

स्वास्थ्य केंद्र सुल्तानपुर में मरीजों और रेलवे कर्मचारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में सचेत किया गया। मण्डल के अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और सफाई कर्मचारियों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ ग्रहण की। हरित क्रांति का प्रतिनिधित्व करने वाला यह दिवस सम्पूर्ण विश्व में हरित क्रांति की महत्ता, योग्यता और अनिवार्यता का सन्देश प्रदान करता है। उत्तर रेलवे का यह प्रयास न केवल रेलवे परिसर को स्वच्छ और हरित बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आम नागरिकों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का माध्यम बन रहा है।

# एमडी से मिले अनुबंधित बस मालिक, उठाये मुद्दे




लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश अनुबंधित बस ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की प्रथम बैठक प्रांतीय कार्यालय में हुई जिसमें सभी प्रांतीय पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया तथा अनुबंधित बस संचालकों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विमर्श किया गया। बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व प्रांतीय पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम, लखनऊ के प्रबंध निदेशक से भेंट कर एक पत्रक सौंपा, जिसमें अनुबंधित वाहनों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

मासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित किए जाने की मांग की गई। जिस पर एमडी ने आश्वस्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश संरक्षक नरेंद्र शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष जसपाल सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष शिवकुमार भदौरिया, प्रदेश महासचिव विनोद कुमार पांडे, महासचिव अरुण कुमार चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश मावी प्रधान जी, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह भगत व सोमनाथ गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद पांडे, संयुक्त सचिव उपेन्द्र तिवारी, संगठन महामंत्री सचिन गुप्ता व सह मीडिया प्रभारी निलेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।



मेंहदीगंज स्थित राजकुमार अकादमी में सिविल डिफेंस ने मॉक ड्रिल एवं आपदा प्रबंधन का किया प्रदर्शन। छाया: तरूणमित्र

# अवैध प्लाटिंग पर वीसी की फटकार जोनल अफसर से रिपोर्ट तलब



एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने नई योजना का निरीक्षण किया

लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरूवार प्रवर्तन जोन चार का निरीक्षण किया। इस दौरान सीतापुर रोड व आईआईएम रोड के मध्य नयी आवासीय योजना के लिए चिन्हित की गयी भूमि पर अवैध निर्माण व प्लाटिंग मिलने उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन टीम को जमकर फटकार लगायी। साथ ही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ शिथिल कार्रवाई पर जोनल अफसर से रिपोर्ट तलब की गयी है। इस दौरान उपाध्यक्ष ने विकास एवं सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने समस्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जानकारी के मुताबिक सीतापुर रोड पर नयी आवासीय योजना के लिए बीकेटी तहसील के विभिन्न गांवों की जमीन चिन्हित की गयी है। जिनमें कमलाबाद, कमलापुर, सैदापुर, पलहारी एवं कोंडारी भोली एलडीए के प्रवर्तन जोन चार में आते हैं। उपाध्यक्ष के निर्देश पर पूर्व में इन गांवों का ड्रोन सर्वे कराया गया था, जिसमें तमाम जगहों पर अवैध प्लाटिंग व निर्माण कार्य पाये गये थे। ड्रोन सर्वे में चिन्हित इन अवैध प्लाटिंग व निर्माण कार्यों को 15 दिन में अभियान चलाकर हटाने के निर्देश दिये गये थे। गुरूवार को जब उपाध्यक्ष ने सीतापुर रोड व आईआईएम रोड से सटे इन क्षेत्रों का निरीक्षण किया तो कुछ जगहों पर अवैध प्लाटिंग पर निर्माण कार्य हो रहा था। उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन चार के सहायक अभियंता अनूप श्रीवास्तव व अवर अभियंता विवेक पटेल को जमकर फटकार लगायी।

साथ ही जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय से नाराजगी जताते हुए मामले में रिपोर्ट तलब की है। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि जल्द से जल्द चिन्हित क्षेत्र में सभी अवैध प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण कराते हुए स्थल पर सूचना बोर्ड लगाये जाएं। उपाध्यक्ष ने जानकीपुरम के सेक्टर-ई में स्थित तालाब का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सौंदर्यीकरण के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने जानकीपुरम के सेक्टर-जे में स्थित खेल मैदान का निरीक्षण किया।

उक्त खेल मैदान के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए अवस्थापना निधि से बजट स्वीकृत किया गया है। उपाध्यक्ष ने अभियंत्रण जोन पांच के सहायक अभियंता गौरव सिंह को निर्देशित किया कि इस्टीमेट स्वीकृत कराकर जल्द से जल्द स्थल पर कार्य शुरू कराया जाए। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सीतापुर रोड पर कब्जा मुक्त कराई गई जमीन पर किसानों के लिए निर्मित किये गये 177 व्यावसायिक चबूतरों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने चबूतरों के पास खाली भूमि पर हॉर्टीकल्चर का कार्य कराने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने फैजुल्लागंज के दाऊद नगर में सामुदायिक सुविधा के लिए निर्मित किये जा रहे कल्याण मण्डप का निरीक्षण किया। अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य 03 माह के अंदर पूर्ण हो जाएगा। इस क्रम में उपाध्यक्ष ने सोपान इन्क्लेव का भी निरीक्षण किया। जहां उन्होंने आवासीय परिसर के पास स्थित कबाड़ मंडी के आवंटन/निबंधन से सम्बंधित पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर बच्चा घायल

लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के शहजादे पुर गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। बुधवार शाम को एक ट्रैक्टर की चपेट में आकर तीन वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चा गांव के सुनील का पुत्र दिव्यांश है। सुनील ईंट भट्ठों में ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाता है। परिजन घायल दिव्यांश को गोसाईंगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में भी बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, अभी तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## शक्ति भवन कर्मचारी अधिकारी संघ के आशीष बने महामंत्री



लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। विद्युत परिषद मुख्यालय कर्मचारी संघ के चुनाव में आशीष तिवारी को निर्विरोध महामंत्री के पद पर चुना गया है। तिवारी दूसरी बार महामंत्री चुने गये हैं। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पद का चुनाव 27 मई को होना है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर रोहित वर्मा अतिरिक्त सचिव योगेश चन्द्र, संयुक्त मंत्री सौरभ श्रीवास्तव, संगठन मंत्री अक्षय कुमार, पाकालि संगठन मंत्री उत्पादन निगम शत्रुंजय मिश्र, प्रचार मंत्री रमेश चन्द्र, कोषाध्यक्ष मोहित रंजन, सदस्य कार्यकारिणी सौरभ कुमार, समीक्षा अधिकारी (संवर्ग) अंकित यादव अपर निजी सचिव, कौशलेन्द्र कुमार तिवारी सहायक समीक्षा, अधिकारी, महेन्द्र पाल विमल कम्प्यूटर सहायक एवं गणेश कुमार वाहन चालक सहित कुल 13 पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुआ है। उप्र पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों के मुख्यालय शक्ति भवन के इस एक मात्र संगठन में पहली बार इतने पदों पर निर्विरोध चयन हुआ है। इस कर्मचारी संघ में शक्ति भवन मुख्यालय पर कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसके सदस्य है। विद्युत क्षेत्र में इस संगठन का अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है।

## लोहिया अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की मौत

लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के एमबीबीएस इंटर्न की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बुधवार रात उन्हें अचानक बेचैनी हुई। करीब 2 घंटे तक उल्टियां हुईं। सीने में तेज दर्द होने लगा। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। ईसीजी और ट्रॉप-टी जांच कराई गई। करीब तीन घंटे इलाज के बाद दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक 2018 बैच के एमबीबीएस पासआउट विवेक कुमार पांडे लोहिया संस्थान में इंटर्न के रूप में तैनात थे। बुधवार को रात में अचानक तबीयत खराब होने पर डॉक्टर को . राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया। लोहिया संस्थान के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख और मीडिया सेल के इंचार्ज प्रो.भुवन चंद तिवारी ने बताया कि रात करीब 11 बजे डिनर करने के बाद डॉक्टर विवेक की तबीयत बिगड़ी। उन्हें इमरजेंसी में लाया गया। उनकी ईसीजी और ट्रॉप आई जांच की गई। सभी जांच नॉर्मल थी। ऐसे में एक बार फिर से ट्रॉप की जांच की गई। दूसरी बार भी ट्रॉप की जांच नेगेटिव आई। कई बार ऐसा होता है कि सीवियर हार्ट अटैक होने के बावजूद जांच में रिपोर्ट नेगेटिव आती है। इस मामले में भी कुछ ऐसा ही लगता है। रात में डॉ. विवेक के इलाज के लिए संस्थान के टॉप कार्डियोलॉजिस्ट भी पहुंचे थे।

## मॉक ड्रिल एवं आपदा प्रबंधन का प्रदर्शन

लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। सिविल डिफेंस ने आपदा से बचाव के लिए गुरुवार मेंहदीगंज स्थित राजकुमार अकादमी में चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा के नेतृत्व में मॉक ड्रिल एवं आपदा प्रबंधन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में एकत्रित बच्चों ने मॉक ड्रिल एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि युद्ध के दौरान हवाई हमले से पूर्व बजने वाले सायरन और उसके उपरांत जन धन की क्षति को कम करने एवं आपदा से प्रभावित लोगों के बचाव कार्य की जानकारी आम लोगों में होनी चाहिए। युद्ध के दौरान हवाई हमले की सूचना आम नागरिक को सायरन के माध्यम से प्राप्त होते ही सावधान होने की आवश्यकता हैं। यदि सायरन की आवाज दो मिनट तक लगातार ऊंची नीची आवाज में सुनाई दे, तो ये निश्चित जान ले हवाई हमला कुछ ही क्षण में होने वाला है। ऐसे में हर व्यक्ति को शरण लेना चाहिए। यदि आप खुले मैदान में है तो आपको तुरंत ही पेट के बल लेटकर शेल्टर ले लेना चाहिए, इस दौरान कमर से ऊपर का पार्ट जमीन से ऊपर उठाकर रखना चाहिए, आंख बंद कर ले और कान को हाथों से जोर से बंद कर ले और दांतों के बीच रुमाल को रख लें। इस प्रक्रिया से बम के प्रभाव से शरीर के प्रमुख अंग दिल, आंख, कान, जीभ सुरक्षित रहते हैं। अगर आपदा से पूर्व आम नागरिकों को प्रशिक्षित कर दे तो बड़ी संख्या में होने वाली संभावित जन हानि से बचा जा सकता है।

## नगर निगम के कूलिंग पॉइंट्स चौराहों पर गर्मी में देंगे राहत

लखनऊ। शहर में लगातार बढ़ती गर्मी और हीट वेव से आमजन को राहत देने के लिए नगर निगम ने 1090 चौराहे पर एक विशेष कूलिंग पॉइंट बनाया है। इससे राहगीरों, कामकाजी लोगों और जरूरतमंदों को तेज गर्मी से कुछ राहत मिल सकेगी। गुरुवार को इस कूलिंग पॉइंट का उद्घाटन मेयर सुषमा खर्कवाल जी ने किया। मेयर ने जानकारी दी कि नगर निगम द्वारा 1090 चौराहे के अलावा शहर के अन्य प्रमुख स्थानों जैसे जीएसटी भवन, जीपीओ विधानसभा मार्ग, भार्गव पेट्रोल पंप रोड और नगर निगम मुख्यालय पर भी इसी प्रकार के कूलिंग पॉइंट्स स्थापित किए गए हैं। इन कूलिंग पॉइंट्स पर बेड, सोफा, कुर्सी, पंखा, कूलर, मटके का ठंडा पानी और खाने के लिए गुड़ जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# नेशनल रूटों पर चल रहे अवैध वाहन संचालन पर मंथन

उप्र रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में हुए अहम निर्णय



लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। उप्र रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की एक अहम बैठक चारबाग बस स्टेशन पर हुई। बैठक में प्रदेश के राष्ट्रीयकृत मार्गों पर अनियंत्रित ढंग से चल रही अवैध वाहनों और परमिट की शर्तों का उल्लंघन कर यात्री-जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ करने व निगम की आय का क्षरण और सरकार के राजस्व की चोरी करने वाले वाहनों पर रोक लगाने के लिए विमर्श हुआ। इस बाबत संगठन के महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने बताया कि प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी व संभागीय परिवहन अधिकारी तथा अन्य नियंत्रक अधिकारी को नोटिस-पत्र देकर यथावश्यक्ता आंदोलन भी चलाया जाएगा।

देय तिथि से महंगाई भत्ता स्वीकृत न करने पर गम्भीर असंतोष जाहिर किया गया। 2001 तक नियुक्त संविदा चालकों-परिचालकों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने, संविदा कर्मियों का आर्थिक उत्पीड़न रोकने, आउटसोर्स कर्मियों का पारिश्रमिक बढ़ाने सहित उच्च प्रबंधन के साथ हुई वार्ता पर भी चर्चा हुई।

बैठक में 1165 मृतक आश्रितों की नियुक्ति के संबंध में सरकार द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना की गई। बैठक गिरजा शंकर तिवारी की अध्यक्षता में देर शाम तक चली, जिसमें प्रदेश भर से आए केंद्रीय पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# सभी अस्पतालों में कराए जाएं फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल : ब्रजेश पाठक

लोकबंधु चिकित्सालय में आग लगने की घटना को लेकर जांच कमेटी ने प्रस्तुत की सिफारिशें

लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में आग लगने की घटना के बाद हुई जांच में कमेटी की ओर से कई सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि सिफारिशों का प्रदेश की सभी चिकित्सा इकाइयों में पालन कराए जाने हेतु प्रमुख सचिव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

पिछले माह 14 अप्रैल को लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में आग लग गई थी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निदेर्शानुसार महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया था।

कमेटी ने अपने जांच रिपोर्ट में उक्त चिकित्सालय समेत प्रदेश की सभी चिकित्सा इकाइयों के लिए अग्निशमन के लिए सिफारिशें प्रस्तुत की हैं। सिफारिशों के अनुसार समस्त चिकित्सालयों में फायर फाइटिंग सिस्टम मानकों के अनुरूप स्थापित किए जाएं। भवन से धुआं बाहर निकलने की पर्याप्त व्यवस्था, स्टेयर केस एवं रैम्प पर पॉजिटिव प्रेशराइजेशन और प्राकृतिक वेंटीलेशन होना चाहिए। साथ ही स्टेयर केस एवं रैम्प को चैनल गेट आदि के माध्यम से बंद न किया जाए। सुरक्षित आवागमन के लिए उन्हें अवरोध मुक्त रखा जाए। चिकित्सालय भवनों के ओपेन एरिया को फाइबर सीट, टीन शेड, ग्लास आदि से कवर न किया जाए। उक्त स्थान को प्राकृतिक वेंटीलेशन से खुला रखा जाए।

## ट्रेनी आईएएस ने नगर निगम से सीखे काम करने के गुण

लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। नगर निगम लखनऊ के मुख्यालय, स्मार्ट सिटी वार रूम, जलकल विभाग और कठौता झील का गुरुवार को निरीक्षण दो प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी तेजस कृष्णा और अक्षय दीपक ने किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को नगर निगम की कार्यप्रणाली, स्मार्ट सिटी की तकनीकी परियोजनाएं, जल आपूर्ति व्यवस्था और शहरी सेवाओं के प्रबंधन की गहन जानकारी दी गई। इस अवसर ने प्रशिक्षु अधिकारियों को शहरी शासन की जमीनी हकीकत और तकनीक आधारित विकास की दिशा में लखनऊ की प्रगति को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान किया। गुरुवार को नगर निगम लखनऊ के मुख्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों तेजस कृष्णा और अक्षय दीपक ने जाना कि किस तरह से नगर निगम में विभिन्न विभाग कार्य करते हैं।

# सोशल मीडिया टीम की मुस्तैदी से बची युवक की जिंदगी

## सिर्फ 11 मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गए उपनिरीक्षक



✔ आपातकालीन ई-मेल के माध्यम से इसकी सूचना दी गई

✔ मेटा और यूपी पुलिस की जीवन रक्षक साझेदारी

लखनऊ, 22 मई (तरूणमित्र)। सोशल मीडिया जहां एक ओर तमाम विवादों का कारण बनता है, वहीं कभी-कभी यह जीवनरक्षक भी बन जाता है। ऐसा ही एक संवेदनशील मामला सामने आया है उत्तर प्रदेश के संभल जनपद से, जहां फेसबुक पर आत्महत्या की पोस्ट डालने वाले युवक की जान मेटा कंपनी के अलर्ट और यूपी पुलिस की फुर्ती से बचा ली गई।

मामला थाना चंदौसी क्षेत्र का है, जहां लगभग 20 वर्षीय एक युवक ने फेसबुक पर आत्महत्या से जुड़ी एक भावनात्मक पोस्ट साझा की। यह पोस्ट मेटा (फेसबुक की मूल कंपनी) की निगरानी प्रणाली के रडार पर आई और मंगलवार देर रात करीब 11:47 बजे कंपनी की ओर से उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर को एक आपातकालीन ई-मेल के माध्यम से इसकी सूचना दी गई। मामले की गंभीरता को भांपते हुए मुख्यालय ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सतर्क किया।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बिना देरी किए युवक की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। अलर्ट में उपलब्ध मोबाइल नंबर के आधार पर युवक की लोकेशन ट्रेस की गई और संबंधित थाना चंदौसी को तत्काल सूचित किया गया।पुलिस की तत्परता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सिर्फ 11 मिनट के भीतर उपनिरीक्षक मौके पर पहुंच गए। परिजनों के सहयोग से युवक को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। जानकारी में सामने आया कि युवक ने नींद की गोलियों का अत्यधिक सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया था।

बाद में युवक से बातचीत में उसने बताया कि वह मजदूरी करता है और लगभग तीन वर्ष पहले उसका अपनी प्रेमिका से ब्रेकअप हो गया था, जिसके कारण वह लंबे समय से मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहा था। इसी मानसिक स्थिति में उसने यह आत्मघाती कदम उठाया था। पुलिस ने उसकी काउंसलिंग करवाई, जिसके बाद युवक ने भविष्य में ऐसा कदम न उठाने का आश्वासन दिया। युवक के परिजनों ने यूपी पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौरतलब है कि वर्ष 2022 से मेटा और उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच एक विशेष समझौते के तहत यह व्यवस्था लागू है, जिसके अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति फेसबुक या इंस्टाग्राम पर आत्महत्या से जुड़ी कोई पोस्ट करता है, तो मेटा कंपनी तुरंत पुलिस को ईमेल और फोन के माध्यम से सतर्क करती है। इस विशेष सहयोग के तहत 1 जनवरी 2023 से 15 मई 2025 के बीच ऐसे 926 मामलों में लोगों की जान बचाई जा चुकी है।

## रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा हुक्का बार

लखनऊ। चिनहट सेमरा के पास कैफे डी फायर में चल रहे हुक्का बार पर बुधवार रात पुलिस ने छापा मारा। कार्रवाई से कई ग्राहक भाग गए। वहीं, एक कर्मचारी को पकड़ा गया। पुलिस ने 5 हुक्का, चिलम, पाइप और फ्लेवर तंबाकू बरामद की है। आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि बुधवार देर रात सूचना मिली कैफे डी फायर में हुक्का बार चल रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक सुशील कुमार ने फोर्स के साथ छापेमारी कर एक कर्मचारी को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम संदीप यादव निवासी नादरगंज बताया। इंस्पेक्टर के मुताबिक कैफे अमौसी निवासी पंकज चौरसिया का है। उसने कैफे की आड़ में हुक्का बार खोल रखा था। हुक्का शुरू होते ही बढ़ गई थी आमदनी 18 से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद की बिक्री करना मना है। इस नियम की अनदेखी कैफे डी फायर में की जा रही थी। गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि आमदनी बढ़ाने के लिए कैफे में ही हुक्का बार खोल लिया था।